# चारधाम यात्रा पंजीकरण के नाम पर वसूली, चार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज



**ऋषिकेश, एजेंसी।** एक व्यक्ति तीर्थयात्रियों से पंजीकरण के बदले रुपयों की मांग कर रहा था। वीडियो के आधार पर पुलिस ने चार को हिरासत में लिया है। तीर्थयात्रियों से पंजीकरण के नाम पर वसूली के आरोप में पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एक आरोपी पंजीकरण करने वाली आउटसोर्स कंपनी का कर्मचारी व एक पूर्व कर्मचारी बताया जा रहा है।

चारधाम यात्रा प्रबंधन एवं नियंत्रण संगठन के वैयक्तिक अधिकारी अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को पुलिस को लिखित शिकायत दी। श्रीवास्तव ने बताया कि 2 जून को चारधाम यात्रा प्रबंधन कार्यालय में एक यात्री ने एक वीडियो क्लिप दी थी।

वीडियो में एक अज्ञात व्यक्ति तीर्थयात्रियों से पंजीकरण के बदले रुपयों की मांग कर रहा था। वीडियो के आधार पर पुलिस ने बुधवार को कौशिक विश्वास निवासी गुमानीवाला ऋषिकेश, अमन गुसाईं, सचिन जुगलान, मुकेश पांडे सभी निवासी बीस बीघा बापूग्राम ऋषिकेश को हिरासत में लिया है।

पूछताछ में कौशिक विश्वास ने बताया कि वह चारधाम यात्रा संगठन में आउटसोर्स कंपनी के तहत पंजीकरण कार्यालय में तैनात है। वह अपनी निजी आईडी से टूरिस्ट केयर उत्तराखंड एप के माध्यम से रजिस्ट्रेशन स्लॉट बुक करता है।

दूसरा आरोपी अमन पिछले साल पंजीकरण काउंटर पर काम कर चुका है। सचिन व मुकेश ट्रांजिट कैंप, आईएसबीटी, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर घूम-घूमकर ऐसे यात्रियों को ढूंढते हैं जो की पंजीकरण के लिए परेशान होते हैं।

ये लोग उन तीर्थयात्रियों से बात कर उनके आधार कार्ड लेकर व्हाट्सएप के माध्यम से कौशिक विश्वास को भेजते हैं। वह पहले से ही बुक किए गए यात्रा पंजीकरण स्लॉट से पंजीकरण करता है। पंजीकरण की कॉपी यात्रियों को दे देता है। प्रभारी निरीक्षक एसएस बिष्ट ने बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### 20 वर्षों से बन रही है आठ किमी सड़क

**द्वाराहाट, एजेंसी।** विकासखंड के छह से अधिक गांवों को जोड़ने के लिए 20 साल बाद भी सड़क का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। ऐसे में क्षेत्र के लोगों में खासा आक्रोश है। उन्होंने जल्द सड़क का निर्माण कार्य पूरा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। क्षेत्र के फल्द्वाड़ी के पूर्व प्रधान बिपिन चंद्र पंत, बयेला की प्रधान बबीता देवी के नेतृत्व में क्षेत्र के लोगों ने डीएम को ज्ञापन भेजा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 में बयेला-नाड़-फल्द्वाडी आठ किमी सड़क को स्वीकृति मिली। वन भूमि के पेच के चलते अगले 12 सालों तक सड़क की फाइल शासन में उलझी रही। 2015 में रिश्कन घाटी संघर्ष समिति के बैनर तले सिमलगांव में 17 दिनों तक चले आंदोलन के बाद विभागीय अधिकारियों ने एक वर्ष के भीतर सड़क निर्माण का आश्वासन दिया। 2019 में चार किमी सड़क के लिए टेंडर किए गए, इसका निर्माण एक वर्ष में पूरा हो गया। शेष चार किमी सड़क अब तक नहीं बन सकी है, इससे क्षेत्र के लोग परेशान हैं। कहा कि जल्द सड़क का निर्माण शुरू नहीं हुआ तो फिर से आंदोलन होगा। इस मौके पर बालादत जोशी, नंदी देवी, सरोज पंत, सुनीता देवी, चंदन राम, प्रकाश राम सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### बीडी पांडे अस्पताल में लिफ्ट लगाने का काम शुरू

**नैनीताल, एजेंसी।** नगर के बीडी पांडे अस्पताल में काफी समय से रुका लिफ्ट लगाने का काम शुरू हो गया है। काम पूरा होते ही अस्पताल में मरीजों को लिफ्ट की सुविधा मिलने लगेगी। बीडी पांडे अस्पताल में रोजाना 400 से 500 मरीज ओपीडी में उपचार के लिए पहुंचते हैं। कई बुजुर्ग व गर्भवती को अस्पताल की सीढ़ियां चढ़ने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस परेशानी को देखते हुए बीडी पांडे अस्पताल में 27 लाख की लागत से बीते वर्ष लिफ्ट लगाने का कार्य शुरू हुआ था। लिफ्ट स्थापित करने के लिए सिविल कार्य व बिजली का काम पूरा हो चुका था। वहीं तीन मंजिला भवन में लिफ्ट की मशीन लगाई जा चुकी है लेकिन कई महिनों से काम रुका होने के कारण लिफ्ट लगने का कार्य पूरा नहीं हो सका था। बुधवार से लिफ्ट लगाने का काम फिर से शुरू हो गया। बीडी पांडे अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया लंबे अंतराल के बाद अब टीम की ओर से अस्पताल में लिफ्ट की मशीनें लगाई जा रही हैं। उम्मीद है कि जल्द ही अस्पताल में मरीजों को लिफ्ट की सुविधा मिलने लगेगी।

### बदरीनाथ हाईवे पर हादसा, बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त, दो की दर्दनाक मौत

**गोपेश्वर, एजेंसी।** बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बोलेरो वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस चौकी इंचार्ज लंगासु अजीत कुमार ने बताया कि घटना सम्भवतः गुरुवार रात की है। देवली बगड़ के समीप पुलिया के पास बोलेरो खाई में जा गिरी, जिसमें दो लोग सवार थे और दोनों की मौके पर मौत हो गयी। सूचना के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। मृतक नरेंद्र पुत्र जयकृत, अरविंद पुत्र जयपाल दोनों ही नन्दप्रयाग मासों गांव निवासी है। बताया कि परिजनों को सूचित किया गया है। घटना में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### नैनीताल-भवाली में लगा भयंकर जाम, भीषण गर्मी में फंसे पर्यटक

**नैनीताल, एजेंसी।** नैनीताल और भीमताल-भवाली मोटर मार्ग में शुक्रवार की सुबह 11 बजे दो किमी लंबा जाम लगने से यात्रियों और सैलानियों का जाम का सामना करना पड़ा। नैनीताल और भीमताल-भवाली मोटर मार्ग में शुक्रवार की सुबह 11 बजे दो किमी लंबा जाम लगने से यात्रियों और सैलानियों का जाम का सामना करना पड़ा। फरसौली से भवाली बाजार तक पहुंचने में यात्रियों को आधे घंटे से अधिक का समय लग गया। इससे यात्री और सैलानी गर्मी में परेशान नजर आए। कैंची धाम में भी श्रद्धालुओं को जाम का सामना करना पड़ा। भवाली सीओ सुमित पांडे ने बताया कि पुलिस कर्मियों की मदद से जाम को खुलवाया जा रहा है। जिससे यात्रियों और सैलानियों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## लगातार बढ़ रही ऊर्जा जरूर, कोयले से बिजली के लिए ऊर्जा मंत्रालय ने कोयला मंत्रालय को भेजा पत्र

**देहरादून, एजेंसी।**
कोयले से बिजली उत्पादन करने के लिए केंद्र सरकार से कोयला उपलब्धता को लेकर प्रस्ताव भेजा था। ऊर्जा मंत्रालय ने इस प्रस्ताव को कोयला मंत्रालय के पास भेज दिया है ताकि उसी हिसाब से कोयले की उपलब्धता हो सके।

लगातार बढ़ रही ऊर्जा जरूरतों के बीच अब उत्तराखंड सरकार 1320 मेगावाट का पिटहेड थर्मल पावर प्लांट लगाने की तैयारी में है। इसके लिए सरकार ने केंद्र को पत्र भेजा था। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने पत्र कोयला मंत्रालय को भेज दिया है। जहां भी कोयले की खदान मिलेगी, वहीं सरकार थर्मल प्लांट लगाएगी। इससे बिजली किल्लत काफी हद तक कम हो जाएगी।

उत्तराखंड ने बिजली की मांग के सापेक्ष उत्पादन काफी कम होने के चलते कोयले से बिजली बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। इसके लिए टीएचडीसी-यूजेवीएनएल का संयुक्त उपक्रम बनाया गया। उपक्रम ने कोयले से बिजली उत्पादन करने के लिए केंद्र सरकार से कोयला उपलब्धता को लेकर प्रस्ताव भेजा था। ऊर्जा मंत्रालय ने इस प्रस्ताव को कोयला मंत्रालय के पास भेज दिया है ताकि उसी हिसाब से कोयले की उपलब्धता हो सके।

यूजेवीएनएल के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप सिंघल का कहना है कि जहां भी कोयला मिलेगा, वहीं पिटहेड थर्मल पावर प्लांट बनाया जाएगा। इससे कोयले की सप्लाई पर होने वाले खर्च से बचा जा सकेगा। उन्होंने बताया कि कोल ब्लॉक मिलने के बाद चार से पांच साल में प्लांट तैयार हो जाएगा। जिसके बाद 1320 मेगावाट बिजली उपलब्धता बढ़ जाएगी।

राज्य में जो जल विद्युत परियोजनाएं हैं, उनका उत्पादन सीजन के हिसाब से प्रभावित होता है। पहाड़ों में बर्फबारी होने के बाद नदियों में पानी का स्तर गिरने से उत्पादन घट जाता है। बरसात में नदियों में सिल्ट आने की वजह से उत्पादन घट जाता है। इसी प्रकार, सौर ऊर्जा भी केवल दिनभर में ही उपलब्ध होती है। ऐसे में थर्मल पावर का विकल्प सरकार को मजबूत लग रहा है।

## डेढ़ साल में 50त तो छह महीने में कैसे होगा पूरा बजरंग सेतु का निर्माण



**ऋषिकेश, एजेंसी।** नगर पंचायत स्वर्गाश्रम जौंक के लक्ष्मणझूला पुल के समीप बन रहा बजरंग सेतु का निर्माण कार्य कछुआ गति से चल रहा है। पुल का निर्माण कार्य अभी तक 50 प्रतिशत ही पूरा हुआ है। लोक निर्माण विभाग नरेंद्रनगर ने वर्ष 2022 में पुल का निर्माण कार्य शुरू किया था। इसे दिसंबर 2024 में पूरा हो जाना है।

132.30 मीटर स्पाइन पुल को करीब 68.86 करोड़ की लागत से तैयार किया जा रहा है। विभाग के पास इसका निर्माण पूरा करने के लिए महज छह महीने का समय शेष है। टिहरी और पौड़ी जनपद सीमा को जोड़ने वाला और करीब 92 साल पुराना लक्ष्मणझूला पुल पर सुरक्षा की दृष्टि से 13 जुलाई 2019 को आवाजाही बंद कर दी गई। झूला पुल बंद होने से स्थानीय लोगों और व्यापारियों को आवाजाही करने में परेशानी हो रही थी। तत्कालीन भाजपा सरकार ने इस स्थान पर बजरंग सेतु बनाने की घोषणा की थी। वित्तीय स्वीकृति भी मिली और 2022 में लोनिवि नरेंद्रनगर की ओर से बजरंग सेतु का निर्माण कार्य शुरू हो गया। बजरंग सेतु की दोनों ओर कांच के फुटपाथ, पुल के टावर पर केदारनाथ धाम की आकृति और पुल पर हल्के चारपहिया वाहनों की आवाजाही का प्रस्ताव है। पुल का निर्माण कार्य अभी तक 50 प्रतिशत ही हुआ है। लक्ष्मणझूला बंद होने से स्थानीय लोगों और पर्यटकों को करीब दो से चार किमी पहले रामझूला और जानकीसेतु से आवाजाही करनी पड़ रही है। वर्ष 2023 में टिहरी प्रशासन ने रामझूला पुल पर भी दोपहिया वाहनों की आवाजाही बंद कर दी। पुल पर केवल पैदल यात्री ही आवागमन कर रहे हैं। जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू होने जा रही है। कांवड़ यात्रा में उमड़ने वाली भीड़ जानकीसेतु से गुजरेगी। इससे स्थानीय लोगों और व्यापारियों की परेशानी बढ़ेगी। नगर पंचायत स्वर्गाश्रम जौंक के निवर्तमान सभासद जितेंद्र धाकड़ ने बताया कि पुल का निर्माण कार्य कछुआ गति से चल रहा है।

## मोदी सरकार में प्रदेश को भी प्रतिनिधित्व की दरकार, एक ही सवाल, किसकी चमकेगी किस्मत

**देहरादून, एजेंसी।** एनडीए सरकार में मंत्री पद हासिल करना अब उतना आसान नहीं माना जा रहा। सियासी गलियारों में एक ही सवाल है कि भट्ट, बलूनी, त्रिवेंद्र और टम्टा में किसकी किस्मत चमकेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट में हर बार की तरह उत्तराखंड को भी प्रतिनिधित्व दरकार है। पांचों लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करने के बाद भाजपा के राजनीतिक हलकों में एक ही सवाल तैर रहा है कि अजय भट्ट, अनिल बलूनी, त्रिवेंद्र सिंह रावत और अजय टम्टा में से किसकी किस्मत चमकेगी। हालांकि भाजपा अपने दम पर सरकार नहीं बनाने जा रही है, इसलिए एनडीए सरकार



में उत्तराखंड राज्य के हिस्से में मंत्री पद आना उतना सहज भी नहीं माना जा रहा है।

बहरहाल, राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं कि राज्य के किस सांसद को इस बार मोदी कैबिनेट में एंट्री मिलेगी। दरअसल, 2014 की मोदी सरकार में उत्तराखंड के अजय टम्टा राज्यमंत्री बने थे। लेकिन यह भी देखा गया कि मोदी सरकार में एक बार बदले गए मंत्री को दोबारा मौका नहीं मिला। टम्टा एक बार हटे तो फिर कैबिनेट में उनकी वापसी नहीं हो पाई।

2019 की सरकार में पुराने चेहरे टम्टा के बजाए बतौर शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक को मौका मिला। नैनीताल से सांसद अजय भट्ट को रक्षा और पर्यटन राज्यमंत्री बनने का अवसर प्राप्त हुआ। अब मोदी की तीसरी कैबिनेट में उत्तराखंड के प्रतिनिधित्व को लेकर चर्चाएं गरमा रही हैं।

राज्य से इस बार दो सांसद अजय भट्ट और अजय टम्टा हैं, जिन्हें मोदी कैबिनेट में रहने का अनुभव प्राप्त है। क्या पुरानी परंपरा से जुदा मोदी कैबिनेट में इनमें से किसी चेहरे को मौका मिलेगा टिहरी सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह का नाम मंत्री पद को लेकर कभी चर्चाओं में नहीं रहा। राजपरिवार ने कभी ऐसी दिलचस्पी जाहिर भी नहीं की। माला के बाद अनिल बलूनी और त्रिवेंद्र सिंह रावत के नाम आते हैं।

दोनों ही नेता गढ़वाल क्षेत्र से ताल्लुक रखते हैं। बलूनी भाजपा के दिग्गज अमित शाह के करीबी माने जाते हैं।

### हल्द्वानी हादसे में घायल हुए प्रयागराज के पर्यटक, डायल 112 से ले गए अस्पताल, हॉस्पिटल पर लगाया संगीन आरोप

**हल्द्वानी, एजेंसी।** नैनीताल रोड स्थित प्रतिष्ठित अस्पताल में प्रयागराज के दो पर्यटकों ने मनमानी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि दो कारों की भिडंत में उन्हें मामूली चोट आई। डायल 112 ने उन्हें सरकारी अस्पताल ले जाने के बजाय निजी अस्पताल में पहुंचा दिया। वह कार से उतरकर खुद चलकर अस्पताल में पहुंचे। डाक्टर के इंजेक्शन लगाते ही बेहोश हो गए। उन्हें तड़के होश आया। इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने दोनों के उपचार का 66 हजार रुपये का बिल थमा दिया। बुधवार देर शाम लामाचौड़ क्षेत्र में दो कारों में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई थी। इसमें कार सवार उत्तर प्रदेश के प्रयागराज निवासी पांच पर्यटक व रामपुर निवासी चार युवक-युवतियां घायल हो गए थे। पुलिस के अनुसार, प्रयागराज निवासी पांच युवक अपनी कार से लामाचौड़ के रास्ते प्रयागराज लौट रहे थे।

वहीं, रामपुर के शाहबाद निवासी दो युवक और दो युवती नैनीताल से घूमकर हल्द्वानी लौटे थे। इसी बीच वन चौकी के पास दोनों कारें भिड़ गईं। सभी को मामूली चोटें आईं। हादसे में घायल हुए प्रयागराज के पर्यटक अनुपम मिश्रा व विशेष तिवारी ने बताया कि उन्हें मामूली चोट थी।

पुलिस ने प्राथमिक उपचार के लिए नैनीताल रोड स्थित निजी अस्पताल में पहुंचाया। आरोप है कि दोनों को डाक्टर ने बेहोशी का इंजेक्शन लगा दिया। सुबह होश आया तो उन्होंने स्वयं को बेड पर पाया।

## राफ्टिंग गाइड और पर्यटकों के बीच फिर हुई मारपीट

**ऋषिकेश, एजेंसी।**
गाइड और पर्यटकों के बीच किस मामले को लेकर झगड़ा हुआ इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है। पर्यटन विभाग टिहरी और थाना मुनि की रेती पुलिस भी इस मामले की जानकारी होने से मना कर रही है। ब्रह्मपुरी राफ्टिंग प्वाइंट पर राफ्टिंग गाइड और पर्यटकों के बीच हुई मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में राफ्टिंग के दौरान गाइड पर्यटकों की पैडल से जमकर धुनाई करते हुए दिखाई दे रहे हैं। गाइड और पर्यटकों के बीच किस मामले को लेकर झगड़ा हुआ इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है। पर्यटन विभाग टिहरी और थाना मुनि की रेती पुलिस भी इस मामले की जानकारी होने से मना कर रही है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि कुछ पर्यटक ब्रह्मपुरी राफ्टिंग प्वाइंट पर जैसे ही राफ्टिंग की तैयारी कर रहे थे, उनमें अचानक भगदड़ मच जाती है। इस दौरान कई गाइड एक साथ मिलकर कुछ पर्यटकों को पैडल से मारते हुए दिखाई दे रहे हैं। जान बचाने की फेर में पर्यटक भी



इधर-उधर भागते हुए नजर आ रहे हैं। फिलहाल थाना मुनि की रेती में किसी भी पक्ष की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है।

थाना मुनि की रेती प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह ने बताया कि इस संदर्भ में उनके किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं आई है। साहसिक पर्यटन खेल अधिकारी खुशाल सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। यदि ऐसा है तो इसकी जांच की जाएगी। दोषी राफ्टिंग गाइड के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## कुमाऊं की पहाड़ियों में फिर सुनाई देगी हेली सेवा की गूंज

**नैनीताल, एजेंसी।**
उत्तराखंड की पर्वतीय फिजां में हेलीकॉप्टर की शांत पड़ी गूंज शुक्रवार से पुन: सुनाई दे सकेगी। सीमांत धारचूला, पिथौरागढ़ और चंपावत को जोड़ने वाली हेली सेवा आज से फिर शुरू हो रही है।

हल्द्वानी से पिथौरागढ़, धारचूला और चंपावत के लिए केन्द्र सरकार की ओर से कुछ समय पहले हेली सेवा शुरू की गई थी। हेरिटेज सर्विस का छह सीटर हेलीकॉप्टर तीनों शहरों के लिए प्रतिदिन दो चक्कर लगाता रहा है। सीमांत वासियों को भी इस सेवा से काफी लाभ हो रहा था, लेकिन पिछले महीने रख-रखाव के नाम पर कंपनी ने इस सेवा को यकायक स्थगित कर दिया। हेरिटेस सर्विस के प्रबंधक मनीष भंडारी के अनुसार, स्थगित हेली सेवा को 07 जून से पुन: शुरू की जा रही है।

प्रबंधक ने बताया कि पिथौरागढ़, धारचूला और चंपावत के लिए 20 जून तक सप्ताह में तीन दिन (शुक्रवार, शनिवार और रविवार) यह सेवा संचालित होगी। इसके बाद



अगले दिन 21 जून से इस सेवा को सातों दिन नियमित कर दिया जाएगा। इस खबर के बाद दूर पहाड़ों के मायूस रहबासी लोगों में खुशी की लहर है।

## शिक्षक भर्ती, सभी जिलों में एक ही दिन होगी काउंसलिंग, भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश

**देहरादून, एजेंसी।**
शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को शिक्षक भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। कहा कि शिक्षक भर्ती के लिए एक अभ्यर्थी दो जगह से आवेदन न कर सके इसके लिए प्रदेश के सभी जिलों में एक ही दिन काउंसलिंग कराई जाए।

प्रदेश में प्राथमिक विद्यालयों के सहायक अध्यापकों की तीन हजार से अधिक पदों पर होने वाली भर्ती के लिए सभी जिलों में एक ही दिन काउंसलिंग होगी। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अपने यमुना कालोनी स्थित आवास पर हुई बैठक में अधिकारियों को जल्द भर्ती



प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए।

शिक्षा मंत्री ने कहा, शिक्षक भर्ती के लिए एक अभ्यर्थी दो जगह से आवेदन न कर सके इसके लिए प्रदेश के सभी जिलों में एक ही दिन काउंसलिंग कराई जाए। भर्ती के लिए अभ्यर्थियों से जल्द आवेदन मांगे जाए। मंत्री ने सहायक अध्यापक एलटी के लिए होने वाली भर्ती की भी जानकारी ली।

# अगले तीन माह बरसात में घटेगा बिजली उत्पादन

**देहरादून, एजेंसी।**
इस बार मई माह में बिजली मांग रिकॉर्ड छह करोड़ यूनिट से भी ऊपर गई है, इसलिए मानसून सीजन में भी इसके बढ़ने की संभावना है। ऐसे में बिजली का संकट भी पैदा हो सकता है।

प्रदेश में आगामी तीन माह में जहां बरसात की वजह से बिजली उत्पादन घट जाएगा, वहीं यूपीसीएल को हरियाणा की 170 मेगावाट बिजली लौटानी है। ऐसे में संकट की स्थिति पैदा हो सकती है। हालांकि यूपीसीएल ने इससे निपटने का पहले से पूरा इंतजाम का दावा किया है।

दरअसल, यूपीसीएल ने पावर बैंकिंग के तहत हरियाणा से पिछले साल 20 से 31 दिसंबर के बीच 40 मेगावाट, एक जनवरी से 31 जनवरी तक 90 मेगावाट, एक फरवरी से 29 फरवरी तक 40 मेगावाट बिजली उधार ली थी। अब जुलाई से सितंबर के बीच यूपीसीएल को यह उधार हरियाणा को लौटाना है, जिस पर उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग ने मंजूरी भी दे दी है।

यूपीसीएल को इस बिजली को जुलाई, अगस्त और सितंबर माह में लौटाना है। नियामक आयोग में यूपीसीएल ने इस आधार पर याचिका दायर की थी कि बिजली की मांग घटने के मद्देनजर इन महीनों में किल्लत न के बराबर होती है। लिहाजा, आयोग ने अनुमति भी दे दी है। पिछले वर्षों में राज्य का बिजली उत्पादन इन तीन माह में देखें तो स्थायी नहीं होता।

किसी दिन दो करोड़ यूनिट तो किसी दिन नदियों में बाढ़ या सिल्ट की वजह से 80 से 90 लाख यूनिट ही बिजली उत्पादन होता है। इन तीन माह में बिजली की औसत मांग पहले 4.5 से 5.2 करोड़ यूनिट के आसपास रही है, लेकिन इस बार चूंकि मई माह में मांग रिकॉर्ड छह करोड़ यूनिट से भी ऊपर गई है, इसलिए मानसून सीजन में भी इसके बढ़ने की संभावना है। ऐसे में बिजली का संकट भी पैदा हो



सकता है।

हालांकि यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक अनिल कुमार का कहना है कि इन दिनों में वैसे तो मांग गिर जाती है और उपलब्धता भी काफी ठीक रहती है। फिर भी सुरक्षा के तौर पर यूपीसीएल ने तीनों माह के लिए अतिरिक्त बिजली का इंतजाम कर लिया है। आपको बता दें कि पावर बैंकिंग के तहत कोई भी राज्य किसी को उधार बिजली लेकर बाद में 105 प्रतिशत लौटा देता है।

यूपीसीएल को दो दिन से मौसम बदलने की वजह से बिजली की मांग में राहत मिल गई है। बृहस्पतिवार को बिजली की मांग 5.4 करोड़ यूनिट आंकी गई, जिसके सापेक्ष 4.6 करोड़ यूनिट बिजली उपलब्ध है। बाकी बाजार से खरीदी जा रही है।

# कृषि विभाग में सभी रिक्त पदों पर शीघ्र की जायेगी बहाली : मंगल

## कृषि मंत्री ने विभागीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

- मंत्री का निर्देश- रिक्त पदों के संबंध में 15 जून तक उपलब्ध कराएं जानकारी



पटना, प्रात: किरण संवाददाता

कृषि मंत्री मंगल पाण्डे ने कहा है कि कृषि विभाग के अन्तर्गत सभी स्तरों के रिक्त पदों पर शीघ्र बहाली की जायेगी। मंत्री ने शुक्रवार को कृषि भवन में विभागीय उच्चाधिकारियों के साथ एक बैठक की। बैठक में मंत्री ने रिक्त पदों पर बहाली की प्रक्रिया आरम्भ करने का निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। विभाग में स्वीकृत पदों के एवज में रिक्त पदों के संबंध में जानकारी 15 जून तक उपलब्ध कराने का भी निदेश दिया। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग में नियमित रिक्त पदों के साथ-साथ संविदा आधारित रिक्त पदों के बारे में जानकारी दी जाये। कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य में खरीफ मौसम की शुरूआत हो गई है। खरीफ मौसम में बिहार में किसानों द्वारा मुख्य रूप से धान, मक्का, अरहर, मोटे अनाज आदि की खेती की जाती है। उत्तर बिहार में जहाँ किसान रोहिणी नक्षत्र (25 मई) से ही धान का बीज गिराना शुरू कर देते हैं, वहीं दक्षिण बिहार में धान का बीज प्रायः आर्द्रा नक्षत्र (22 जून) से गिराया जाता है। उन्होंने कहा कि धान के विभिन्न प्रभेदों के बीज का किसानों के बीच अनुदानित दर पर वितरण का कार्य किया जा रहा है।

**76272.52 क्विंटल धान बीज का किया जाएगा वितरण**

इस खरीफ मौसम में 76272.52 क्विंटल धान के बीज का वितरण किया जाना है, जिसके विरूद्ध अब तक 10901.29 क्विंटल धान के बीज का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने बीज वितरण कार्य में तेजी लाने का निदेश अधिकारियों को दिया। मंत्री ने कहा कि किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बड़े-बड़े कृषि यंत्रों के साथ-साथ छोटे-छोटे कृषि यंत्रों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। सभी प्रकार के कृषि यंत्रों के लिए जिलावार लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्रों के लिए किसानों से अभी तक 75 हजार ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 45 हजार आवेदन का सत्यापन किया जा चुका है। 20 जून के बाद आवेदक किसानों के बीच कृषि यंत्रों का वितरण लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा।

**1 लाख 45 हजार मिट्टी जाँच नमूना प्रयोगशाला में प्राप्त हो चुका है :**

**किसानों के खाते में 22353 करोड़ रुपए डाले गए :**

श्री पाण्डे ने बताया कि अक्षांश-देशान्तर के आधार पर प्रति एकड़ एक मिट्टी जांच नमूना लिया जाता है। अभी तक 1 लाख 45 हजार मिट्टी जाँच नमूना प्रयोगशाला में प्राप्त हो चुका है, जिसमें से 43 हजार से अधिक नमूने की जांच की जा चुकी है। मिट्टी जाँच नमूने की जाँच का कार्य प्रगति पर है।

मंत्री ने कहा कि बिहार में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 80.60 लाख किसानों को उनके खाते में प्रत्येक वर्ष 2-2 हजार रुपए तीन किस्तों में अंतरित किया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018-19 से 2023-24 तक किसानों के खाते में 22353 करोड़ रुपए अंतरित किये गये हैं। उनके द्वारा बिहार राज्य बीज निगम एवं मार्केटिंग बोर्ड के कार्यों की भी समीक्षा की गई एवं आवश्यक निदेश दिये गये। इस बैठक में कृषि निदेशक मुकेश कुमार लाल, प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य बीज निगम आशुतोष कुमार वर्मा, निदेशक उद्यान अभिषेक कुमार, अपर सचिव शैलेन्द्र कुमार, संयुक्त सचिव द्वय मदन कुमार एवं मनोज कुमार, उप निदेशक (प्रशासन) मुकेश कुमार अग्रवाल, विशेष कार्य पदाधिकारी सुनील कुमार, अपर निदेश (शष्य) धनंजयपति त्रिपाठी, निदेशक, बसोका सनत कुमार जयपुरियार, निदेशक, भूमि संरक्षण सुदामा महतो, संयुक्त निदेशक (रसायन), मिट्टी जाँच प्रयोगशाला विनय कुमार पाण्डेय सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# मंदिरी नाले का निर्माण कार्य शीघ्र करें पूरा, आवागमन में होगी सुविधा

- नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री ने नाले का किया निरीक्षण



पटना, प्रात: किरण संवाददाता

नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री नितिन नवीन ने मंदिरी नाले का निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया है। मंत्री नितिन नवीन ने शुक्रवार को मंदिरी नाला, सैदपुर नाला एवं बादशाही नाला का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री ने कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड के पदाधिकारियों को निर्माण का कार्य तीव्र गति से कराने एवं दोनों पालियों में कराने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि मन्दिरी नाला के ऊपर सड़क के निर्माण हो जाने से इस इलाके में रह रहे लोगों को आवागमन में सुविधा होगी साथ ही इनका जीवन स्तर भी बढ़ेगा। मानसून के बाद युद्ध स्तर पर कार्य को शुरू करें। मंत्री नितिन नवीन ने निर्माण कंपनी के अधिकारियों को निर्देश दिया कि मानसून में नाले को बंद करके कार्य करना संभव नहीं है। सितंबर में फिर से कार्य शुरू होगा कार्य बंद के दौरान सभी तैयारी कर लें एवं मानसून के बाद युद्ध स्तर पर कार्य को शुरू करें। निरीक्षण के दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री आनंद किशोर ने कहा कि माननीय मंत्री द्वारा दिये गये दिशा निर्देश का अनुपालन किया जाएगा एवं मन्दिरी नाले के निर्माण का कार्य जल्द पूरा किया जायेगा। विदित हो कि पटना स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत नाले को पाट कर सड़क बन रही है। मन्दिरी नाला पर 1289 मीटर सड़क का निर्माण होना है जिसमे से 600 मीटर का काम हो चुका है। मंदिरी नाले पर सड़क बनने से आयकर गोलंबर से बांसघाट इलाका जुड़ जायेगा जिससे अशोक राजपथ जाने के लिए नया वैकल्पिक मार्ग मिल जाएगा। गांधी मैदान जाने के लिए आमजनों को सुविधा होगी। मन्दिरी नाले के निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव आनंद किशोर , नगर आयुक्त सह प्रबंध निदेशक पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड अनिमेष कुमार पराशर , बडको के प्रबंध निदेशक योगेश कुमार सागर एवं विभाग के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

# पूरे देश में सर्वाधिक आरक्षण देने वाला राज्य बन चुका है बिहार : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के बीतते ही आरक्षण को खतरे में बताने वाले तमाम परिवारवादी दल चुप्पी साध कर बैठ गये हैं। यह वही लोग हैं जिन्होंने अपने राज में किसी को आरक्षण नहीं दिया, लेकिन हर चुनाव में यह आरक्षण के नाम पर छाती पीटते नजर आते हैं। हकीकत में यह भी जानते हैं कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में आरक्षण को जितनी मजबूती मिली है वह पहले कभी नहीं मिली थी। उन्हीं के कारण आज बिहार पूरे देश में सर्वाधिक आरक्षण देने वाला राज्य बन चुका है। आज राज्य में दलित,पिछड़े-अतिपिछड़े के साथ सामान्य वर्ग के गरीबों समेत सभी वर्गों को आरक्षण का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वास्तव में श्रद्धेय कपूर्री ठाकुर पहले राजनेता थे जिन्होंने पिछड़ा-अतिपिछड़ा समाज के आरक्षण की नींव रखी थी। नीतीश कुमार ने उनके आरक्षण को बढ़ाकर उसी नींव पर के बुलंद इमारत खड़ी कर दी है। कपूर्री जी से पहले केवल दलित समाज को आरक्षण की सुविधा प्राप्त थी। पिछड़े-अतिपिछड़ी जातियों को कोई पूछता तक नहीं था। कपूर्री जी ने पहले नेता थे जिन्होंने पिछड़े-अतिपिछड़े समाज की सुध ली और उन्हें क्रमशः 8 व 12 प्रतिशत का आरक्षण दिया। इसके कई दशक बाद नीतीश कुमार पहले राजनेता हुए जिन्होंने गरीबों के तेज विकास के लिए पहल करते हुए पिछड़े-अतिपिछड़े समाज के आरक्षण को बढ़ाकर क्रमशः 12 व 18 प्रतिशत कर दिया। उन्होंने कहा कि अब जातिगत गणना करवा कर नीतीश सरकार ने इसे और बढ़ाते हुए पिछड़ा समाज के आरक्षण को 18 व अतिपिछड़ा समाज के आरक्षण को 25 प्रतिशत कर दिया है। इसी तरह दलितों को मिल रहे 15 प्रतिशत आरक्षण को भी बढ़ाकर पहले 16 प्रतिशत किया गया और अब जातिगत गणना के बाद इसे 20 प्रतिशत करने का निर्णय ले लिया गया। नीतीश सरकार के कारण ही आज बिहार में आरक्षण की सीमा 75 प्रतिशत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि आरक्षण बढने से गरीबों-पिछड़ों का सशक्तिकरण और तेज हुआ है। उनकी जागरूकता बढ़ी है। यही वजह है कि अब वह परिवारवादियों के झांसे में नहीं आते हैं। इसी कारण आरक्षण पर सीना ठोक कर झूठ बोलने के बावजूद इस चुनाव में राजद-कांग्रेस मिलकर भी दहाई की संख्या पार नहीं पाए।

# पीएम मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुना जाना गौरव का क्षण : विजय

- नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बढ़ा है भारत का मान और सम्मान
- विकसित भारत 2047 का सपना होगा साकार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने एनडीए संसदीय दल का सर्वमान्य नेता चुने जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है। श्री सिन्हा ने कहा कि माँ भारती और 140 करोड़ देशवासियों की सेवा का एकबार फिर संकल्प लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का मान और सम्मान बढ़ाया है। पिछले 10 वर्षों में देश की सेवा कर उन्होंने भारत को जिस ऊँचाई पर पहुँचाया है उससे देश के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। पहले की सरकारों में पॉलिसी पैरालाईसिस और साहसी निर्णय का अभाव लोगों को खल रहा था। आर्थिक, सांस्कृतिक और विदेश नीतियों में आमूल चूल परिवर्तन कर उन्होंने भारत की दिशा और दशा बदल दी। योग की अंतराष्ट्रीय पहचान दिलाकर उन्होंने भारत को विश्व की पाँचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बना दिया। अब देश की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए वे संकल्पित हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि एनडीए गठबंधन मौलिक और स्वभाविक है। इसमें शामिल दल एवं नेता, भाजपा की पहले की सरकारों का भी हिस्सा रहे हैं। विपक्षी दल कितना भी मंसूबा पाल ले, उनका धराशायी होना तय है। आज देश के 22 राज्यों में एनडीए एवं भाजपा की सरकार जनता की सेवा कर रही है।और जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। श्री सिन्हा ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनाने का मोदी जी का संकल्प और सपना अगले पाँच वर्षों में साकार होता दिखाई पड़ेगा। दुनियां के अधिकांश देशों के नेताओं ने मोदी जी को बधाई और शुभकामनाएँ दी है। भारतीयों को अब विदेशों में आदर और सम्मान मिलता है। अंतराष्ट्रीय फलक पर पंच के रुप में भी भारत का डंका बजने लगा है। श्री सिन्हा ने कहा कि नीतीश, चंद्रबाबु नायडू सहित एनडीए के सभी दलों के नेता ने जिस गर्मजोशी से मोदी जी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुना है वो सराहनीय है। गरीब कल्याण योजनाओं के द्वारा भारत के 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से उपर उठाना असाधारण कार्य है। देश में डिजिटल क्रांति, परिवहन के लिए आधारभूत संरचनाओं का निर्माण, आयुष्मान भारत के रुप में चिकित्सा सुविधा, किसानों को सम्मान, युवाओं को रोजगार और महिलाओं की समृद्धि हेतु योजनाओं से पिछड़े, आदिवासी, युवा, महिला एवं किसानों की समृद्धि अब दिखाई पर रही है।

# लोकसभा चुनाव में बिहार विधानसभा चुनाव का स्पष्ट संदेश : गगन

- बोलें- बिहार को तेजस्वी पर भरोसा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा है कि बिहार की जनता ने लोकसभा चुनाव के माध्यम से अगले वर्ष होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव का स्पष्ट संदेश दे दिया है। बिहार के लोगों ने एनडीए को नकार कर तेजस्वी यादव पर अपना भरोसा जताया है। लोकसभा के इस चुनाव में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा उठाए गए मुद्दों को व्यापक जनसमर्थन मिला है। तेजस्वी जी का पुरा चुनाव अभियान जहां नौकरी, बेरोजगारी, महंगाई, पढ़ाई, कमाई, दवाई, सिंचाई, सुनवाई और कार्रवाई जैसे जन सरोकार से जुड़े मुद्दों पर केंद्रित रहा वहीं प्रतिद्वंद्वी नेताओं का बयान मन्दिर, मटन, मंगलसूत्र, मछली और भैंस होते हुए मुजरा के इर्द-गिर्द सिमटने के साथ हीं विपक्षी नेताओं के उपर व्यक्तिगत हमले पर हीं केन्द्रित रहा। प्रधानमंत्री मोदी जी एक ओर जहां तेजस्वी जी को जेल भेजने की धमकी देते रहे वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी हर चुनावी भाषणों में बच्चे गिनाते रहे। राजद प्रवक्ता ने कहा कि तेजस्वी जी के सकारात्मक राजनीति का हीं परिणाम है कि इंडिया गठबंधन बिहार में एनडीए से नौ सीटों को न केवल छीनने में कामयाब रहा बल्कि अन्य लोकसभा क्षेत्रों में भी पिछले लोकसभा चुनाव के वनिस्पत जीत-हार का मार्जिन को काफी कम करने में कामयाब रहा। एनडीए को प्राप्त मतों और मत प्रतिशत काफी कम हो गए जबकि राजद एवं इंडिया गठबंधन के दलों को प्राप्त मतों में बड़ी वृद्धि के साथ हीं मत प्रतिशत में काफी बढ़ोतरी हुई। पिछले लोकसभा चुनाव में राजद को मात्र 15.68 प्रतिशत मत मिले थे जो 7.5 प्रतिशत वृद्धि के साथ 22.14 प्रतिशत हो गया। वहीं भाजपा को पिछले लोकसभा चुनाव में जहां 24.05 प्रतिशत मिला था वह घटकर 20.05 प्रतिशत हो गया यानी चार प्रतिशत वोट कम हो गए। इसी प्रकार जदयू को पिछले लोकसभा चुनाव में जहां 22.20 प्रतिशत वोट मिले थे जो इस बार कम होकर 18.52 रह गया है।

इस चुनाव ने केंद्रीय राजनीति में तेजस्वी यादव की भूमिका को भी काफी विस्तारित कर दिया है। इस जीत में सबसे बड़ी भूमिका तेजस्वी यादव की रही है। पूरे प्रदेश में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में राजद और महागठबंधन का आधार वोट काफी बढ़ा है, सामाजिक आधार भी काफी विस्तारित हुआ है और सभी वर्गों और समुदायों के बीच विश्वास पैदा हुआ है। इसका लाभ निश्चित रूप से विधान सभा चुनाव में महागठबंधन को मिलेगा। लोकसभा चुनाव के माध्यम से बिहार की जनता ने यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि बिहार में तेजस्वी जी के समानांतर अभी कोई नहीं है। और तेजस्वी हीं बिहार का भविष्य हैं।

# सरकार के शह पर एनटीए ने की नीट रिजल्ट में धांधली : राठौड़

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जब पूरा देश लोकसभा चुनाव परिणाम में उलझा था वहां एनटीए के द्वारा मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के रिजल्ट को आनन फानन में समय से पहले जारी करने में व्यस्त था और रिजल्ट के जाती होते ही उसमें कई विसंगतियां दिखने लगी जो बड़े पैमाने पर सरकार के शह पर की गई धांधली नजर आती है। ये बातें बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने नीट परीक्षा परिणाम पर कही। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा के पेपर लीक हो चुके थे फिर भी आनन फानन में ग्रेस नंबर और अन्य प्रावधान देकर परिणाम को समय से पहले जारी किया गया। यह अपने आप में हास्यास्पद और बड़ी संगठित विसंगति है। बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि देश में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट को लेकर देशभर में प्रतिभागी विद्यार्थियों में भारी असंतोष है। ये सरकार किसी भी परीक्षा को बिना पेपर लिख हुए नहीं करा पाती है और छात्रों के भविष्य के साथ खुलेआम खिलवाड़ करती है। एक ही सेंटर से 8 बच्चों के 720 अंक आने और नंबर में विसंगति से यह स्पष्ट होता है कि सरकार संपोषित संगठित गिरोह के द्वारा ये धांधली की गई है। कांग्रेस पार्टी इस मामले पर जांच समिति के गठन की मांग करती है और इसकी निष्पक्ष जांच कराकर इसके पीछे छिपे तमाम आपराधिक लोगों को जेल में डालने की मांग करती है। इस परीक्षा में प्रतियोगी छात्रों में पहले से ही अच्छे प्रदर्शन का भारी दबाव रहता है लेकिन फिर भी सरकार के स्तर पर नाहक प्रतिभागियों को और परेशान किया जा रहा है। रिजल्ट में क्रम के साथ प्राप्तांक में भी भारी विसंगति है इसकी अविलंब जांच करने की आवश्यकता है। जिससे छात्रों का भविष्य अंधकारमय होने से बचाया जा सकें।

# संसदीय दल का नेता चुने जाने पर पीएम को मंगल पांडेय ने दी बधाई

- कहा-विपक्ष के लाख दावे के बावजूद एनडीए ने दिखाई ताकत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

सूबे के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संसदीय दल का नेता चुने जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। साथ श्री पांडेय ने एनडीए के घटक दलों का अपना समर्थन देने के लिए आभार जताया है। श्री पांडेय ने कहा कि विपक्ष के लाख दावे के बावजूद एक बार फिर एनडीए गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। देश की जनता ने अपना आशीर्वाद देकर बहुमत के जादुई आंकड़ा पार करा यह बता दिया है कि अभी भी उन्हें सिर्फ और सिर्फ एनडीए भर भरोसा है। यही कारण है कि देश की देवमयी जनता के प्यार और आशीर्वाद से प्रधानमंत्री लगातार तीसरी बार देश की सत्ता का बागडोर संभालने वाले हैं। श्री पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विकसित और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में और आगे बढ़ेगा। देश के सभी क्षेत्रों तेजी से विकास होगा एवं सबको सम्मान मिलेगा। देश नई उचांइयों को छुएगा और पूर्व की तरह दुनिया में भारत की डंका बजेगा। प्रधानमंत्री ने अपने दो कार्यकाल में साहसिक निर्णय लेते हुए जो भी ऐतिहासिक कार्य करने का काम किया है वह देश के विकास में मील का पत्थर साबित हो रहा है। आजादी के बाद ऐसे-ऐसे जटिल काम को, जिसे किसी भी सरकार ने पूरा करने का काम नहीं किया, उसे पूरा कर प्रधानमंत्री ने देश में कीतीर्मान स्थापित करने का काम किया है। ऐसे जो भी काम बच गए हैं तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री अपने एनडीए की सहयोगियों के साथ मिल कर उसे पूरा करेंगे और देश के लोगों की आशा और आंकक्षा को पूरा करने का काम करेंगे। पीएम के नेतृत्व में देश दुनिया में अवश्य विश्वगुरू बनेगा और 2027 तक तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर होगा।

# नीट में हुई धांधली की सीबीआई जांच हो : अरुण



पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में हुई धांधली की सीबीआई जांच की मांग करते हुए कहा कि देश के लाखों अभ्यर्थियों के भविष्य का सवाल है। इस मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में प्रश्न-पत्र लीक से लेकर परीक्षा परिणाम तक में बड़े पैमाने पर धांधली की बात सामने आ रही है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के अभ्यर्थियों द्वारा लगातार धांधली से जुड़े कई तरह के सवाल खड़े किया जा रहा हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि इस बार मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में 67 परीक्षार्थियों ने टॉप रैंक हासिल किया है और इनमें से छह अभ्यर्थी एक ही परीक्षा केंद्र से हैं। टॉप रैंक हासिल करने वाले 67 अभ्यर्थी को 720 अंक में से 720 अंक मिला है। सभी को एक समान अंक मिलना कई सवाल पैदा करता है। इससे साफ स्पष्ट होता है कि धांधली के बिना इस तरह का परिणाम आ ही नही सकता है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि जांच के उपरांत कई तथ्य और सामने आएंगे। सत्ता संरक्षित शिक्षा माफियाओं के द्वारा लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। धांधली उपरांत परीक्षा परिणाम से लाखों अभ्यर्थियों के सपनों की हत्या हुई है। परीक्षा परिणाम से आहत कई अभ्यर्थियों ने आत्महत्या तक कर ली है। इसलिए पूरे मामले की निष्पक्षता के साथ सीबीआई जांच हो और दोषियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई हो।

# विशेष राज्य का दर्जा की बात क्यों नहीं कर रहे एनडीए नेता : एजाज



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि एनडीए संसदीय दल की बैठक में नरेंद्र मोदी एवं नीतीश कुमार के द्वारा सत्ता में आने की हड़बड़ी से ही स्पष्ट हो जाता है कि इन लोगों को ना तो बिहार के हितों से मतलब है और ना ही नरेंद्र मोदी को देश के हितों से मतलब है। एनडीए के नाम पर किसी भी तरह से सत्ता में अपने आप को बनाए रखने के लिए मोदी जी जिस तरह की राजनीतिक जुगाड़ में लगे हुए हैं वह स्पष्ट रूप से दिख रहा है। जबकि देश की जनता ने जनादेश नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ दिया है और यह संदेश दिया है कि देश के लोगों का उस नेतृत्व पर विश्वास नहीं है ,जो 10 वर्षों के कार्यकाल में किसी के लिए कोई कार्य नहीं किया है। जबकि 2014 में एक मोदी ने वादा किया था कि हरेक के खाते में 15 लाख रुपए देंगे और हर साल नौजवानों को 2 करोड़ नौकरी और रोजगार देने की बात थी। लेकिन सिर्फ जुमला बाजी की गई और कहीं ना कहीं नरेंद्र मोदी विपक्षी दलों को अपने राजनीतिक हित साधने के लिए झूठ और भ्रम का सहारा लेते हैं। एजाज ने आगे कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा या पैकेज, बिहार के तर्ज पर 75 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था तथा देश स्तर पर जातिगत जनगणना और और विवादित मुद्दों से दूर रहने का नरेंद्र मोदी के शपथ से पहले यह वादा लेने की नीतीश कुमार से मांग की थी,लेकिन वह इन मुद्दों पर एक शब्द भी नहीं कह रहे हैं। आज हीअपने लोगों को कैबिनेट में भेजने के हड़बड़ी में सारे मुद्दे को भूल गए हैं। जबकि यह मुद्दे पूरी तरह से राज्य तथा देश के हित में है ।

# पूर्व सांसद आनंद मोहन ने नई सरकार से की दो बड़ी मांग



पटना। दिल्ली में एक ओर जहां एनडीए सरकार बनाने की कवायद चल रही है, वहीं दूसरी ओर दबाव की रणनीति भी बनाई जा रही है। इस बीच, पूर्व सांसद और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी आनंद मोहन ने बिहार के हिस्से रेल मंत्रालय देने की मांग की है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि बिहार को रेल मंत्रालय की मांग उचित है। यह मंत्रालय कई बार बिहार के हिस्से रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी रेल मंत्री रह चुके हैं और स्वर्गीय दिग्विजय सिंह सहित कई नेता रेल मंत्री का दायित्व निभा चुके हैं। उनके समय से जो काम अधूरे रहे हैं वो अगर पूरे करने हैं तो बिहार को रेल मंत्रालय चाहिए। पूर्व सांसद आनंद मोहन की पत्नी लवली आनंद ने शिवहर संसदीय सीट से जदयू उम्मीदवार के तौर पर जीत दर्ज की है। जदयू के वरिष्ठ नेता के. सी. त्यागी के बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग के विषय में पूछे जाने पर आनंद मोहन ने कहा कि वे अनुभवी नेता हैं और अगर उन्होंने कहा है तो ठीक ही कहा होगा। आनंद मोहन ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले 16 सालों में बिहार को जंगल-राज से बाहर निकाला और विकासशील बिहार बनाया। अगर हम इसे विकसित बनाना चाहते हैं, तो ह्वविशेषह्ल राज्य की मांग पूरी होनी चाहिए। पूर्व सांसद ने कहा कि अयोध्या में चुनाव के दौरान क्या हुआ, मुझे नहीं मालूम लेकिन, अयोध्या की तर्ज पर सीतामढ़ी में जानकी माता की जन्मस्थली पर भव्य मंदिर बनना चाहिए। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव में एनडीए को सरकार बनाने के लिए जनादेश मिला है। हालांकि इस बार भाजपा के पास अकेले बहुमत नहीं है। इस कारण नई सरकार बनाने में घटक दलों की भूमिका बढ़ गई है।

# लोजपा रामबिलास संसदीय दल के नेता चुने गए चिराग



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख व हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद चिराग पासवान को उनकी पार्टी ने संसदीय दल का नेता चुन चिया है। शुक्रवार सुबह दिल्ली में लोजपा (रामविलास) के नेताओं के बीच बैठक हुई। इसके बाद सर्वसम्मति से चिराग पासवान को संसदीय दल का नेता चुन लिया गया। लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय प्रधान सचिव अब्दुल खालिक ने लेटर जारी कर यह जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि बैठक में चिराग पासवान, वीणा देवी, शांभवी चौधरी, अरुण भारती और राजेश वर्मा उपस्थित थे। सभी ने चिराग को दल का नेता चुन लिया। बता दें कि दिल्ली में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक में शामिल होने के बाद चिराग पासवान ने कहा था कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की वजह से ही एनडीए को प्रचंड बहुमत मिली है। एनडीए के घटक दलों ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को स्वीकारा है। चिराग ने यह भी कहा कि किसी को कोई ऑफर नहीं मिल रहा है। एनडीए एकजुट है। अब वे दिन दूर नहीं जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए का हर एक घटक दल मजबूती से सरकार बनाएगा। शपथ लेने की तैयारी है। इस बार चुनाव परिणाम आया तो चिराग पासवान और उनकी पार्टी ने फिर से सबको चौंका दिया। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) इस बार हाजीपुर, वैशाली, समस्तीपुर, खगड़िया और जमुई लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रही थी। पांचों सीटों पर इनके प्रत्याशी भारी मतों से जीत हासिल की। सौ प्रतिशत स्ट्राइक रेट लाकर चिराग ने सबसे चौंका दिया। चर्चा है कि मोदी के करीबी चिराग पासवान को केंद्रीय मंत्रिमंडल में बड़ी जिम्मेवारी मिल सकती है।

# 26 जून को प्रतिरोध मार्च का होगा अयोजन : किसान मोर्चा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना के श्रीकृष्ण नगर स्थित शाकुन्तलम में, संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार की राज्यस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक का एजेंडा बक्सर जिला के चौसा प्रखंड में किसानों पर हुए पुलिसिया दमन और जबरन भूमि अधिग्रहण के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा की कार्रवाई पर विमर्श था। बैठक की अध्यक्षता विजय कुमार चौधरी ने की। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। बताया गया कि 20 मार्च 2024 को एक क्रूर दमन की कार्रवाई में पुलिस और प्रशासन ने बक्सर जिला के चौसा प्रखंड में संध्या पांच बजे घरों में घुस कर महिलाओं, बच्चों, और बुजुर्गों सहित अन्य किसानों के साथ बेरहमी से मार पीट की। छोटे छोटे बच्चे से लेकर अस्सी वर्ष के महिला बुजुर्ग तक के हाथ पांव तोड़ डाले। घरों को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर भारी लूट पाट को अंजाम दिया गया। इस क्रूर और भीषण कार्रवाई में कई लोग गंभीर रूप से जख़्मी हुए। निर्दोष बच्चों और बुजुर्गों को भी बुरी तरह पीटा गया है। संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार की एक 7-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने हालात का जायजा लेने के लिए 5 अप्रैल 2024 को चौसा का दौरा किया। पूरे क्षेत्र में भय और आतंक का माहौल है। पुलिस की निरंतर छापेमारी जारी है। कई परिवार पलायन कर चुके है। वहीं, किसानों को उनकी जायज मांगों और संवैधानिक अधिकारों से वंचित करने के लिए राज शक्ति का प्रयोग किया गया है।

किसानों के खिलाफ हिंसक दमन के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा 26 जून को दमन-विरोधी दिवस के रुप में मनाएगा। इस दिन पटना के गांधी मैदान से मुख्यमंत्री आवास तक एक प्रतिरोध मार्च का आयोजन किया जाएगा, और मुख्यमंत्री से मिलकर किसानों की मांग रखी जाएगी। बैठक में अखिल भारतीय किसान महासभा से उमेश सिंह, राजेन्द्र पटेल, कृपानारायण सिंह, बिहार राज्य किसान सभा (जमाल रोड) से विनोद कुमार और सोना लाल प्रसाद, अखिल भारतीय खेत मजदूर किसान सभा से नन्द किशोर सिंह, अखिल भारतीय किसान खेत मजदूर संगठन से इंद्रदेव राय, अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा से रामबृक्ष राम, रंजीत कुमार, और रामचंद्र सिंह, क्रांतिकारी किसान यूनियन से बिन्देश्वरी सिंह और मनोज कुमार, जय किसान आंदोलन से ऋषि आनंद, जन आंदोलनों का राष्ट्रीय समन्वय से उदयन राय, ऑल इंडिया किसान फेडरेशन से विजय कुमार चौधरी और प्रमोद कुमार, बिहार किसान समिति से बलदेव झा और पुकार, सहित बिहार के प्रमुख किसान नेता उपस्थित रहे।

## साल भर से ज्यादा नहीं चलेगी केन्द्र की सरकार : पप्पू

पटना। पूर्णिया से नवनिर्वाचित सांसद पप्पू यादव ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की बधाई देते हुए कहा कि देश की जनता ने नरेंद्र मोदी को बहुमत नहीं दिया है। यह इसलिए क्योंकि उनके नाम पर चुनाव लड़ा गया। उनके नाम पर 65 से 70 सीट कम आए। 400 पर की बात तो छोड़िए बहुमत भी नहीं मिला। वह अपनी सरकार भी नहीं बना पाए। वहीं पप्पू यादव ने कहा कि मुझे लगता है कि यह सरकार साल भर से ज्यादा नहीं चल पाएगी। नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू गांधी विचारधारा के लोग हैं। वही उन्होंने कहा कि 2024 के नवंबर में विधानसभा का चुनाव होने जा रहा है। क्योंकि उनको लग रहा है कि लोकसभा में जो सीट मिली है। अगर विधानसभा का चुनाव 2024 में होगा तो परिणाम उनके अनुरूप आएगा। वहीं उन्होंने चंद्रबाबू नायडू के संदर्भ में कहा कि जब उनको लगेगा कि साउथ में मोदी का असर गलत हो रहा है। तो नायडू भी भागेंगे।

पूर्व मध्य रेल

खुली ई–निविदा सूचना

1. कार्य का नाम एवं स्थान : छपरा, कचेरी, कटिहार उन्नयन के साथ बड़े स्पैन तार और स्टील एंटीक्रीप तार को कैडमियम कॉपर से बदलना। 2. कार्य का अनुमानित मुल्य (रू.): रू 91,87,257.00, 3. जमानत राशि (रू.): रू 1,83,800.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.): रू 0/–, 4. ई–निविदा प्रपत्र जमा करने एवं खुलने की तिथि: ई–निविदा प्रपत्र जमा करने की निर्धारित तिथि एवं समय: दिनांक 28.06.2024 को 12:00 बजे तक, ई–निविदा प्रपत्र खुलने का निर्धारित समय: दिनांक 28.06.2024 को 12:00 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि.) कार्यालय, पूर्व मध्य रेल/सोनपुर में खोले जायेगें। 5. वेबसाईट एवं नोटिस बोर्ड का लोकेशन जहॉ से ई–निविदा संबंधित पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है: वेवसाईट: http://www.ireps.gov.in
नोटिस बोर्ड: मंडल रेल प्रबंधक / सोनपुर के कैम्पस भवन, पूर्व मध्य रेल/सोनपुर

वरिय मंडल विद्युत इंजीनियर/ (क.वि)
पूर्व मध्य रेल/सोनपुर

पीआर/00434/एसईई/ईटीआरडी/टी/24–25/28

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम ने किया विभिन्न निर्वाचन कोषांगों को भंग

मुजफ्फरपुर। जलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में लोक सभा आम निर्वाचन कार्य हेतु जिला, अनुमंडल, एवं प्रखण्ड स्तर पर गठित विभिन्न कोषांगों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। इसके लिए जिलाधिकारी ने सभी कोषांगों में या अन्यत्र प्रतिनियुक्त सभी कर्मियों को विरमित करते हुए आदेश दिया है कि वे दिनांक 6 जून के अपराह्न से अपने पदस्थापन के कार्यालय में योगदान समर्पित करना सुनिश्चित करें।

### विदेशी शराब बरामद

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर पंचायत के डुमरिया गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 207 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है। वहीं एक इंडिका कार को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस को देखते ही सभी कारोबारी भागने में सफल रहा। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष नीतीश चन्द्र धारिया ने बताया कि बरामद गाड़ी के कागजात पर प्राथमिक की दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### अपहृता को पुलिस ने दो साल बाद किया बरामद

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से 2 वर्ष पहले गायब हुई एक नाबालिक लड़की को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। बता दें की 2 वर्ष पूर्व 7 मई 2022 को कोचिंग पढ़ने गई एक नाबालिक लड़की को कतिपय लोगों ने गलत नीयत से अपहरण कर लिया। जिस संबंध में अपहृता के पिता ने स्थानीय थाना में सात लोगों को नामजद करते हुए अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराया था। मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने 2 वर्ष बाद अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया है।

### सीएचसी में सात आयुष चिकित्सक ले रहे हैं प्रशिक्षण

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विभूतिपुर में सात आयुष चिकित्सक 24 मार्च से प्रशिक्षण ले रहे हैं। जिसमें डॉ शीतक, डॉ आशीष कुमार, डॉ रूपम, डॉ राजेश कुमार, डॉ अमरनाथ शर्मा, डॉ साजिद और डॉ जावेद शामिल है।

### प्रखंड कार्यालय परिसर से मोटरसाइकिल चोरी

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के रोटगन्ना निवासी सुदीन यादव के पुत्र असेसर यादव ने मोटरसाइकिल चोरी को लेकर थाना में एक आवेदन दिया है। जिसमें बताया कि वह प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित कदम के पेड़ के नीचे मोटरसाइकिल लगाकर आरटीपीएस काउंटर पर आधार पंजीयन कराने गया। किसी भी अज्ञात चोरों ने मोटरसाइकिल चोरी कर ली।

### थाना भवन निर्माण को लेकर जमीन का सीमांकन भूमि का किया निरीक्षण

मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंड के औंसी थाना भवन के निर्माण की पहल शुरू होने से थाना क्षेत्र के लोगो सहित थाना के पुलिस महकमे में काफी खुशी देखी जारही है। थाना भवन के निर्माण हेतु जमीन का सीमांकन एवं भवन निर्माण को लेकर अंचलाधिकारी बिस्फी नीलेश कुमार के साथ थानाध्यक्ष विकास कुमार एवं कनीय अभियंता तथा संवेदक के द्वारा भूमि का निरीक्षण किया गया है। मौके पर सीओ ने बताया कि औंसी डीह टोल में थाना के भवन निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध कराई गई है। बहुत जल्द ही भवन निर्माण शुरू हो जाएगी। बताते चले कि औंसी थाना के पास अपना भवन नही है और वर्तमान में एक जर्जर भवन में थाना चल रहा है। जिससे पुलिस को खासकर वर्षात के दिनों काफी कठिनाई का सामना सेगुजरना पड़ता हैं।

### अज्ञात शव की हुई पहचान, ट्रेन से कटकर हुई थी मौत

विभूतिपुर, ट्रेन से कटकर हुई अज्ञात वृद्धि की शव का पहचान विभूतिपुर थाना क्षेत्र के केराई वार्ड 07 निवासी स्वर्गीय बतहु मल्लिक के पुत्र उपेंद्र मल्लिक 64 वर्ष के रूप में हुई है। इस संबंध में मृतक की पत्नी शांति देवी ने स्थानीय थाना में ओडी केस दर्ज कराते हुए बताई की मेरे पति 1 जून को सुबह घर से अपने पुत्री के यहां जाने के लिए निकले। 3 जून को पता चला कि एक अज्ञात शव सदर अस्पताल में पड़ा है। जिसकी मौत ट्रेन दुर्घटना में हो गई है। मैं अपने पुत्री और दामाद के साथ वहां जाकर देखा तो शव कि पहचान अपने पति उपेंद्र मल्लिक के रूप में किया।

# एईएस, समन्वय समिति की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में गुरुवार को ए.ई.एस. जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक में आई.सी.डी.एस., जीविका, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित जागरूकता कार्यक्रम तथा स्वास्थ्य केन्द्रों में इलाज संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिया गया। आई.सी.डी.एस. के सी.डी.पी.ओ. एवं महिला पर्यवेक्षिका द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया के तहत ए.ई.एस. संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई तथा 80 प्रतिशत से कम प्रदर्शन करने वाले 11 महिला पर्यवेक्षिका से स्पष्टीकरण करते हुए जून माह का वेतन बंद करने का निर्देश दिया गया है। बरूराज सी.डी.पी.ओ. के बैठक से अनुपस्थित रहने तथा उनके प्रखण्ड में ए.ई.एस. संबंधी कार्य की प्रगति असंतोषजनक रहने के कारण उनका जून माह का वेतन बंद किया गया है। जिलाधिकारी ने डी.पी.ओ., आई.सी.डी.एस. को निर्देश दिया कि प्रत्येक प्रखण्ड अन्तर्गत दो न्यून प्रदर्शन करने वाले महिला पर्यवेक्षिका के कार्यों की समीक्षा करें तथा प्रगति लाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी सी.डी.पी.ओ. को दो सप्ताह का समय देते हुए ए.ई.एस. संबंधी कार्यों में सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने तीन इन्डीकेटर के तहत महिला पर्यवेक्षिका एवं सी.डी.पी.ओ. के कार्यों की समीक्षा की। इसके लिए 16 मार्च से 30 मई तक के 55 कार्य दिवस के ए.ई.एस. संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए महिला पर्यवेक्षिका एवं सी.डी.पी.ओ. को 14 दिन के भीतर कार्य में सुधार एवं प्रगति लाने का निर्देश दिया। इसके लिए डी.पी.ओ. आई.सी.डी.एस. को स्थलीय भ्रमण कर न्यून प्रदर्शन वाले महिला पर्यवेक्षिका के कार्यों की समीक्षा कर प्रगति लाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग के डी.पी.ओ. को 10 जून से विद्यालयों के प्रार्थना सभा में विशेष अभियान चलाकर ए.ई.एस. संबंधी परिचर्चा करने, बातचीत करने का निर्देश दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी को इस संबंध में प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया कि कितने विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान ए.ई.एस. की परिचर्चा सम्पन्न हुई तथा कितने बच्चों ने भाग लिया। जीविका के जिला कार्यक्रम प्रबंधक को जीविका दीदीयों के माध्यम से ए.ई.एस. संबंधी जागरूकता को गति प्रदान करने तथा विविध गतिविधियां संचालित करने का निर्देश दिया। सभी प्रखण्डों में प्रखण्ड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक करने तथा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को ए.ई.एस. की जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों को नेतृत्व प्रदान करते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने सीविल सर्जन को ए.ई.एस. पर आधारित साप्ताहिक बैठक कराने तथा उस बैठक मे विभागवार प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। अगली बैठक में सभी सी.डी.पी.ओ. को पुनः उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने स्वयं शनिवार को पंचायत का भ्रमण करने तथा ए.ई.एस. की जागरूकता अभियान में शामिल होने का आश्वासन दिया।

# उत्तर बिहार में 13-15 जून तक मानसून के आगमन की सम्भावना

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 8से 12जून तक के लिए मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान जारी किया है। पूर्वानुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। इस बीच 12--24घंटों तक मौसम शुष्क रहने की सम्भावना है।कहीं -कहीं हीट वेब की स्थिति भी बन सकती है।मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यू क्रमशः 34.0 एवं 24.6 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 85 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में हवा की औसत गति 7.1 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 5.7 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह दोपहर में 36.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा। मानसून के आगमन की सम्भावना के कारण 12जून के बाद बर्षा की सम्भावना में वृद्धि होगी। इसबार 13-15जून के बीच मानसून के आगमन की सम्भावना है इस अवधि में अधिकतम तापमान 34-39 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। जबकि न्यूनतम तापमान सेल्सियस के आस-पास रह सकता है।सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 80 से 85 प्रतिशत तथा दोपहर में 40 से 45 प्रतिशत रहने की संभावना है। पूर्वानुमानित अवधि में औसतन 20 से 25 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से पुरवा हवा चलने का अनुमान है। किसानों को सलाह दी गई है कि मध्यम अवधि के धान के किस्मो को बीजस्थली में गिराने का काम करे। इसके लिए संतोष, सीता, सरोज, राजश्री, राजेन्द्र कस्तुरी, राजेन्द्र भगवती, कामिनी, सुगंधा किस्में अनुशंसित है। जिन किसान भाइयों के पास सिंचाई की सुविधा प्रयाप्त हो तथा लम्बी अवधि वाले धान लगाना चाहते है वे राजश्री, राजेन कशोरी, स्वर्णा, स्वर्णा सब-1 वी०पी०टी०-5204 एवं सत्यम आदि किस्में 10 जून तक बीजस्थली में गिराने का प्रयास क नरोप करना हो उसके दशांश हिस्सों में बीज गिरायें।

# हत्या कांड का उद्भेदन, पुलिस मुठभेड़ में दो अपराधी घायल



प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। राहगीरों से लूट के दौरान चाकू मारकर हत्या करने वाले गिरोह के दो अपराधी पुलिस के साथ मुठभेड़ में घायल हो गये।. दोनों को पैर में गोली लगी है। एक अपराधी भागने में सफल रहा।बताया जा रहा है कि पुलिस दोनों अपराधी को गिरफ्तार कर अहियापुर थाना ले जा रही थी। इसी बीच शौंच जाने के बहाने खाड़ी से उतर कर अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जिसके बाद पुलिस द्वारा आत्कामरक्षार्थ गोली चलाई गई जिसमे दोनो अपराधियों को पैर में गोली लगी है। घटना अहियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत फोरलेन सड़क पर चंदन बखरी और मेडिकल ओभर ब्रिज के बीच की बताई जा रही है.।दोनों अपराधियों की पहचान अहियापुर थाना क्षेत्र के मुरादपुर दुल्हा निवासी पंकज कुमार एवं बोचहा के माहपुर निवासी विकास कुमार के रूप में हुई है। तीसरा अपराधी सूरज कुमार फरार हो गया।. घटना के बाद दोनों को इलाज के लिए पुलिस अभिरक्षा में एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया है.।घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी राकेश कुमार मौके पर पहुंचे और पुलिस पदाधिकारियों से घटना के बारे में जानकारी ली। एसएसपी राकेश कुमार ने बताया कि काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के पावर हाउस चौक स्थित सर्किट हाउस रोड में आर्मी कैंटीन के पास बीते 1जून को जूनियर इंजीनियर मो. हारिस और 3जून को अहियापुर में हेडमास्टर गोपाल कुंवर कु लूट-पाट के दौरान चाकू से गोद कर हत्मेंया कर दी गई थी। इस हत्या कांड में ये अपराधी शामिल थे। उन दोनों घटनाओं में पुलिस को कई समानताएं मिली थी। दोनों घटनाओं को सुबह में अंजाम दिया गया था। इसके बाद कांड के उद्भेदन हेतु नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई ।मोबाइल लोकेशन से पुलिस को आशंका थी कि अहियापुर इलाके के अपराधियों ने ही दोनों घटनाओं को अंजाम दिया है। इस बीच पुलिस को चंदन बखरी के पास फोरलेन पर कुछ अपराधियों को देखें जाने की सूचना मिली। इस सूचना पर पुलिस,पूरी तरह चौकस हो गई और अपराधियों को पकडने के लिए जाल बिछाया। पूछताछ के दौरान अपराधियों ने दोनों हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीऊ कर ली है।

# विधायक शाहीन ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय प्रशासन को अपेक्षित पहल करने का दिया निर्देश



समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर प्रखंड के पुनास पंचायत के अंतर्गत जगतपुर स्थित बूढ़ी गंडक नदी में गुरुवार की दोपहर में कपूरीग्राम थाना क्षेत्र के छोटी जगतसिंहपुर के रानी टोल वार्ड नंबर 3 निवासी सर्वेश कुमार राय के पुत्र आशकंद राज (11 वर्ष), हरपुर सिंघिया वार्ड 8 के टुनटुन राम के पुत्र शिवम कुमार (15 वर्ष) एवं उमेश राम के पुत्र विक्की कुमार (13 वर्ष) की नदी में डूबने से मौत हो गयी। जानकरी मिलने पर स्थानीय विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय प्रशासन से बात कर अपेक्षित पहल करने का निर्देश दिया। प्रशासन के पहल पर करीब पांच घंटे के उपरांत गोताखोर ने नदी से तीनों बच्चों के शव को निकाला। विधायक ने कहा कि घटना बेहद दुखद है। इस दुखद घटना से वे बेहद मर्माहत हैं। दुख की इस घड़ी में वे पीड़ित परिजनों के साथ खड़े हैं तथा यथासंभव सहयोग व सरकारी मुआवजा हेतु अपेक्षित पहल किया जाएगा। मौके पर जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, मुखिया उपेन्द्र सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, पूर्व मुखिया शम्भू पासवान, युवा राजद नेता सैयद फैसल आलम मन्नू, राजद नेता राकेश कुमार सिंह, अरुण कुशवाहा, जित्तू कुशवाहा, राजा कुमार आदि मौजूद थे।

# घर से कट्टा और दो कारतूस बरामद, एक गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

लालगंज। अपराध पर लगाम लगाने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार प्रयासरत है। हर दिन छोटे बड़े मामले में पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार कर रही है। वही ताजा मामला लालगंज सदर अनुमंडल 2 क्षेत्र के करताहां थाना का है। जहां करताहां पुलिस अनुसंधान और छापेमारी करने के लिए थाना क्षेत्र के धनुषी गांव में पहुंची। वहां एक अभियुक्त मृत्युंजय सिंह के पुत्र पीयूष कुमार उर्फ राहुल कुमार के घर पर धावा बोला। इस दौरान अभियुक्त के पिता मृत्युंजय सिंह ने पुलिस को घर में घुसने से मना कर दिया। इस दौरान अभियुक्त को घर के पिछले दरवाजे से भगा दिए जाने का आरोप भी उनपर लगाया गया है। जिसके संबंध में वैशाली पुलिस के सोशल साइट पर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सूचना दी गई है। बताया गया है कि छापेमारी के दौरान मृत्युंजय सिंह के घर से एक कट्टा और दो कारतूस भी बरामद किया गया है। छापेमारी के दौरान मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने मृत्युंजय सिंह पर घर में अवैध हथियार रखने, पुलिस के कार्य में बाधा डालने तथा आरोपित को भागने का आरोप लगाया है। इस अपराध में पुलिस ने मृत्युंजय सिंह को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस पूरी कार्यवाई के दौरान लालगंज सदर एसडीपीओ 2 गोपाल मंडल और इंस्पेक्टर समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौके पर मौजूद थे। आपको बता दें कि वैशाली पुलिस कप्तान के निर्देश पर क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और बदमाशों की गिरफ्तारी की जा रही है।

# विधायक ने नीट में सफल छात्र मिहिर राज को किया सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता



सिंहवाड़ा(दरभंगा)।विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने माधोपुर निवासी मिहिर राज को नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट के ऑल इंडिया रैंक में 690 अंक प्राप्त कर इलाके को गौरवान्वित करने पर शुक्रवार को छात्र के गांव पहुंचकर पाग चादर व पुष्प से सम्मानित किया।कहा मेघावी मिहिर राज के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ एक कुशल चिकित्सक बनकर गांव समाज की सेवा करने का आशिर्वाद देता हुं।इस आशा व विश्वास के साथ की छात्र ने कठिन परिश्रम कर अपने दादा पूर्व प्रधानाध्यापक घुरन मिश्र व माता शिक्षिका सर्व मंगला कुमारी व पिता अधिवक्ता संजय कुमार मिश्र, चाचा समन्वयक मुरारी मोहन मिश्र का सम्मान बढ़ाया है। इस बीच शुभकामना वालों का तांता लगा रहा। छात्र मिहिर मिहिर ने बताया कि मुझे शिक्षा का संस्कार अपने अधिवक्ता पिता, शिक्षिका मां व चाचा से बाल्यकाल से मिलता रहा है।माता सरस्वती की असीम कृपा से शैक्षणिक गतिविधि अपने घर में प्रारंभिक काल से होने के कारण यह सफलता मिली है।छात्र ने कहा मंजिल की ऊंची उडान तय करने के लिए निश्चित लक्ष्य निर्धारित होना चाहिए। शहरी चमक धमक को त्याग कर गांव में भी तैयारी किये जाने से सफलता उसके कदम चुमेगी। नियमित साधना करना सर्वोपरि है।आगे मै कुशल डाक्टर बन कर समाज व गांव की सेवा करूंगा।मेरी इच्छा है कि पटना एम्स में नामांकन करारकर चिकित्सक सेवा प्रदान कर सकूं।मौके पर पंचायत समिति सदस्य कन्हैया मिश्र, डा.मगनू मिश्र, विवेक कुमार मिश्र, गौतम मिश्र, शिशिर राज,ने प्रसन्नता कर सफल होने पर शूभकामाए दी।इधर मुखिया प्रतिनिधि माले नेता राम बाबू साह,उप मुखिया संतोष पंडित ने सफल छात्र मिहिर को सम्मानित कर स्वागत किया है।

# नदी में नहाने के दौरान डूबने से तीन बच्चों की मौत, गांव में मचा हाहाकार

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



कपूरीग्राम थाना क्षेत्र के जगतसिंहपुर में गुरुवार की दोपहर बूढ़ी गंडक नदी में नहाने के दौरान तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में हाहाकार मच गया। घटना की जानकारी स्थानीय जिला प्रशासन को दी गई। इसके बाद एसडीआरएफ टीम की मदद से नदी में नहाने के द्वारा लापता हुए बच्चों के शव को देर शाम निकाला गया। मृत बच्चों की पहचान कपूरीग्राम थाना क्षेत्र के छोटी जगतसिंहपुर के रानी टोल वार्ड नंबर 3 निवासी सर्वेश कुमार राय के पुत्र आशकंद राज (11 वर्ष), हरपुर सिंघिया वार्ड 8 के टुनटुन राम के पुत्र शिवम कुमार (15 वर्ष) एवं उमेश राम के पुत्र विक्की कुमार (13 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस के द्वारा शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। घटना के संबंध में बताया गया कि करीब आठ-नौ बच्चे घर में बिना बताए नदी में नहाने चले गए थे। इसी दौरान गहरे पानी में चले जाने के कारण पांच बच्चे डूबने लगे। वहीं बच्चों को डूबता हुआ देख किनारे पर खड़े ग्रामीणों ने शोर मचाना शुरू कर दिया और किसी तरह दो बच्चों को डूबने से बचा लिया। हालांकि इस दौरान तीन बच्चे नदी में डूबने के बाद लापता हो गए। इसके बाद वहां पर सैकड़ों लोगों की भी उमड़ पड़ी और सभी नदी में लापता हुए बच्चों को तलाश करने में जुट गए। वहीं घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन व पुलिस को दी गई। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम ने एक विक्की राम के शव बरामद कर लिया, लेकिन कई घंटे तक दो बच्चों का कुछ भी पता नहीं चल रहा था। कड़ी मशक्कत से चार घंटे के बाद लापता दोनों बच्चों के शव को बरामद कर लिया गया। वहीं इस संबंध में कपूरीग्राम थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि पूरी गंडक नदी में नहाने के दौरान 3 बच्चे नदी में डूब गए थे। एसडीआरएफ की टीम के मदद से नदी में डूबे बच्चों के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आवेदन मिलने के बाद मामला दर्ज किया जाएगा, वैसे पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# महुआ थाने में आवदेन देते हुए अपने पुत्र के अपहरण की जताई आशंका

प्रात: किरण संवाददाता

महुआ आधार कार्ड से पैसा निकालने की बात कह कर अपने घर से निकला 16 वर्षीय छात्रा घर नहीं लौटने पर पीड़ीत के पिता ने महुआ थाने में एक लिखित आवेदन देते हुए इस मामले में उचित कारवाई की गुहार लगाते हुए अपने पुत्र के सकुशल वापसी के लिए उचित कारवाई कीए जानें की मांग की है।16 वर्षीयसुंदर के अचानक गायब हो जानें से घर वालों में कोहराम मचा हुआ है।24 घंटे बीतने के बाद भी छात्र का पता नहीं चल पाया है।मिली जानकारी के अनुसार यह घटना वैशाली जिले के महुआ थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव की है जहां पर 16 वर्षीय छात्र अति सुंदर कुमार आधार कार्ड से पैसा निकालने की बात कह कर के घर से निकला था। लेकिन अपने वह घर नहीं लौटा जिसके बाद से घर वालों में कोहराम मचा हुआ है।घटना के 24 घंटे बीतने के बाद भी छात्र का कुछ भी पता अब तक नहीं चल सका है। इसके बाद पीड़ित परिजनों ने महुआ थाना को लिखित आवेदन देकर के बच्चे के बरामदगी की गुहार लगाई है।छात्र के पिता राम प्रवेश शाह ने महुआ थाना को लिखित आवेदन में बताया कि उनका बेटा गुरुवार को 11 बजे दिन में आधार कार्ड से पैसा निकालने की बात कह कर के पहाड़पुर स्थित पोस्ट ऑफिस जाने के लिए निकला था लेकिन जब 3 बजे तक वह घर नहीं लौटा तो उसके बाद परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। काफी खोजबीन करने के बाद भी जब बच्चा बरामद नहीं हुआ तो महुआ थाना में परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए आवेदन दिया है।

# गांव जाने पर घर में रखा तीन लाख रुपए से अधिक मूल्य के स्वर्ण आभूषणों की चोरी, महिला रिश्तेदार पर शक

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत धरमपुर मुसापुर मोहल्ले में एक घर से तीन लाख रुपए से अधिक मूल्य के स्वर्ण आभूषण व नगद रुपए चोरी कर लिए जाने का मामला सामने आया है। इसको लेकर धरमपुर मुसापुर निवासी ब्रजेश मिश्रा की पत्नी नेहा मिश्रा ने मुफ्फसिल थाने में आवेदन देकर अपनी एक महिला रिश्तेदार के ऊपर चोरी का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि धरमपुर मुसापुर स्थित अपने घर में अपनी बेटी और एक महिला रिश्तेदार को छोड़कर वह कुछ दिनों के लिए अपने गांव गई थी। वहां से वापस आने के कुछ दिन के बाद जब एक बर्थडे पार्टी में जाने के लिए उन्होंने अपना अलमीरा खोलने गई तो उसे खुला हुआ पाया और उसमें रखा हुआ ढाई भर वजन का एक सोने का चेन, दो सोने झुमके, दो सोने की अंगूठी, सोने का मंगलसूत्र व सोने की कान की बाली एवं चार हजार रुपए नगद गायब पाया। इसके बाद उन्होंने काफी खोजबीन किया लेकिन चोरी हुआ उनका सामान नहीं मिला। उन्होंने अपनी उस महिला रिश्तेदार के ऊपर चोरी का शक व्यक्त किया है। वहीं इस संबंध में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद ने बताया कि आवेदन के आधार पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी हुई है।

# सड़क पर ई-रिक्शा-ऑटो खड़ा करने वालों से वसूला जुमार्ना

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने व शहर को जाम की समस्या से निजात दिलाने को लेकर सदर एसडीओ दिलीप कुमार के निर्देश पर शहर में यत्र-तत्र ऑटो और ई-रिक्शा खड़ा कर रखने के विरुद्ध शुक्रवार को अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान 15 ई-रिक्शा-ऑटो चालकों से जुमार्ना वसूल किया गया और उन्हें आगे से शहर में चिन्हित स्थानों को छोड़कर कहीं भी अपने वाहन को खड़ा नहीं करने की हिदायत के साथ छोड़ा गया। इस संबंध में ट्रैफिक इंस्पेक्टर सुनील कांत ने बताया कि शहर को जाम से मुक्ति दिलाने को लेकर सदर एसडीओ दिलीप कुमार के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। प्रथम फेज में खासकर शहर में सड़क पर इधर-उधर ई-रिक्शा-ऑटो खड़ा कर रखने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर उनसे जुमार्ना वसूल किया जा रहा है। बता दें कि गुरुवार को इसको लेकर सदर एसडीओ दिलीप कुमार ने एएसपी सह सदर एसडीपीओ संजय कुमार पाण्डेय, ट्रैफिक डीएसपी आशीष रंजन, एमवीआई रंजीत कुमार, नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार व नगर निगम के पदाधिकारी के साथ बैठक की थी। इसमें शहर में वाहनों के सड़क पर बेवजह खड़ा कर नहीं रखने और उसे चलंत बनाए रखने, अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाकर उसे हटाने, शहर के अति व्यस्त ट्रैफिक वाले चौराहों को चिन्हित कर उसे व्यवस्थित करने, अधिक सड़क हादसे वाले मार्गो पर स्पीड ब्रेकर बनाने, शहर में लगने वाले जाम को हटाने के लिए एक क्विक रिस्पांस टीम बनाने व ई-रिक्शा-ऑटो के लिए एक महीने में रूट का निर्धारण आदि करने पर विचार-विमर्श किया गया। वहीं शुक्रवार को परिवहन विभाग के द्वारा शहर के मथुरापुर घाट के पास स्थित ऑटो स्टैंड के पास अतिक्रमण हटाकर स्टैंड की जमीन को समतल किया गया, ताकि अधिक से अधिक ऑटो को स्टैंड में खड़ा किया जा सके।

# तटबंधों एवम नदियों के जल स्तर पर सतत निगरानी का दिया निर्देश




प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिले में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष से वर्चुअल माध्यम से बाढ़ पूर्व तैयारियो को लेकर जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारियों अंचल अधिकारियों एवम जिला स्तरीय सभी अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ पूर्व तैयारियो को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर इसे ससमय पूर्ण कर ले। उन्होंने बाढ़ से संबंधित योजनाओं, सड़को की मरम्मती भेंट की सफाई आदि कार्यो को हर हाल में 15 जून तक पूर्ण कर लेने, संपूर्ति पोर्टल पर डाटा अपडेट करने हेतु कर्मियों की सूची अविलंब भेजने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अंचल अधिकारी ये सुनिश्चित करें कि निजी नाव चालकों को विगत वर्षों की बकाया राशि का भुगतान ससमय कर दे। उन्होंने कहा कि आवश्यकता का आकलन करते हुए और भी निजी नावों के लिए एकरारनामा कर ले।उन्होंने स्थाई बाढ़ आश्रय स्थल के साथ साथ अस्थाई बाढ़ आश्रय स्थल के समीक्षा के क्रम में कहा कि बाढ़ आश्रय स्थल में पेय जल शौचालय आदि मूलभूत व्यवस्थाएं का भौतिक सत्यापन कर ले। उन्होंने संचार योजना के समीक्षा के क्रम में अधिकांश सीओ द्वारा बाढ़ संभावित क्षेत्रों में तैयारियों से जुड़े सभी स्तर के लोगों जनप्रति निधियों आदि के नाम और उनके मोबाइल नंबर सहित एक ठोस संचार प्लान बना बना ली गई है साथ हीं उसकी एक प्रति जिला आपदा प्रबंधन शाखा को सौप दी गई है।उन्होंने सिविल सर्जन मधुबनी को निर्देश दिया कि बाढ़ राहत कार्य से जुड़ी आवश्यक दवाइयों का समय से स्टॉक कर लिया जाए। इनमे सभी जीवन रक्षक दवा हेलोजन की गोलियां ब्लीचिंग पाउडर आदि भी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हों।उन्होंने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल, मधुबनी के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि विभाग द्वारा चापाकलों की मरम्मति एवं नए लगाए जाने वाले चापाकलों के लिए भी तैयारी करने का निदेश दिया। उन्होंने इस संबंध में सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को इसकी सतत मॉनिटरिंग करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सभी अपने क्षेत्राधीन बांधो का निरीक्षण कर लें।

# नल जल से पानी नहीं मिलने को लेकर ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

कल्याणपुर, प्रातः किरण संवाददाता

बासुदेवपुर पंचायत के वार्ड 11 निवासी ग्रामीणों ने नल जल योजना से पानी नहीं मिलने को लेकर घंटो सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम समस्तीपुर-दरभंगा मुख्य पथ के अखाड़ा चौक के समीप शुक्रवार को कर दिया गया। सड़क जाम करीब 2 घंटे तक रहीं। वहीं सड़क जाम कर रहे आक्रोशित ग्रामीणों का कहना था कि नल जल योजना से पानी नहीं मिल रहा है। भीषण गर्मी में भी लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। नल जल योजना से पानी महीनों से बंद पड़ा हुआ है। जिसके कारण हम लोगों ने सड़क जाम कर दिया है ।सड़क जाम होने से यात्रियों में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। सड़क जाम से सड़क के दोनों ओर लंबी गाड़ी की कतारें लग गई। जाम की सूचना पर पहुंचे पुलिस ने ग्रामीणों से वार्ता किया लेकिन वार्ता नहीं सफल हो पाया। वहीं उप मुखिया एवं पुलिस ने प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेंद्र कुमार से वार्ता कर जल्द पानी मिलने का आश्वासन पर जाम को समाप्त कराया गया।

# सीएसपी संचालक से लूट एवं उनकी हत्या में शामिल शूटर सहित कई गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता



हाजीपुर। हाजीपुर सदर थाना क्षेत्र में पिछले दिनों सीएसपी संचालक हत्याकांड में शामिल हत्यारा सहित कई अपराधियो को गिरफ्तार किया गया।वैशाली एसपी हरिकिशोर राय ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दिया कि सदर थाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि सदर थानान्तर्गत दौलतपुर एन0एच0-22 के पास बंद पेट्रोल पंप से सटे कच्ची सड़क पर करीब 8-9 की संख्या में अपराधकर्मी अवैध आग्नेयास्त्र के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठे हुए है। सूचना प्राप्त होते ही सदर थाना पुलिस, सशस्त्र बल के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल की घेराबंदी करना शुरू किये तो पुलिस वाहन को देखकर सभी अपराधकर्मी भागने लगे। जिसे साथ के सशस्त्र बल के सहयोग से भागते हुए 04 अपराधकर्मियों (अविनाश कुमार, विकाश कुमार, सुनील कुमार एवं करण कुमार) को पकड़ लिया गया। कुछ अपराधकर्मी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। पकड़ाये अपराधकर्मियों के पास से 01 देशी पिस्टल, 01 देशी कट्टा, 07 जिन्दा कारतुस एवं मैगजीन बरामद किया गया है। पकड़ाये अपराधियों से पूछताछ के क्रम में बताया गया कि हम सभी एन०एच० 22 पर लूट-पाट करने के लिए इकट्ठा हुए थे। गिरफ्तार अपराधअकर्मी अविनाश कुमार से पूछ-ताछ के क्रम में इनके द्वारा बताया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रेजुएशन में एडमिशन के लिए 57 हजार 9 सौ 89 स्टूडेंट्स ने किया ऑनलाइन अप्लाई

मधेपुरा बी एन एम यू में 4 वर्षीय स्नातक डिग्री कोर्स सेशन 2024-28 में एडमिशन के लिए ऑनलाइन अप्लाई की तिथि समाप्त हो गई है। 26 अप्रैल से 24 मई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया था। 24 मई तक सिर्फ 51 हजार से आवेदन किए गए थे। वाम छात्र संगठन स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के बीएनएमयू प्रभारी सारंग तनय ने सीट से कम आवेदन होने पर बीएनएमयू कुलपति प्रो. बीएस झा एवं कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर को पत्र लिखकर विश्वविद्यालय एवं छात्र हित में ऑनलाइन आवेदन की तिथि 10 दिन बढ़ाने की मांग की थी। तब कुलपति प्रो. बीएस झा ने डीएसडब्लू डॉ. नवीन कुमार को डेट बढ़ाने का निर्देश दिया था। फिर 3 मई 2024 तक ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किया गया। इस बार निर्धारित सीट से तीन हजार कम आवेदन आया है। आवेदन की संख्या सीट से कम रहने के कारण एक बार आवेदन की तिथि बढ़ाई गई।

# आग लगने से लाखों की संपति जलकर राख

## दो जिला से आये अग्निशामक वाहन 6 घंटे बाद आग पे पाया काबू

- 1 बजे रात्रि से सुबह 7 बजे तक आग बुझाने मे लगा रहा अग्निशामक दलकाबू
- धू धू कर जलता रहा बिल्डिंग का सारा सामान

**प्रात: किरण, संवाददाता**





अलीगंज, चंद्रदीप थाना क्षेत्र के मेन रोड अलीगंज बाजार स्थित अर्पित साड़ी शोरूम मे 1 बजे रात्रि मे अचानक भीषण आग लगने से दो मंजिला मकान सहित श्रृंगार एवं कपड़ा दुकान मे रखा सारा समान जल कर राख हो गया, आग कैसे लगी किसी को मालूम नही चला सभी सोए अवस्था मे था, आग इतनी तेजी से फैलने लगा की घर वाले को कुछ समझ मे नहीं आरहा था, देखते देखते आग विकराल रूप ले लिया और नीचे से दो मंजिल तक आग फैल गई, कपड़ा शोरूम होने की वजह से आग तेजी से पुरा मंजिल मे पकड़ लिया लोगो मे अफरा तफरी का माहौल बन गया, लोग भयभीत होने लगा की कहीं न दूसरे बगल के घरों मे ना आग पकड़ ले, वहीं लोगो के द्वारा प्रशासन की मदद से अग्निशामक वाहन सूचना दिया लेकिन अग्निसमक वाहन आते आते आग इतना विकराल रूप ले लिया था, वहीं तीन अग्निसामक वाहन के द्वारा काफी मोशक्कत के बाद आग पे काबू पाया गया, तब तक पुरा दुकान सहित दो मंजिला मकान मे लाखों का समान जल कर राख हो गया, वहीं पीड़ित चंदन कुमार ने बताया की हमलोग उपर मंजिल पे सभी परिवार सोये थे अचानक श्रृंगार की दुकान मे आशंका है की शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने से उपर दो मंजिल पे कपड़ा शोरूम था उसमे आग पकड़ लिया देखते देखते नीचे से दो मंजिला तक शोरूम सहित पुरा घर का सारा संपत्ति जलकर राख होग गया, मौके पर चंद्रदीप पुलिस डायल 112 एवं दो जिला के अग्निशामक वाहन की टीम के द्वारा पानी के कमी के कारण घंटो मुसक्कत के बाद अग्निशामक वाहन के माध्यम से 6 घंटे बाद आग पे काबू पाया गया, वहीं आक्रोशित लोग ने बताया की जब भी कहीं आग लगती है तो लाइन कटने काटने के लिए कहा जाता है तो कर्मचारी आनाकानी करते है, जिससे बहुत नुकसान हो जाती है, बिजली विभाग विभाग की लापरवाही से लोगो मे रोष देखने को मिला है, पीड़ित परिवार पूरी सदमे मे है, पीड़ित के द्वार अंचलाधिकारी एवं थाने मे आवेदन दिया गया।

# छापेमारी कर मारपीट के दो आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा




**प्रात: किरण, संवाददाता**

कुमारखंड, मधेपुरा कुमारखंड थाना क्षेत्र के गुड़िया गांव में गुप्त सूचना पर कुमारखंड पुलिस में छापामारी कर मारपीट के नामजद फरार आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया थाना कांड संख्या 354/ 23 के नामजद अभियुक्त सुशील यादव, कुंदन मेहता को थाना क्षेत्र के गुड़िया गांव में थाना के एसआई सकलदीप प्रसाद पुलिस फोर्स के साथ छापामारी कर मारपीट के नामजद अभियुक्त सुशील यादव, कुंदन मेहता को गिरफ्तार कर शुक्रवार को पुलिस अभीरक्षा में जेल भेज दिया।

# मेमू गाड़ी के महिलाकोच में लगी आग की जांच करने के लिए मेमूकार शेड पहुंचे एडीआरएम



**प्रात: किरण, संवाददाता**

जमुई [ झाझा ] गुरूवार को किऊल रेलवे स्टेशन पर पटना से आने वाली गाड़ी पटना जसीडीह मेमू गाड़ी के कि महिला कोच में आग लगने की घटना अबतक सही रूप से लोगों के सामने नही आ पा रहा है। कोच पर लगी आग को पूरी तरह से काबू पाने के बाद कोच को झाझा मेमूकार शेड लाया गया जहां शुक्रवार को दानापुर डीवीजन के रेलवे एडीआरएम चंदन कुमार, डिप्टी सीएमई राजा पासवान एवं अन्य दानापुर और कचरापाड़ा से आये अधिकारी ने जली हुई कोच का बारिकी से जांच किया।

जांच के दौरान महिला बोगी से सटे मोटरकोच में शराब की खाली बोतल भी पाई गई जो आग लगने की घटना को दूसरी दिशा की ओर भी संकेत दे रहा है। एडीआरएम ने मोटरकोच का बारिकी से जांच करने के बाद शेड में रख- रखाब के लिए आए अन्य गाड़ियों के मोटरकोच की भी जांच की। जांच के दौरान उन्होनें कई चीजों को बारिकी से देखा। एडीआरएम ने जली कोच के अंदर से लेकर बाहर और नीचे स्वयं जांच किया। इस दौरान उन्होनें मेमूकारशेड के वरीय मंडल विद्युत अभियंता संजीव कुमार से भी रख- रखाब के लिए आने वाले कोच के मोटरकोच से जुड़ी कई चीजों की जानकारी ली। हालांकि एडीआरएम ने जो भी जांच किया उसके बारे में वे अपने रेलवे के वरीय पदाधिकारी को सूचना देगे। एडीआरएम से जांच को लेकर जानकारी लेने की कोशिश की गई तो उन्होनें साफ तौर पर कहा कि अभी जांच कि जा रही है। बताते चले कि उक्त गाड़ी को मेमू कारशेड में रखा गया है जिसकी जांच बारिकी से की जा रही है ताकि आग लगने का सही कारण लोगों के समक्ष आ सके। मौके पर आरपीएफ एसी हरेराम नारायण, स्टेशन प्रबंधक रविकांत माथुरी, टीआई रवि गुप्ता सहित मेमूकार शेड के अधिकारी एवं दानापुर डिवीजन, हाजीपुर जोन के भी कई अधिकारी मौजूद रहे।

# जमीनी विवाद को लेकर दों पक्षों मे हुई मारपीट, पांच लोग घायल



**प्रात: किरण, संवाददाता**

कुमारखंड, मधेपुरा कुमारखंड थाना क्षेत्र के बिशनपुर बाजार पंचायत स्थित बिशनपुर वार्ड नंबर 2 में पूर्व से चले आ रहे जमीनी विवाद को लेकर शुक्रवार को दो पक्षों में हुए जमकर मारपीट की घटना में दोनों पक्ष से पांच लोग घायल हो गए। सभी घायल को स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। बताया गया कि एक पक्ष सुमन यादव, दूसरा पक्ष के अंग्रेज यादव के बीच पूर्व से जमीनी विवाद चल रहा हैं। एक पक्ष के घायल सुमन यादव ने बताया मेरे निजी जमीन में लगे बांस को दूसरा पक्ष के अंग्रेज यादव गजेन यादव अन्य परिजन बांस काटने लगते है कई बार सामाजिक पंचायत भी किया गया नहीं मानते हैं। दूसरा पक्ष के अंग्रेज यादव, गजेन यादव, रूबी देवी गाली गलौज करते रहते हैं मना किया तो उक्त सभी व्यक्ति गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारपीट करने लगे। मारपीट की घटना में एक पक्ष के सुमन यादव, नीतू देवी, रोशनी देवी घायल हो गए। वही दूसरा पक्ष के घायल अंग्रेज यादव ने आरोप लगाते हुए बताया रुपया लेनदेन को लेकर दूसरे व्यक्ति को कह रहे थे । एक पक्ष के सुमन यादव, मुकेश यादव, नारायण यादव, रोशनी देवी अन्य गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट की घटना में दूसरा पक्ष के अंग्रेज यादव, रूबी देवी घायल हो गए। सभी घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया है। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया मारपीट की घटना हुई है। इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है आवेदन मिलते ही जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूल चारदीवारी निर्माण कार्य में हो रहा भ्रष्टाचार

## 10 व 12 एमएम सरिया की जगह 6 एमएम सरिया से खाड़ा किया जा रहा पिलर हैं

**प्रात: किरण, संवाददाता**



गिद्धौरः(जमुई) शिक्षा विभाग द्वारा जिले भर में चल रहे प्राथमिक व मध्य विद्यालयों के क्षतिग्रस्त भवन, वर्ग कक्ष का मरम्मती करण एवं स्कूलों में चारदीवारी का निर्माण करवाने का आदेश अधिकारियों को दे रखा रखा है।और शिक्षा विभाग द्वारा लाखों लाख रूपय खर्च कर इसकी कवायद भी शुरू कर दी है।प्रखंड भर के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा ग्रहण करने के लिए मजबूत और सुरक्षित माहौल मिल सके। लेकिन शिक्षा विभाग के पदाधिकारी व कर्मी ही विभाग द्वारा चलाए जा रहे इन योजनाओं में सेंधमारी कर सरकारी राशि के बंदर बांट करने में लगे हुए है। ताजा मामला प्रखंड के सेवा पंचायत अंतर्गत राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय पंडित टोला सेवा से सामने आया है। जहां विभागीय जेई के देख रेख में उक्त विद्यालय भवन परिसर को सुरक्षित रखने के लिए लगभग आठ लाख से अधिक की राशि खर्च कर विभाग से चयनित संवेदक द्वारा चार दिवारी का निर्माण कराया जा रहा है।हो रहे चारदीवारी निर्माण कार्य में विभागीय मापदंडों को ताक पर रख कराए जाने को ले पंडित टोला वासी सहित स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने असंतोष जाहिर किया है।बताया जाता है की विद्यालय परिसर को सुरक्षित रखने के लिए लाखो रूपय खर्च कर विद्यालय के चारो ओर बाउंड्री वाल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। लेकिन विभागीय जेई और उनके द्वारा नियुक्त संवेदक आपस में सांठ गांठ कर स्टीमेट में घाल मेल कर निमार्णाधीन बाउंड्री वाल के पीलर में 6 एमएम का लोहा लगा जैसे तैसे निर्माण कार्य को पूरा किया जा रहा है। और तो और बाउंड्री वाल निर्माण में चार नंबर ईट सहित टुकड़ा ईट का प्रयोग किया जा रहा है।जो भविष्य में उक्त विद्यालय में पढ़ने आने वाले छात्र छात्राओं के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।खैर जो भी इन दिनों प्रखंड भर के स्कूलों में नवनिर्माण व जीर्णोद्धार के नाम पर विभागीय कर्मी ही सरकारी राशि के बंदरबांट में जुटे हुए है। स्कूल के चारदीवारी निर्माण कार्य को मानक की अनदेखी कर करवाया जा रहा है। शिक्षा विभाग के जेई व संवेदक के मनमाने रवैय से निर्माणधीन चारदीवारी कभी भी क्षतिग्रस्त हो सकता है।जबकि कई बार मेरे द्वारा जेई से प्राक्लन के अनुसार निर्माण कार्य कराने की बात कही गई है। बावजूद इसके निर्माण कार्य में अनियमितता बरती जा रही है। रामाशीष साह, मुखिया ग्राम पंचायत, सेवा।

# सीधे कर्मचारियों के एकाउंट में भेजी जाएगी राशि

**प्रात: किरण, संवाददाता**

मधेपुरा शिक्षा विभाग का आने वाले दिनों में बिहार के विश्वविद्यालयों पर नियंत्रण और बढ़ने वाला है। अब विश्वविद्यालय से शिक्षक-कर्मचारियों को वेतन देने का अधिकार छिन जाएगा। विभाग सीधे शिक्षक, कर्मचारियों के एकाउंट में राशि भेजेगी। इसके लिए शिक्षा विभाग ने एक पोर्टल विकसित किया है। इस पर कॉलेज एवं विश्वविद्यालय को शिक्षक-कर्मचारियों का पूरा डाटा अपलोड करने का निर्देश दिया गया है। अब तक सरकार विश्वविद्यालय के बजट के अनुसार वेतन व पेंशन मद में विश्वविद्यालयों को राशि भेजती रही है। फिर विश्वविद्यालय से शिक्षक-कर्मचारियों को भुगतान होता रहा है। लेकिन, व्यवस्था बदलने से विवि की भूमिका इस मामले में पूरी तरह नगण्य हो जाएगी। शिक्षा विभाग की उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. रेखा कुमारी ने इसको लेकर बिहार के विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों को पत्र जारी किया है। इसमें कहा गया है कि शिक्षक कर्मचारियों का वेतन अलग-अलग सीधे उनके एकाउंट में भुगतान होगा। नई प्रक्रिया से भुगतान के मद्देनजर दो दिन पहले तक सभी विश्वविद्यालयों के कॉलेज प्राचार्यों, बर्सर, कुलसचिव, वित्तीय परामर्शी एफए एवं वित्त पदाधिकारियों को बुलाकर विभाग की ओर से 27 मई को जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान मैनगल्स रोड पटना में ट्रेनिंग भी दी गई, जिसमें बीएनएमयू के सभी अंगीभूत कॉलेजों के प्रधानाचार्य ने भाग भी लिया। इसमें विश्वविद्यालयों को 28 मई तक पोर्टल पर डेटा अपलोड करने का निर्देश दिया गया। इस डाटा में शिक्षक, कर्मचारियों के नाम, कॉलेज के नाम, ज्वाइनिंग की तिथि, पद, उपस्थिति, सैलेरी आदि की पूरी जानकारी देनी है। इसी के आधार पर विभाग भुगतान करेगा। अधिकार छीने जाने से बैचेनी, डाटा अपलोड नहीं हो रहा अधिकार छीने जाने से विश्वविद्यालयों में बेचैनी है। यही कारण है कि आदेश के बाद भी अधिकतर कॉलेजों से डाटा अपलोड नहीं हुआ है। विश्वत सूत्रों की मानें तो नई प्रक्रिया में पे फिक्सेशन के विरुद्ध जिन्हें वेतन मिल रहा है, उनके भुगतान के लिए या तो सही करके पे रॉल भेजना होगा अथवा उनका वेतन रुक जाएगा। पोर्टल पर विवि एवं कॉलेजों को आंतरिक स्रोत की राशि भी अपलोड करनी होगी। ऐसे होगी भुगतान की प्रक्रियाः अंगीभूत कॉलेज अपने शिक्षक और कर्मचारियों का जबकि विश्वविद्यालय पीजी डिपार्टमेंट और विश्वविद्यालय ऑफिस के शिक्षक व कर्मियों का पे रॉल बनाकर पोर्टल पर डालेगा। कॉलेज के बनाये गए पे रॉल को एक बार चेकिंग की जिम्मेदारी विश्वविद्यालय की भी होगी। इसके लिए पोर्टल का लॉग इन, पासवर्ड कॉलेज व विश्वविद्यालय को शिक्षा विभाग देगा। भेजे गए पे रॉल के आधार पर ही कर्मियों को विभाग सीधे एकाउंट में भुगतान करेगा।

# पर्यावरण प्रेमी संजय कुमार सुमन हुए एनवायरमेंट पीपल वारियर अवार्ड 2024 से सम्मानित

**प्रात: किरण, संवाददाता**



मधेपुरा जिले के चौसा निवासी चर्चित साहित्यकार, समाजसेवी सह पर्यावरण प्रेमी संजय कुमार सुमन को रघुराज पीपल मैन फाउंडेशन के सीईओ डॉ. रघुराज सिंह ने एनवायरमेंट पीपल वारियर अवार्ड 2024 से सम्मानित किया है। श्री सुमन के इस सम्मान से सामाजिक कार्यकताओं एवं राजनीतिक कार्यकताओं में काफी हर्ष देखा जा रहा है।

मालूम हो कि श्री सुमन पिछले 31 वर्षों से लगातार सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में पर्यावरण, सामाजिक कुप्रथा जैसे दहेज प्रथा, बाल विवाह, मृत्यु भोज, नशा मुक्ति के विरुद्ध समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाकर पूर्ण मनोयोग से कार्य करते रहे हैं। पत्रकारिता एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिये अब तक सैकड़ों पुरस्कार एवं अंतरराष्ट्रीय संगठन द्वारा आधे दर्जन ऑनरेरी डॉक्टरट्रेट की उपाधि पा चुके हैं। श्री सुमन सामाजिक हितार्थ कई कई सामाजिक संगठनों से जुड़ कर समाज को एक नई दिशा देकर युवाओं को जागरूक कर रहे हैं।पर्यावरण के क्षेत्र में भी इनका अहम योगदान रहा है ।लगातार पौधारोपण कर रहे हैं।इसी अभियान एवं हरित प्रेमी के रूप में उत्कृष्ट कार्यों को लेकर रघुराज पीपल मैन फाउंडेशन के सीईओ डॉ. रघुराज सिंह ने एनवायरमेंट पीपल वारियर अवार्ड 2024 से श्री सुमन को सम्मानित किया है। श्रीसुमन के सम्मानित होने पर बाबा विशु राउत इंटर महाविद्यालय चौसा के प्राचार्य डॉ सुरेश प्रसाद साह, प्रो मनोज कुमार यादव, जाप नेता रितेश रंजन, लोजपा नेता मनौवर हुसैन, कुंदन घोषईवाला, शिक्षक गौतम कुमार गुप्त, युवा समाजसेवी सत्यप्रकाश गुप्ता विदुरजी, अशोक कुमार, अरविंद कुमार, मनौवर आलम, राहुल कुमार यादव, मुकेश कुमार, परमेन्द्र कुमार, संजीव कुमार, विजय कुमार विजेता, दिलीप कुमार, उषा कुमारी, कुणाल भगत, चन्द्रकिशोर मंडल, सांसद प्रतिनिधि कुंदन कुमार बंटी, शिक्षक नेता सुबोध कुमार पासवान, नवनीत कुमार, अमित कुमार, संतोष कुमार, डॉ शशिधर मेहता, गायत्री परिवार के गोपाल साह, चक्रधर मेहता, प्रखंड डीलर संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार पासवान समेत दर्जनों लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# अभाविप कार्यकताओं ने भूले को पहुंचाया घर



**प्रात: किरण, संवाददाता**

जमुई [ झाझा ] शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई झाझा के कार्यकताओं ने घर भूले वृद्ध को घर पहुंचाया। मौके पर एबीवीपी नगर मंत्री हरिनंदन प्रजापति ने कहा कि दिन गुरुवार को दोपहर के 1:00 बजे एक वृद्ध महिला भटकते हुए झाझा के चितौचक तरफ जा रही थी, एबीवीपी के कार्यकर्ता को जब नजर पड़ी तो पूछताछ करने पर पता चला कि यह महिला अपना घर भूल गई है, ग्रामीणों के सहयोग से जब पूछताछ किया तो पता चला वह शेखपुरा की रहने वाली है , सिर्फ जिला बता रही थी, सोशल मीडिया तथा शेखपुरा के कार्यकताओं के सहयोग से उनके गांव के भूतपूर्व मुखिया प्रीति कुमारी से संपर्क कर घर वालों का पता लगाया तथा उन्हें उनके परिजनों को सुपुर्द किया, घर वालों से पूछने पर उस महिला की पहचान मिनो देवी के रुप में हुआ, उनको तीन पुत्र तथा एक पुत्री है, पति पासी का काम करतें है, इस कार्य में हमें हिंदू स्वाभिमान के कार्यकताओं का भी सहयोग प्राप्त हुआ । मौके पर नगर सहमंत्री मंजीत हर्ष ने कहा कि हमारे घर से थोड़े ही दूर पर यह महिला भटक गई पूछताछ करने के बाद ठीक से पता नहीं बता पाई, हमलोगों ने अपने घरों में उनको जगह दिया खाने-पीने की व्यवस्था कराया तथा सोशल मीडिया के माध्यम से इनका पता खोजने लगे, समुचित पता चलने पर अभाविप कार्यकर्ता उन्हें ससम्मानित उनके परिजनों को सौंप दिया। मौके पर राहुल कुमार, सोनू कुमार, मनीष कुमार, मीना देवी ,सोनी देवी ,रीता देवी आदि मौजूद रहे।

# मधेपुरा के लाल ने मचाया धमाल रचा इतिहास, पहले हीं प्रयास में ऑल इंडिया नीट टॉपर बना सक्षम, परिजन समेत मधेपुरा जिला वासियों में है खुशी का माहौल

**प्रात: किरण, संवाददाता**



मधेपुरा के सिंहेश्वर का रहने वाला सक्षम अग्रवाल ने नीट परीक्षा पास कर बना ऑल इंडिया टॉपर, मधेपुरा हीं नहीं पूरे देश में रचा इतिहास। दरअसल उतर बिहार के प्रसिद्ध देवो के देव महादेव की नगरी कहे जाने वाले मधेपुरा के सिंहेश्वर के लाल सक्षम अग्रवाल ने मेडिकल कॉलेज में नामांकन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नीट परीक्षा में 720 में पूरे 720 अंक लाकर ऑल इंडिया टॉपर श्रेणी में पहली रैंक हासिल की। बता दें कि मधेपुरा के सिंहेश्वर का रहने वाला सक्षम ने पहले प्रयास में हीं यह कीर्तिमान स्थापित कर डाला। इसी साल 12 वीं में भी सक्षम ने परचम लहराया है। नीट जैसी कठिन परीक्षा में एक सवाल भी गलत नहीं बनाने वाले सक्षम के परिजन समेत दोस्त, और शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। आपको बता दें कि सिंहेश्वर बाजार निवासी डॉ. चेतन अग्रवाल और माया अग्रवाल के पुत्र सक्षम ने यह उपलब्धि हासिल करके न सिर्फ सिंहेश्वर का बल्कि मधेपुरा सहित पूरे बिहार और देश का नाम रोशन किया है ।

परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद ऑल इंडिया टॉपर मे इसका नाम देखकर सक्षम के माता-पिता अपने पुत्र की उपलब्धि से फूले नहीं समा रहे हैं। सक्षम के पिता चेतन अग्रवाल अभी पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी स्थित एक निजी हॉस्पिटल में चिकित्सक के पद पर कार्यरत हैं। वहीं इससे पूर्व सक्षम के पिता चेतन अग्रवाल सिंहेश्वर पीएचसी में भी बतौर चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में अपनी सेवा दे चुके हैं। अपने बेटे के इस सफलता पर डॉक्टर चेतन अग्रवाल ने बताया कि सक्षम ने सिलिगुड़ी डीपीएस से इसी बार 12 वीं की परीक्षा देने के साथ-साथ पहली बार नीट की परीक्षा में शामिल हुआ था। सक्षम की प्रारंभिक शिक्षा फरीदाबाद और बरेली में हुआ है। जबकि 10 वीं और 12 वीं सिलीगुड़ी डीपीएस से हुई है। वहीं सक्षम ने बताया कि लगातार सेल्फ स्टडी काफी आवश्यक है। सक्षम के परिजन मूल रूप से व्यवसाय के क्षेत्र से जुड़े रहे हैं। व्यापार के क्षेत्र में सक्षम के परदादा स्वर्गीय ओंकारनाथ अग्रवाल का नाम प्रसिद्ध रहा है । सक्षम के दादा ने अपने बच्चों को व्यवसाय क्षेत्र से निकालकर डॉक्टर, इंजीनियर बनाने का ठाना था।

बड़े पुत्र चेतन अग्रवाल डॉक्टर भी बने। इसके बाद पोता सक्षम ने ऑल इंडिया टॉपर की श्रेणी में सामिल होकर अपने परिजन समेत अपने दादा के सपनों को पूरी तरह साकार कर दिया। सक्षम ने अपनी सफलता का श्रेय पिता चेतन अग्रवाल, मां, माया अग्रवाल, और छोटी बहन आद्या अग्रवाल को दे रहे हैं। सक्षम ने बताया कि मां और पापा ने तैयारी के दौरान पूरा सपोर्ट किया। परीक्षा की तैयारी के दौरान के दो साल में ये लोग किसी भी शादी विवाह में नहीं गए, आस पास के शादी और अन्य समारोह में गए लेकिन महज कुछ घंटों के लिए जबकि सक्षम इस दो साल के भीतर सिलीगुड़ी में भी किसी जान पहचान और परिचित के यहां किसी भी फंक्शन में नहीं गया। इतना हीं नहीं अपने घर में हीं रहकर पढ़ाई करता रहा। आज सक्षम के इस रिजल्ट पर हर कोई खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है ।

# जिलाधिकारी, मधेपुरा की अध्यक्षता में संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ पूर्व तैयारियों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित



**प्रात: किरण, संवाददाता**

मधेपुरा : जिलाधिकारी, मधेपुरा की अध्यक्षता में संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ पूर्व तैयारियों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में वषार्मापक यंत्रों की स्थिति, संकटग्रस्त बाढ़ प्रभावित क्षेत्र एवं संकटग्रस्त व्यक्ति समूहों की पहचान, नावों के एकरारनामा की स्थिति, पॉलीथीन शीट्स एवं लाईफ-जैकेट की उपलब्धता, मानव दवा, पशुचारा एवं पशुदवा की व्यवस्था, मोबाईल मेडिकल टीम, पेयजल की उपलब्धता, चिह्नित बाढ़ शरण स्थलों की स्थिति, सड़कों की मरम्मती आदि महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा चिह्नित बाढ़ शरण स्थलों का भौतिक निरीक्षण करते वहाँ उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश सभी अंचल अधिकारियों को दिया गया। साथ ही जल-जमाव वाले क्षेत्रों से पानी की निकासी संबंधी संभावनाओं की जाँच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने संबंधी निदेश कार्यपालक अभियंता, जल निस्सरण प्रमण्डल, राघोपुर एवं सहरसा को दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहत्ता(राजस्व), अपर समाहत्ता(आपदा प्रबंधन), सिविल सर्जन, अनुमण्डल पदाधिकारी- मधेपुरा एवं उदाकिशुनगंज, भूमि सुधार उप समाहत्ता- मधेपुरा एवं उदाकिशुनगंज तथा सभी अंचल अधिकारी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मेमू गाड़ी के जली कोच में लगे मोटरकोच से जांच के दौरान मिली शराब की बोतल



**प्रात: किरण, संवाददाता**

जमुई [झाझा] किऊल में खड़ी पटना जसीडीह मेमूगाड़ी के महिला कोच से सटे मोटरकोच में शराब की बोतल पाई गई जिससे रेलवे विभाग को जांच के दौरान पाया गया है। महिला कोच से ही सटा मोटर कोच है जो घटना में पूरी तरह जल चुकी है। मेमूकारशेड में जब जली कोच लाया गया और जांच की गई तो जिस जगह पर मोटर रखा हुआ है उस जगह पर शराब की खाली बोतल भी पाई गई जिसे देखकर जांच करने वाले अधिकारी भी आश्चर्यचकित है। इसके अलावे मेमू कारशेड में रखी एक अन्य मेमू गाड़ी के मोटरकोच में शराब के खाली कार्टन का टुकड़ा पाया गया है। मिली जानकारी अनुसार शेड में आए मेमू गाड़ी के मोटरकोच का ताला लगा हुआ रहता है जिसमें लॉक लगा रहता है। हालांकि कुछ अधिकारियों का संदेह है कि शराब तस्कर डीडीयू से जो मेमूगाड़ी पटना होते हुए झाझा आती है उस गाड़ी में शराब तस्कर मोटरकोच में शराब तस्करी करते है। लेकिन मोटरकोच में लॉक लगा रहता है तो फिर शराब तस्कर उस कोच में शराब कैसे रखता है। इधर मेमूकारशेड के वरीय मंडल विद्युत अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि इससे पूर्व भी जब रख-रखाव के लिए पटना से आने वाली मेमू गाड़ी के कोच मेमूकार शेड में पहुंचा है तो उसमें भी शराब का कार्टून पाया गया है जिसको लेकर रेलवे के वरीय पदाधिकारी से आरपीएफ कमांटेंड को भी सूचना दिया गया। फिलहाल दानापुर डिवीजन के रेलवे एडीआरएम चंदन कुमार वरीय मंडल विद्युत अभियंता से मिली जानकारी पर भी बारिकी से जांच कर रहे है।

सम्पादकीय

## गठबंधन विशेष दर्जे तक

नरेंद्र मोदी को एनडीए का नेता चुन लिया गया है। चूंकि लोकसभा में भाजपा-एनडीए के सर्वाधिक 293 सांसद निर्वाचित हुए हैं और यह स्पष्ट बहुमत से ज्यादा का आंकड़ा है, लिहाजा मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना तय है। भाजपा के सभी सहयोगी दलों ने, नेताओं के हस्ताक्षरों समेत, समर्थन-पत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दिए हैं। सिर्फ यह औपचारिकता शेष है कि भाजपा-एनडीए संसदीय दल भी मोदी को अपना नेता चुनें। ये तमाम कवायदें 7 जून तक निपट जानी हैं और फिर प्रधानमंत्री तथा कैबिनेट का शपथ-ग्रहण होगा। यहीं राजनीति और सरकार बनने की प्रक्रिया का पटाक्षेप नहीं होगा, बल्कि गठबंधन सरकार की अग्नि-परीक्षा की शुरूआत होगी। भाजपा-एनडीए आंकड़ों के चुनाव में तो सफल रहा, लेकिन मोदी के नेतृत्व में गठबंधन सरकार कब तक अस्तित्व में रहेगी, यह बेहद अहम सवाल है। मोदी सरकार के अस्तित्व में आते ही उलटी गिनती भी शुरू हो जाएगी, क्योंकि भाजपा और तेलुगूदेशम पार्टी (टीडीपी) तथा जद-यू की राजनीतिक मानसिकताएं विरोधाभासी हैं। वे साथ भी रहे हैं और अलगाव भी देते रहे हैं। उनके राज्यों-आंध्रप्रदेश और बिहार-की बुनियादी मांग रही है कि उन्हें विशेष दर्जे का राज्य घोषित किया जाए। इसमें वित्त आयोग की निर्णायक भूमिका होती है। किन आधारों, परिस्थितियों, भौगोलिक संरचना, आबादी, आदिवासी आदि पर यह विशेष दर्जा दिया जाएगा, यह वित्त आयोग ही तय करके भारत सरकार को अनुशंसा भेजता है। चूंकि 2014 में यूपीए सरकार के दौरान आंध्र का विभाजन कर तेलंगाना नया राज्य बनाया गया था, लिहाजा विशेष दर्जे की मांग लगातार जारी रही है। टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने विपक्ष के साथ मिल कर आंदोलन भी किया था और अब चुनाव भी जीता है, लिहाजा वह शीघ्र ही आंध्र के नए मुख्यमंत्री बनेंगे। वहां सत्ता में भागीदारी भाजपा की भी होगी। आंध्र पर अब 3.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है। आंध्र के पुराने संसाधन भी छिन चुके हैं, लिहाजा आर्थिक और कारोबारी तौर पर स्वावलंबी होने के लिए आंध्र को केंद्र की मदद की दरकार है। अभी तक पूर्वोत्तर, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड आदि 11 राज्यों को ही विशेष दर्जा हासिल है। चूंकि ओडिशा में भाजपा सरकार बनाने जा रही है और वह भी एक गरीब और पिछड़ा राज्य है, लिहाजा उसे भी विशेष दर्जा देने की मांग उठती रही है। अब तो भाजपा ही प्रत्यक्ष रूप से जवाबदेह होगी। मौजू सवाल है कि क्या मोदी की गठबंधन सरकार विशेष दर्जे की मांग के सहारे ही चलेगी? कितने राज्यों को विशेष दर्जा देना और सहायता करना मुनासिब है? यदि यह मांग पूरी नहीं की गई, तो क्या टीडीपी और जद-यू मोदी सरकार से समर्थन वापस ले लेंगे? यदि सरकार अल्पमत में आ गई, तो क्या देश में मध्यावधि चुनाव की संभावनाएं पैदा हो जाएंगी? क्या राष्ट्रपति विपक्ष के इंडिया गठबंधन को सरकार बनाने का मौका नहीं देंगी? इन सवालों पर अभी से चर्चा शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी निर्बाध, निष्कंटक काम करने के आदी रहे हैं। उनके कदम कुछ निर्णयों से पहले ही ठिठक सकते हैं। मसलन-भाजपा ने 2029 तक महिला आरक्षण लागू करने का वायदा किया था। यह परिसीमन के बाद ही लागू किया जा सकता है। दक्षिण में इसका असर पड़ सकता है, लिहाजा टीडीपी परिसीमन के विरोध में है। भाजपा को अब काशी-मथुरा के मुद्दे पर मद्धिम गति करनी पड़ेगी। जद-यू सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में विनिवेश के विरोध में रही है। अब क्या भाजपा को कदम पीछे खींचने पड़ सकते हैं? टीडीपी आंध्र में मुसलमानों को 4 फीसदी आरक्षण के पक्ष में है, जबकि प्रधानमंत्री ने पूरे चुनाव में इसके खिलाफ प्रचार किया है और लोगों को आश्वस्त किया है।

## न तुम जीते न वो हारे!

रजनीश कपूर

जहां नई लोकसभा के गठन का सवाल है तो इसको ले कर, पक्ष- विपक्ष के मायने में यह कहना गलत नहीं होगा कि न तुम जीते न वो हारे। इंडिया गठबंधन पर जिस तरह देश के मतदाताओं ने भरोसा जताया है उससे यही सिद्ध हुआ है कि देश में लोक का तंत्र अभी जीवित है। अब सरकार भले एनडीए गठबंधन की बने लेकिन देश की संसद में विपक्ष को अच्छी संख्या में स्थान मिलेगा।

सन् 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों ने सभी को चौंकाया है। सत्तापक्ष के बड़े-बड़े दावे और उसी से मिलते-जुलते एग्जिट पोल के बाद किसी को ऐसे नतीजोंकी उम्मीद नहीं थी। हालाँकि इंडिया गठबंधन के नेताओं के अलावा एक दो ज्योतिषियों ने टीवी चैनलों पर एग्जिट पोल को सिरे से नकार दिया था। पर इंडिया गठबंधन पर जिस तरह देश के मतदाताओं ने भरोसा जताया है उससे यही सिद्ध हुआ है कि देश में लोक का तंत्र अभी जीवित है। अब सरकार भले एनडीए गठबंधन की बने लेकिन देश की संसद में विपक्ष को अच्छी संख्या में स्थान मिलेगा। जो भी सरकार बनाएगा अब उसे विपक्ष के दबाव में रह कर कार्य करने पड़ेंगे। एक स्वस्थ लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष का होना जरूरी है। इसलिए 2024 का चुनाव सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों के लिए ही अच्छा साबित हुआ।

चुनावों के दौरान जिस तरह इंडिया गठबंधन ने चुनाव आयोग की मशीनरी पर कई सवाल उठाएथे उससे आम जनता के मन में भ्रम पैदा होना शुरू हो गया था। लेकिन लोकसभा नतीजों ने एक बार फिर से यह विश्वास जगाया है कि चुनावों में मतदाता ही सर्वोपरि होते हैं। इस बार के चुनावों में किसी भी दल या नेता की, किसी भी तरह की, कोई लहर नहीं थी। ये चुनाव जनता का चुनाव था। देश भर में फैल रही महंगाई, बेरोजगारी व अन्य परेशानियों से मतदाता त्रस्त थे। इसलिए उसे जो जंचा उसी को उसने वोट दिया। आखिरी चरण के मतदान के बाद से जो भी एग्जिट पोल आए वो भी एनडीए की ही सरकार बना रहे थे। परंतु एग्जिट पोल केवल पोल-पट्टी साबित हुए।

चुनाव परिणाम के बाद एग्जिट पोल करने वाली एक संस्था के अध्यक्ष जिस तरह एक राष्ट्रीय टीवी चैनल पर फूट-फूट कर रोने लगे उससे तो लगा कि उन्हें अपनी करनी पर पछतावा है। पर कई बार जो सामने दिखाई देता है वो असल में सच नहीं होता। उसके पीछे का सच कुछ और होता है। इन सज्जन के विषय में आज ऐसी शंका देश भर में जताई जा रही है। इसका एक कारण यह है कि बिना सर्वेक्षण तकनीकी की बारीकी बताए, बिना सैंपल साइज बताए, बिना प्रश्नावली के प्रश्न बताए, केवल अपना आँकलन प्रचारित कर देना अनैतिक होता है।

सोचने वाली बात है कि जो भी संस्था एग्जिट पोल करती है उसे यह बताने में क्यों गुरेज होना चाहिए कि उसने एग्जिट पोल करने की मानक प्रक्रिया को अपनाया या नहीं? ऐसा तो नहीं है कि ये एग्जिट पोल निहित स्वार्थों के किसी एजेंडा के तहत किए गए? क्या ऐसे सर्वे कराने में किसी मीडिया संस्थान की भी संदिग्ध भूमिका रही? मिसाल के तौर पर जिस तरह 2024 के लोकसभा चुनावों के एग्जिट पोल दिखाए गए थे और उसकी प्रतिक्रिया में देश के शेयर मार्केट में एकदम से भारी उछाल आया,लोगों ने विश्वास करके बाजार में निवेश कर डाला. वह उनके साथ ठगी थी। नतीजों के रुझान आने पर शेयर मार्केट बुरी तरह लुढ़का और आम निवेशकों के करोड़ों रुपये स्वाहा हो गये। इससे लगता है कि एकतरफा नतीजे को प्रचारित करके किसी विशेष उद्देश्य से ही एग्जिट पोल को इतना प्रचारित किया गया।

नतीजतन अब जब कोई भी संस्था ईमानदारी से भी एग्जिट पोल या सर्वे करेगी तो उस पर भी संदेह किया जाएगा। शायद गुमराह करने वाले एग्जिट पोल और उसी का प्रचार करने वाले पक्षपाती मीडिया संस्थानों को इस बात का अंदाजा नहीं था कि नतीजे उनके सर्वेक्षण के विपरीत भी आ सकते हैं। यदि उन्हें ये मालूम था और इस सबके बावजूद एग्जिट पोल वाली संस्था ने ऐसा एग्जिट पोल राष्ट्रीय टीवी चैनलों पर परोसा तो वह संस्था व चैनल देश की जनता साथ धोखाधड़ी करने के दोषी हैं। जिसकी जाँच की जानी चाहिए। दरअसल जब तक सर्वे करने वाली संस्थाएँ अपनी वेबसाइट व अन्य प्रचार सामग्री पर इस बात को पूरी तरह से प्रकाशित न करें कि उस संस्था का किसी भी राजनैतिक दल से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई संबंध नहीं है या अपनी तकनीकी का खुलासा न करें, तब तक उस संस्था द्वारा किए गये एग्जिट पोल को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। परंतु हमारे देश में जिस तरह से एग्जिट पोल की भेड़-चाल होती है, वह महज धोखा और टाइमपास है। बहरहाल2024 का चुनाव भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में अपनी जगह बना चुका है। एक ओर जहां एनडीए का अबकी बार 400 पार का नारा विफल हुआ है, वहीं विपक्षी एकता का इंडिया गठबंधन भी कई बार बिगड़ते-बिगड़ते मजबूती से उभर कर आया। विपक्षी दल हों या सत्तापक्षी दल, सभी ने जनता के सामने बड़े-बड़े वादे किए हैं और उनको पूरा करने का प्रण भी किया है। तो उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले वक्त में वे अपने वायदों को पूरा करेंगे, उन्हें जुमला कह कर अपनी ज़िम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ेंगे। जहां तक नई लोकसभा के गठन का सवाल है तो इसको ले कर, पक्ष- विपक्ष के मायने में यह कहना गलत नहीं होगा कि न तुम जीते न वो हारे।

# हार कर भी जीत गया इंडी गठबंधन

**इस चुनाव परिणाम को भाजपा के लिए एक बड़े सबक के रूप में देखा जा रहा है, जबकि अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने के लिए पिछले दस वर्षों से संघर्ष करने वाले विपक्ष को कायाकल्प करने वाली संजीवनी मिलने के रूप में देखा जा रहा है। भाजपा वाले गठबंधन ने भले ही बहुमत का आंकड़ा प्राप्त कर लिया है, लेकिन खुद भाजपा के नेता इसे जीत के रूप में प्रचारित करने का साहस नहीं जुटा पा रहे है। इसके विपरीत इंडी गठबंधन तो ताल ठोकते हुए इसे भाजपा की हार बता रहा है। यह सही है कि चुनाव में राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबंधन को अपेक्षित सफलता नहीं मिली, लेकिन सरकार बनाने लायक सीट की संख्या उसके पास है। इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं कि भाजपा के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। इसलिए इस जीत को कई मायनों में ऐतिहासिक ही माना जाएगा। आज मोदी उस कतार में शामिल हो गए हैं, जो उन्हें औरों से अलग बनाते हैं। भाजपा को सबसे बड़ा झटका उत्तरप्रदेश ने दिया है। यहां दो लड़कों की जोड़ी ने भाजपा की उड़ान की गति को बहुत हद तक रोकने में सफलता प्राप्त की है। हम जानते हैं कि जिस प्रकार से समाचार चैनलों ने स्पष्ट रूप से भाजपा की बहुमत वाली सरकार बनाने का पूवार्नुमान दिखाया था, वह परिणाम से मेल रखने वाला नहीं रहा। देश के विपक्षी दलों यह आरोप लगाकर इस एग्जिट पोल को पूरी तरह से खारिज कर दिया।**





**सुरेश हिंदुस्तानी**
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

देश में हुए लोकसभा चुनाव के परिणाम आ चुके हैं। ये चुनाव परिणाम कई मायनों में महत्वपूर्ण सन्देश देने वाले कहे जा सकते हैं। इसमें पहली बात यह है कि भारतीय जनता पार्टी ने चार सौ पार का नारा दिया, उसने एक बार फिर से इंडिया शाइनिंग वाले 2004 के चुनाव की याद याद दिला दी। यह संतोष की बात कही जा सकती है कि राजग को सरकार बनाने लायक बहुमत प्राप्त हो गया है। इस चुनाव परिणाम को भाजपा के लिए एक बड़े सबक के रूप में देखा जा रहा है, जबकि अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने के लिए पिछले दस वर्षों से संघर्ष करने वाले विपक्ष को कायाकल्प करने वाली संजीवनी मिलने के रूप में देखा जा रहा है। भाजपा वाले गठबंधन ने भले ही बहुमत का आंकड़ा प्राप्त कर लिया है, लेकिन खुद भाजपा के नेता इसे जीत के रूप में प्रचारित करने का साहस नहीं जुटा पा रहे है। इसके विपरीत इंडी गठबंधन तो ताल ठोकते हुए इसे भाजपा की हार बता रहा है। यह सही है कि चुनाव में राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबंधन को अपेक्षित सफलता नहीं मिली, लेकिन सरकार बनाने लायक सीट की संख्या उसके पास है। इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं कि भाजपा के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। इसलिए इस जीत को कई मायनों में ऐतिहासिक ही माना जाएगा। आज मोदी उस कतार में शामिल हो गए हैं, जो उन्हें औरों से अलग बनाते हैं।

भाजपा को सबसे बड़ा झटका उत्तरप्रदेश ने दिया है। यहां दो लड़कों की जोड़ी ने भाजपा की उड़ान की गति को बहुत हद तक रोकने में सफलता प्राप्त की है। हम जानते हैं कि जिस प्रकार से समाचार चैनलों ने स्पष्ट रूप से भाजपा की बहुमत वाली सरकार बनाने का पूवार्नुमान दिखाया था, वह परिणाम से मेल रखने वाला नहीं रहा। देश के विपक्षी दलों यह आरोप लगाकर इस एग्जिट पोल को पूरी तरह से खारिज कर दिया। कांग्रेस की ओर से यह दावा भी किया गया था कि इंडी गठबंधन को 290 सीटें मिलेंगी और बहुमत की सरकार बनेगी। सबको यही लग रहा था कि कांग्रेस के दावे में दम नहीं है, लेकिन चुनाव के परिणाम ने यह जाहिर कर दिया कि उनके दावे में दम था। दावे में जो सीटों की संख्या बताई गई थी इंडी गठबंधन उस आंकडे से बहुत पीछे रह गया, लेकिन इंडी गठबंधन के कई प्रत्याशी बहुत कम अंतर से पराजित हुए हैं, इसे भी अप्रत्याशित बढ़त के रूप में ही देखा जा रहा है। इंडी गठबंधन के लिए सबसे ज्यादा सुकून देने वाली बात यह भी है कि उसने भाजपा के 400 पार वाले दावे की हवा निकाल दी। भाजपा गठबंधन घिसटते घिसटते 300 के पार भी नहीं जा सकी। इसे इस रूप में भी देखा जा रहा है कि अकेले मोदी के नाम पर चुनाव नहीं जीता जाता, जीतने के लिए प्रत्याशी भी अच्छा होना चाहिए। कहा जा रहा है कि भाजपा इस मामले में चूक गई। भाजपा के लिए चिंतन का मुद्दा यह है कि उसके मूल कार्यकर्ता इस चुनाव से दूर रहे। भाजपा नेतृत्व ने जितना भरोसा बाहर से आए नेताओं पर किया, उतना अपने पुराने कार्यकताओं पर नहीं किया। बाहर से आए नेता केवल दिखावा करते रहे और भाजपा के पुराने कार्यकताओं की अनदेखी की गई। जिसके कारण भाजपा का समर्थक मतदाता मतदान केंद्र तक पहुँच ही नहीं सका। यह भी भाजपा के लिए एक बड़ा अवरोधक बनता दिखाई दिया, जबकि इंडी गठबंधन के नेता यह योजना बनाकर मैदान में थे कि अधिक मतदान कराने का प्रयास किया जाए। उत्तरप्रदेश में सपा और कांग्रेस के गठबंधन को मिली सफलता इस बात का परिचायक है कि इन दोनों दलों ने मुस्लिम और यादव मतों पर ज्यादा मेहनत की। इसके अलावा पिछड़े वर्ग के मतदाताओं को भी अपने पाले करने के लिए मेहनत की। इसी मेहनत ने अपेक्षित परिणाम दिए। यहां यह उल्लेख करना भी महत्वपूर्ण होगा कि इस बार मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने इंडी गठबंधन के लिए विजय के द्वार खोलने में मदद की। ऐसा नहीं है कि उनकी मदद करने की मंशा थी, वह मदद नहीं करना चाहती थीं, लेकिन अजा, जजा और पिछड़े वर्ग का जो वोट भाजपा को मिलना था, वह इस बार भाजपा को नहीं मिला। इसे भी भाजपा की हार के रूप में देखा जा रहा है। वैसे राजनीतिक दृष्टि से आंकलन किया जाए तो यह भाजपा की बड़ी जीत ही कहा जाएगा, क्योंकि भाजपा के नेतृत्व वाले राजग गठबंधन ने तीसरी बार सत्ता को अपने पास रखा है। इंडी गठबंधन भी इसलिए सक्रिय हो गया है, क्योंकि अगर किसी भी स्थिति में बिल्ली के भाग्य से छींका टूट गया तो मलाई खाने का अवसर मिल सकता है।

परिणामों के बाद अब इसमें कोई संदेह नहीं है कि राजग की सरकार बनेगी, साथ ही एक मजबूत विपक्ष भी होगा। इसलिए अब भाजपा नीत सरकार को बेहद सधे कदमों से चलना होगा। जैसा कि सभी जानते हैं कि जब विपक्ष कमजोर रहा, तब उन्होंने संसद को कई बार बाधित किया। चूँकि अब विपक्ष मजबूत है तो इस बात की बहुत ज्यादा संभावना बन जाती है कि वे छोटी छोटी बातों पर संसद को बाधित कर सकते हैं। यह बात सही है कि नरेन्द्र मोदी की सरकार ने राजनीतिक भ्रष्टाचार पर बहुत हद तक सफलता प्राप्त की है, और अपने तीसरे कार्यकाल में भी भ्रष्टाचार को समाप्त करने का संकल्प दोहराया है। हम जानते हैं कि विपक्ष के कई बड़े राजनेता भ्रष्टाचार के आरोप को झेल रहे हैं। इनमें से कई जमानत पर बाहर हैं। इसलिए यह भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार का साथ देंगे, इसकी गुंजाइश कम ही है। लेकिन यह सच है कि भारत में भ्रष्टाचार का निर्मूलन होना ही चाहिए। यह देश को अच्छा बनाने का कदम है, जिसके लिए सभी दलों को साथ देना चाहिए।

जहाँ तक राजनीति की बात है तो लोकसभा चुनावों के दौरान जिस प्रकार से प्रचार किया गया, उसमें नकारात्मकता अधिक देखी गई। रचनात्मक विरोध तो कहीं भी देखने को नहीं मिला। लेकिन अब चूँकि चुनाव समाप्त हो गए हैं और परिणाम भी आ चुके हैं, इसलिए अब नकारात्मक राजनीति से सभी दलों को तौबा करने की ओर कदम बढ़ाने

# गठबंधन सरकार... मुश्किलें बेशुमार....!

**यदि मोदी जी को मजबूरी में गठबंधन सरकार बनानी भी पड़ी तो वह दीर्घजीवी नही होगी और फिर देश में मध्यावधि चुनाव सुनिश्चित है।यदि हम भारत की आजादी के बाद से लेकर अब तक की सरकारों के इतिहास पर नजर डालें तो हमें पता चलता है कि भारत में सर्वप्रथम आपातकाल के बाद 1977 में गठबंधन सरकार बनी थी, जो केवल ढाई साल चल पाई थी और 1980 में सरकार पर पुन: इंदिरा जी का कब्जा हो गया था, उसके बाद ही हमारे देश में गठबंधन सरकार का सिलसिला चालू हुआ, जो अवसरवादी राजनीति का मुख्य आधार रहा है, कांग्रेस ने तो स्वयं बहुमत में रहते हुए भी अन्य दलों के साथ सरकारें चलाई है, भाजपा की भी इसमें खास विशेषज्ञता रही है। अब मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों में जबकि किसी भी एक राजनीतिक दल को चुनावों में स्पष्ट बहुमत प्राप्त नही हो पाया है, तब पुन: नरेन्द्र भाई मोदी को मजबूरी में गठबंधन सरकार बनानी पड़ रही है और करीब डेढ़ दर्जन दलों को साधकर अपने साथ रखना पड़ रहा है, यद्यपि प्रतिपक्षी इंडिया गठबंधन के साथ भी बीस के करीब राजनीतिक दल है, किंतु उन्होंने सरकार बनाने का दावा पेश नही करने का निर्णय लिया है, अर्थात अब मोदी के नेतृत्व में गठबंधन सरकार बनने की पूरी संभावना है।**





**ओमप्रकाश मेहता**
लेखक शिक्षाविद है

गठबंधन का मतलब समझौता या समर्पण.... और यह नरेन्द्र भाई मोदी के रक्त में है ही नही, इसलिए मौजूदा राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में ये ही कयास लगाए जा रहे है कि यदि मोदी जी को मजबूरी में गठबंधन सरकार बनानी भी पड़ी तो वह दीर्घजीवी नही होगी और फिर देश में मध्यावधि चुनाव सुनिश्चित है।

यदि हम भारत की आजादी के बाद से लेकर अब तक की सरकारों के इतिहास पर नजर डालें तो हमें पता चलता है कि भारत में सर्वप्रथम आपातकाल के बाद 1977 में गठबंधन सरकार बनी थी, जो केवल ढाई साल चल पाई थी और 1980 में सरकार पर पुनः इंदिरा जी का कब्जा हो गया था, उसके बाद ही हमारे देश में गठबंधन सरकार का सिलसिला चालू हुआ, जो अवसरवादी राजनीति का मुख्य आधार रहा है, कांग्रेस ने तो स्वयं बहुमत में रहते हुए भी अन्य दलों के साथ सरकारें चलाई है, भाजपा की भी इसमें खास विशेषज्ञता रही है।

अब मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों में जबकि किसी भी एक राजनीतिक दल को चुनावों में स्पष्ट बहुमत प्राप्त नही हो पाया है, तब पुनः नरेन्द्र भाई मोदी को मजबूरी में गठबंधन सरकार बनानी पड़ रही है और करीब डेढ़ दर्जन दलों को साधकर अपने साथ रखना पड़ रहा है, यद्यपि प्रतिपक्षी इंडिया गठबंधन के साथ भी बीस के करीब राजनीतिक दल है, किंतु उन्होंने सरकार बनाने का दावा पेश नही करने का निर्णय लिया है, अर्थात अब मोदी के नेतृत्व में गठबंधन सरकार बनने की पूरी संभावना है।

अब देश में मोदी के नेतृत्व में गठबंधन सरकार बनाने की चर्चा तो चल रही है, किंतु प्रत्येक राजनेता को यह आशंका अवश्य है कि यह गठबंधन सरकार आखिर चल कितने दिन पाएगी? क्योंकि गठबंधन का सीधा अर्थ समझौता है और मोदी जी को करीब से जानने वाला हर शख्स यह जानता है कि वे न तो अपनी सरकार में किसी भी तरह का भ्रष्टाचार सहन करेगें और न किसी की बेजा महत्वाकांक्षों की पूर्ति में किसी तरह का सहयोग ही प्रदान करेगें और यह भी तय है कि गठबंधन का हर दल व उसका हर नेता अपनी राजनैतिक या निजी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के प्रयास अवश्य करेगा, जो मोदी जी के लिए असहय होगें, इसलिए यह तय माना जा रहा है कि गठबंधन सरकार मोदी जी के रहते कभी भी दीर्घजीवी नही रह पाएगी और उसके बाद देश के सामने मध्यावधि के अलावा कोई विकल्प नही रहेगा और देश के सामने ऐसी राजनीतिक परिस्थिति कभी भी निर्मित हो सकती है।

....अर्थात इस वास्तविकता को झुठलाया नही जा सकता कि देश के सामने एकमात्र गठबंधन सरकार ही विकल्प है और यह विकल्प भी स्थाई नही है, देश को कभी भी फिर एक बार मध्यावधि चुनाव का सामना करना पड़ सकता है?

यद्यपि इस राजनीतिक परिस्थिति के लिए मतदाता सहित किसी को भी सीधे-सीधे दोषी नही ठहराया जा सकता, लेकिन कहा जरूर जा रहा है कि देश के मतदाताओं को खुलकर अपनी स्पष्ट राय जाहिर करनी चाहिए जिससे कि ऐसी राजनीतिक असमंजस की स्थिति पैदा न हो। लेकिन अब जो भी हो, जो स्थिति सामने है, उसका मुकाबला तो करना ही पड़ेगा और मोदी जी के नेतृत्व में गठबंधन सरकार को ही कुबूल करना पड़ेगा।

इस तरह कुल मिलाकर इन चुनावों के बावजूद देश के आकाश में राजनीतिक धुंध छाई हुई है और इसी कारण देशवासी नए सत्ता सूर्य की चमक के दर्शन नहीं कर पा रहे है और इस स्थिति के लिए किसी को भी दोषी नही ठहराया जा सकता, किंतु इसका इलाज सिर्फ और सिर्फ मध्यावधि ही है, फिर वे चाहे कभी भी हो?

# मुकम्मल जीत की संज्ञा नहीं दी जा सकती

नवल किशोर कुमार

आखिरकार, मतगणना पूर्व सारी कयासबाजियों को खारिज कर कांग्रेस ने एक तरह से भाजपा के मुकाबले जीत हासिल कर ली है। हालांकि और बेशक, इसे मुकम्मल जीत की संज्ञा नहीं दी जा सकती है। भाजपा के करीब 232-236 सीटों के मुकाबले उसे 105 सीटें मिलने के आसार हैं। यदि हम इंडिया गठबंधन के लिहाज से देखें तो पूरे गठबंधन को देश भर में बहुमत के जादुई आंकड़े से कम या फिर इसके बिल्कुल करीब 260-65 सीटें मिल सकती हैं, और अब यह तय हो गया है कि देश में मोदी राज का एक तरह से अंत हो सकता है। लेकिन यह तभी मुमकिन होगा यदि कांग्रेस अपने साथ जदयू जैसे राजनीतिक दलों को साथ मिलाए, जिसने बिहार में 12 सीटें जीत कर अपना महत्त्व एनडीए और इंडिया गठबंधन, दोनों के लिए एक समान रखा है। अब सरकार किसकी बनेगी, इसका दरोमदार बहुत हद तक नीतीश कुमार के रुख पर निर्भर करता है। यदि हम अभी सरकार के गठन पर विचार न करें और केवल इस बात पर फोकस करें कि कांग्रेस को मिली यह जीत उसके लिए कितना मायने रखती है तो हम मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य को सहज तरीके से समझ सकते हैं। इसके साथ ही हमें कांग्रेस की जीत पर नये सिरे से विचार करना होगा कि आखिर, उसे यह जीत मिली है, कैसे मिली है, और अब उसके सामने किस तरह की चुनौतियां आने वाली हैं। सबसे पहले तो यह कि कांग्रेस को मिली यह जीत केवल उसकी जीत नहीं है, बल्कि इसमें उसके सहयोगी दलों की भी अहम भूमिका रही है। खासकर उत्तर भारत में उसकी जीत मुमकिन नहीं होती यदि उसे सहयोगी दलों का सहयोग प्राप्त नहीं होता। मसलन, उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को 7 सीटें मिलने के आसार हैं, और उसके मुख्य सहयोगी दल समाजवादी पार्टी को अप्रत्याशित तरीके से 36 सीटों पर जीत मिल सकती है। हालांकि बिहार में कांग्रेस और उसके सहयोगी घटक दल वह प्रदर्शन नहीं पाए हैं, जो उत्तर प्रदेश में उन्होंने कर दिखाया। उसकी मुख्य सहयोगी राजद स्वयं 5 सीटों के अंदर सिमट गई है तो कांग्रेस को भी वहां राजद जैसे सहयोगियों के साथ होने से 2 सीटें मिलने के आसार हैं। लेकिन झारखंड में भी कांग्रेस को यदि 2 सीटें मिलने के आसार हैं, तो इसकी मुख्य वजह झारखंड मुक्ति मोर्चा है, जिसे 3 सीटें मिल सकती हैं। ऐसे ही मध्य भारत विशेषकर महाराष्ट्र में कांग्रेस को मिली जीत के पीछे एनसीपी (शरद पवार गुट) और शिवसेना (उद्धव ठाकरे) गुट की भूमिका है। अलबत्ता, हम यह कह सकते हैं कि राजस्थान छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को मिली जीत उसकी अपनी जीत है। ऐसे ही दक्षिण भारत में उसे मिली कामयाबी का श्रेय कांग्रेस को अकेले नहीं दिया जा सकता है। यह साफ है कि कांग्रेस को मिली यह ऐतिहासिक कामयाबी के पीछे इंडिया गठबंधन का होना है, जिसने दस साल से चली आ रही नरेन्द्र मोदी हुकूमत को लगभग उखाड़ फेंका है। ऐसे में अब यह कांग्रेस की जिम्मेदारी है कि वह इस इंडिया गठबंधन की एकता को बनाए रखे और अब जो सरकार बनेगी, उसमें वह अपने घटक दलों को समुचित सम्मान दे। इसके अलावा, उसे यह सनद रहना चाहिए कि इंडिया गठबंधन ऐसे राजनीतिक दलों का समूह है जो विचारधारा के स्तर पर मौलिक रूप से एक नहीं हैं। इस कारण भी कांग्रेस की चुनौतियां निश्चित रूप से बढ़ने वाली हैं। हालांकि वर्ष 2004 में यूपीए-1 के दौरान भी इस तरह का माहौल था, तब कांग्रेस ने डॉ. मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाकर अपने सहयोगियों की एकता को मजबूत किया था। जाहिर तौर पर प्रधानमंत्री कौन बनेगा, बहुत हद तक इस बात पर निर्भर करेगा। नई सरकार का नेतृत्व के अलावा कांग्रेस के सामने अब जो सबसे बड़ी चुनौती है, वह अपने वायदों को पूरा करने की है। इन वायदों में सामाजिक न्याय को लेकर किए गए वायदे हैं, जिसे उसने अपने घोषणापत्र में प्रथम स्थान दिया था। इसके मुताबिक उसे देश में जातिगत जनगणना करवाने की घोषणा अति शीघ्र करनी होगी, क्योंकि मोदी सरकार ने 2021 में होने वाली सामान्य जनगणना पर भी रोक लगा रखी थी। इसके अलावा, कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण पर 50 प्रतिशत की अधिकतम सीमा को समाप्त करने की बात कही थी, तो इसके लिए भी उसे पहलकदमी करनी होगी। और ये दोनों काम इतने आसान नहीं हैं क्योंकि जातिगत जनगणना को लेकर कांग्रेस के अंदरखाने में ही विषम आवाजें तब भी सुनाई दे रही थीं, जब वह जीत के लिए संघषर्रत थी। ऐसे में उसे अपने अंदर उठने वाली आवाजों से भी टकराना होगा। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने चुनावी सभाओं में जनसंख्या के अनुपात में समानुपातिक हिस्सेदारी का सवाल बार-बार उठाया था। अब जब कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार बनना तय हो गया है तो उसे अब यह सत्य करके दिखाना होगा। लेकिन वह सरकारी तंत्र, जिस पर अब भी सामान्य वर्ग के लोगों का कब्जा अधिक है, क्या इसके लिए तैयार होगा? इसके लिए उसे नीतियां बनाने से लेकर न्यायालयों तक का सामना करना पड़ेगा। इसके अलावा, उसे यह नहीं भूलना होगा कि अगर भाजपा विपक्ष में बैठी तो वह कमजोर नहीं होगी। निस्संदेह यदि कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार का गठन होता है तो उसके समक्ष अब पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा उठाए गए हिन्दुत्ववादी कदमों को वापस लेने की जिम्मेदारी होगी। मसलन, यदि हम अकादमिक जगत का ही उदाहरण लें तो उसे पूर्ववर्ती मोदी सरकार द्वारा पाठ्यक्रमों में किए गए बदलावों को खारिज करना होगा। लेकिन यह सब किसी जादुई छड़ी के घुमाने मात्र से नहीं होगा। इसके लिए अगली सरकार को कड़े फैसले लेने होंगे। कांग्रेस के समक्ष देश की अर्थव्यवस्था को संभालने की भी जिम्मेदारी है, क्योंकि इससे तो कतई इंकार नहीं किया जा सकता है कि पूर्ववर्ती मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण आम आदमी के हितों को नुकसान पहुंचा। अब उसे ठीक करने और अर्थव्यवस्था को पटरी लाने की जिम्मेदारी कांग्रेसनीत सरकार की होगी। कुल मिलाकर यह कि कांग्रेस को मिली यह जीत सिर कांटों से भरे ताज के समान है, जिसे न केवल उसे पहनना पड़ेगा, बल्कि देश के समक्ष जो चुनौतियां वर्तमान में हैं, उनसे भी निबटना होगा।

# बैंक लूट कांड में चार अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तारः पुलिस कप्तान

## 72 घंटे में अपहर शाखा लूट कांड का हुआ उद्वेदन, राशि भी हुआ बरामद

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा। अमनौर थाना अंतर्गत सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया अपहर शाखा लूट कांड में शामिल चार अपराधियों को गिरफ्तार करने में सारण पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है ' अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार छापामारी की जा रही है, इस तरह सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया अपहर शाखा लूट कांड का उद्वेदन हो गया है ' सारण के नए पुलिस कप्तान डॉ कुमार आशीष ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी ' एसपी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि गत 3 जून को अमनौर थाना अंतर्गत अपहर स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा में अज्ञात अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर 894988 रुपए की राशि लूट ली गई थी ' इस मामले के अनुसंधान में डीएसपी मढ़ोरा नरेश पासवान के नेतृत्व में 15 पुलिस कर्मियों एवं पदाधिकारिओं को गया था ' मात्र 72 घंटे में इस लूट कांड में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार करने में सारण पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है ' इस तरह अमनौर थाना कांड संख्या 164/ 24 का उद्वेदन हो गया है ' प्रेस मीडिया को संबोधित करते हुए एसपी ने कहा कि इस अनुसंधान में शामिल सभी पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा ' इस बैंक लूट कांड के जारी अनुसंधान के तहत गुरुवार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सारण पुलिस ने अमनौर थाना अंतर्गत ग्राम मनी सीरिसिया से अपराध की योजना बना रहे तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सारण पुलिस को कामयाबी मिली है

जबकि दो भागने में सफल हो गए, इनके निशानदेही पर एक और अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है ' अन्य गिरफ्तार अपराधियों के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है ' गिरफ्तार अपराधियों को पास से बैंक लूट कांड में इस्तेमाल चार देसी कट्टा, लूटी गई राशि में 262050 रुपए, दो लूटी गई मोबाइल, घटना में इस्तेमाल किया गया कपड़ा,चप्पल,जूता एवं एक पल्सर मोटरसाइकिल को भी बरामद कर लिया गया है ' गिरफ्तार अपराधियों में पिंटू कुमार पिता सुदामा राय 21 वर्ष ग्राम रसूलपुर गरखा, मनीष कुमार राय पिता मौजी लाल राय 28 वर्ष ग्राम कुदरबाधा गरखा, जानू कुमार साह पिता संतोष कुमार साह मनी सीरिसिया अमनौर एवं प्रीतम कुमार यादव पिता स्वर्गीय उपेंद्र राय ग्राम जहरी पकड़ी अमनौर के निवासी बताए गए हैं ' गिरफ्तार अपराधी प्रीतम कुमार पर जिला के विभिन्न स्थानों में 18 मुकदमा दर्ज है, जबकि मनीष कुमार पर पांच मुकदमा तथा जानू कुमार पर दो मुकदमा दर्ज है ' प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी कुमार आशीष ने यह भी बताया कि डीएसपी नरेश पासवान सहित कुल 16 पुलिस कर्मियों को इस अनुसंधान में लगाया गया था ' जिसमें डीएसपी नरेश पासवान के अलावा पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष मढ़ोरा मुकेश कुमार, जिला आसूचना इकाई रणधीर कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक एसटीएफ पटनाशिव शंकर कुमार , पिंटू कुमार थानाध्यक्ष अमनौर, जयंत सिंह अमनौर, थानाध्यक्ष भेल्दी अशोक कुमार, थानाध्यक्ष तरैया आशुतोष कुमार, आमान अशरफ गरखा थाना, मंटू कुमार गरखा, ब्रजेश कुमार एवं विकास कुमार तकनीकी शाखा सारण, जेसी दिग्विजय एसटीएफ पटना, उदय कुमार ठाकुर एवं रजनीकांत पासवान जिला पुलिस बल आदि शामिल थे ' एसपी ने कहा कि सारण पुलिस की तत्परता से मात्र 72 घंटे में ही बैंक लूट कार्ड का उद्वेदन कर लिया गया है, यह सारण पुलिस के लिए गर्व की बात है '

## संक्षिप्त खबरें

### आपसी विवाद मे दो पक्षों मे हुई मारपीट ,पांच घायल

बनियापुर । थाना क्षेत्र के सोहई गाजन गाव मे आपसी विवाद मे दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गयीं जिस मे दोनो पक्षों के दर्जन भर लोग घायल हो गए है जिन्हे इलाज के लिए स्थानीय रेफरल अस्पताल मे ले जाया गया,जहा प्राथमिकी उपचार के बाद चिकित्स्कों ने बेहतर इलाज के लिए छपरा भेज दिया।

घटना के संबंध मे बताया गया है कि आपसी विवाद मे जमकर मारपीट हो गयी,जिस घटना मे घायल रंजीत सिंह के ब्यान मे बताया गया है कि जान से मारने के नियत से गाव के शैलेश कुमार सिंह मनोज कुमार सिंह बृजेश कुमार सिंह अमन कुमार सिंह संदीप कुमार सिंह ने धारदार हथियार से बुरी तरह जख्मी कर दिया जिसमे निहाल कुमार कन्हैया सिंह प्रकाश सिंह भी जख्मी कर नगदी रुपये सहित आभूषण भी लूट ले गए है ।घटना मे पुलिस आगे की करवाई मे जुटी है।

### पुलिस ने महिला शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

परसा स्थानीय थाना क्षेत्र के परसौना में गुप्त सूचना के आधार पर परसा पुलिस ने छापेमारी करते हुए 5 लीटर देसी शराब के साथ एक महिला शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया.गिरफ्तार महिला शराब तस्कर पर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए जेल भेज दिया. वहीं मिजार्पुर में शराब पीकर हंगामा कर रहे एक शराबी को गिरफ्तार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिक की दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया. उक्त गिरफ़्तार महिला शराब तस्कर परसौना गाव निवासी स्व सुरेश पासवान की मंजू कुवर तथा गिरफ्तार शराबी मिजार्पुर गांव निवासी देवेंद्र मांझी का पुत्र सोमारू माझी बताया जाता है. इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि शराब धंधेबाज व शराबी को शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है.

### कोचिंग पढ़ने गई नाबालिग छात्रा का अपहरण

गड़खा। कोचिंग पढ़ने गई नाबालिग छात्रा का अपहरण कर ली गई। इस मामले में मढ़ौरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा की मां ने गड़खा थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई। जिसमें कहा कि उनकी पुत्री अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई करती थी। 3 जून को कोचिंग जाने के लिए निकली परंतु वापस नहीं आई ।खोजबीन आरंभ किया तो पता चला की बसंत रोड में कोचिंग में साथ में पढ़ने वाला गड़खा निवासी एक युवक से बातचीत करती थी ।उस दिन से वह भी अपने घर नही है ।वह भी फरार है। मेरी पुत्री 14 वर्ष की नाबालिक है जिसे बहला फुसलाकर अपहरण कर लिया है। कोई अनहोनी भी हो सकती है। पुलिस मामले में प्राथमिक की दर्ज कर वालों की कार्रवाई शुरू कर दिया है।

### ओवरलोड बालू ले जा रहे दो ट्रक को पुलिस ने किया जब्त, चालक गिरफ्तार

परसा ।स्थानीय थाना क्षेत्र के मुजौना बाजार से परसा पुलिस ने अवैध रूप से ट्रक पर बालू ले जा रहे दो ट्रक को जप्त करते हुए दोनों ट्रक के चालक को गिरफ्तार कर लिया.दोनों ट्रक मालिक व चालक पर खनन विभाग द्वारा प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस ने दोनों चालक को जेल भेज दिया गया.उक्त गिरफ्तार चालक अमनौर थाना क्षेत्र के कैतुका लछी गाव निवासी शंकर राय का पुत्र ओमप्रकाश राय तथा परसा थाना क्षेत्र के अन्याय गाव निवासी सत्येंद्र राय का पुत्र विक्की कुमार बताया जाता है. इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि अवैध रूप से बालू ले जाया जा रहा था. सूचना मिलते ही मुजौना बाजार से दो ट्रक को जप्त करते हुए चालक को गिरफ्तार करें शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है।

### धूल मिट्टी के पॉल्यूशन से दमघोंटू परेशानी बढ़ी

बेतिया( घनश्याम ) ।पर्यटन नगरी में सुमार वाल्मीकिनगर स्थित 3 आरडी चौक इन दिनों धूल मिट्टी के गर्दे से उत्पन्न पॉल्यूशन से पर्यटकों समेत स्थानीय लोग परेशान हो चलें हैं। बतादें की तीन आरडी के समीप हो रहे निर्माण कार्य मे ट्रैक्टर ट्रॉली से मिट्टी की ढुलाई होती है। ट्रैक्टरों द्वारा कम समय मे ज्यादा ढुलाई के लिए तेज गति से ट्रैक्टर चालक द्वारा चलाए जाने से ट्रॉली का मिट्टी सड़कों पर गिरता है। जो तेज हवाओं और वाहनों से उत्पन्न रफ्तार से उड़कर लोगों के आंखों और सांसों में घुसकर दमघोंटू स्थिति पैदा कर रही है। स्थानीय चाय नास्ते के दुकानदारों ने बताया कि नास्ते का सामान और टेबुल बेंच पर धूल का गर्द जम जा रहा है। साथ ही सांस लेने में परेशानी भी हो रही है। बतादें की इससे निजात दिलाने के लिए संवेदक द्वारा सड़क पर टेंकर द्वारा पानी छिड़का जाता है लेकिन मिट्टी पानी मे मिलकर चिकनाई बन जाता है जिस वजह से कई बाइक सड़क पर फिसलकर दुर्घटना का शिकार हो चुकी है।

# स्वच्छ वातावरण में कदाचारमुक्त करायी जायेगी आईटीआई प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा : उप विकास आयुक्त

प्रात : किरण, संवाददाता



रक्सौल। परीक्षा नियंत्रक,बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा को स्वच्छ निष्पक्ष एवं कदाचार रहित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभा भवन, मोतिहारी में केन्द्राधीक्षक, प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त समीर सौरभ के द्वारा संयुक्त ब्रिफिंग में कहा गया कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2024 को स्वच्छ वातावरण में कदाचार मुक्त संपन्न करायी जायेगी। यह परीक्षा जिला में कुल 15 परीक्षा केंद्रों पर 09 जून को 11 बजे पूर्वाह्न से 1:15 बजे अपराह्न तक संपन्न कराई जाएगी जिसमें कुल 6207 परीक्षार्थी भाग लेंगे। परीक्षा एक पाली में ली जायेगी। परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों को सुबह 8 बजे से परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति रहेगी। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पहले अर्थात 10:45 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा केन्द्रों पर विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी को परीक्षा अवधि के दौरान परीक्षा केन्द्रों की 200 मीटर की परिधि में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 लागू करने का निर्देश दिया गया है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर स्टैटिक दण्डाधिकारी, वरीय दण्डाधिकारी, केंद्र प्रेक्षक एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है, जो स्वच्छ वातावरण में परीक्षा सम्पन्न करायेंगे तथा परीक्षा केन्द्रों के आसपास भीड़ न लगे, इसे सुनिश्चित करायेगें। इसके अतिरिक्त गश्ती दल दण्डाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है, जो विधि व्यवस्था सहित शहरी क्षेत्र में फोटो स्टेट की दुकान पर विशेष नजर रखेंगे तथा परीक्षा केन्द्र के निकट के फोटो स्टेट के दुकानों को बंद करा देगें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी 7 बजे पूर्वा. तक अपनी प्रतिनियुक्ति स्थान ग्रहण कर लेंगे। परीक्षा केन्द के भीतर परीक्षार्थियों के अतिरिक्त अनाधिकृत प्रवेश वर्जित रहेगा तथा परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के समय परीक्षार्थियों की तलाशी निश्चित रूप से करा ली जाय। कोई भी परीक्षार्थी किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक उपकरण यथा मोबाईल, ब्लूटूथ, पेजर आदि लेकर नहीं जायेगा। परीक्षार्थी फुल शर्ट एवं जूता पहनकर केंद्र में प्रवेश नहीं करेंगे। हाफ शर्ट और चप्पल पहन कर परीक्षा देने परीक्षा केंद्र पर जाएंगे। परीक्षा में कदाचार करने या उसे प्रोत्साहित करने एवं आदेश का उल्लंघन करने वाले के विरूद्ध सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कठोर कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर जैमर लगाने का आदेश निर्गत है। परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति ली जाएगी। सभी केन्द्राधिक्षकों को निर्देश दिया गया कि परीक्षा कक्ष में बैठने सम्बधी सीट प्लान की एक प्रति मुख्य प्रवेश द्वार पर तथा एक प्रति सूचना पट पर लगाना सुनिश्चित करेंगें। उप विकास आयुक्त ने कहा कि जिला अन्तर्गत परीक्षा के सफल संचालन की सम्पूर्ण व्यवस्था के वरीय प्रभार में अपर समाहर्त्ता मुकेश कुमार सिन्हा रहेंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र पर पुलिस बल की यह जबावदेही रहेगी कि किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केन्द्र प्रभावित नहीं हो। परीक्षा केन्द्र पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी, वीक्षक के पास मोबाईल फोन नहीं रहेगा। उड़नदस्ता दल के पदाधिकारी भी मोबाईल लेकर परीक्षा केन्द्र के अन्दर प्रवेश नहीं करेंगे। मीडिया कर्मियों के परीक्षा केन्द्र के अन्दर प्रवेश पर रोक लगायी गयी है।

परीक्षा के दिन 07 बजे पूर्वा० से परीक्षा समाप्ति तक 06252- 242418 पर जिला नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा जिसका वरीय प्रभारी डीपीओ, आईसीडीएस को बनाया गया है। इस अवसर पर सभागार में उपस्थित सभी केंद्राधीक्षक, दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को अपर समाहर्ता पूर्वी चंपारण, अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय प्रशाखा, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा भी सभी को संबोधित किया गया।

# नीट रिजल्टः 672 अंक अर्जित कर श्रेया हुई सफल

छपरा कार्यालय।



नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट यूजी- 2024 में छपरा शहर के व्यवसायी मनोज कुमार सोनी के सुपुत्री श्रेया सोनी ने सफलता का परचम लहराया है। उन्हें कुल 672 अंक हासिल हुए हैं। जबकि 99.42 पर्सेंटाइल है। समान्य कोटि में उन्हें 5454 ऑल इंडिया रैंक हासिल हुआ है। श्रेया ने बताया कि उन्होंने शहर के इंपिरीयल स्कूल से मैट्रिक करने के बाद शंकर दयाल सिंह हाई स्कूल से इंटर किया। मेडिकल की तैयारी के लिए पहले कोचिंग लिया। उसके बाद सेल्फ स्टडी किया। अपनी सक्सेस मंत्र साझा करते हुए बताया कि उनके इंस्सेपेरेशन खुद पिता हैं। सेल्फ स्टडी को 10-12 घंटे देता था। जब तक मन करता था पढ़ती रहती थी । जब भी तनाव महसूस होता था तो अपनी मां सवीता देवी और शिक्षकों से बात करती थी। मेरे मम्मी-पापा और शिक्षक का मुझे बहुत सपोर्ट मिला है। शोसल मीडिया का इस्तेमाल से बिल्कुल दूरी रखी। पुराने पेपर का एनालिसिस और माक टेस्ट के माध्यम से यह अंक हासिल किए। मेरा मनना है कि पढ़ाई में रिवीजन और नियमितता जरूरी है। पांच-दस साल पुराने पेपर को हल करने से बहुत लाभ हुआ। ऐसा नहीं है कि परीक्षा में वही प्रश्न आएं। लेकिन उन्हीं प्रश्न पत्रों से मिलते जुलते सवाल आते हैं। जिन्हें हल करना आसान हो जाता है और समय भी बचता है। उन्होंने बतायी कि यह मेरा तीसरा अटेम्ट था। मगर मैं निराश नहीं हुई । प्रयास जारी रखा। डीमोटिवेट नहीं हों और लक्ष्य तय कर लगतार मेहनत पढ़ाई करें। सफलता मिलनी ही है। उन्होंने बतायी कि प्रवेश के लिए पटना एम्स मेरी पहली प्राथमिकता होगी। मेरी ईच्छा एमबीबीएस करने की है। ज्ञात हो कि गत सालों की आपेक्षा में इस बार पेपर काफी आसान था। इसलिए बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों ने सफलता अर्जित की है। अंदाजा है कि 610 नंबर से ऊपर वालों को सरकारी मेडिकल कालेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश मिल जाएगा।

### नाले के अतिक्रमण से ग्रामीण हुए चिंतित

लहलादपुर। प्रखंड क्षेत्र के धमसर गांव स्थित नाले का अतिक्रमण कर लिए जाने से अधिकतर ग्रामीण आने वाले वर्षात के मौसम को लेकर काफी चिंतित हैं, चुकि वर्षात के मौसम में इस नाले के माध्यम से जल निकासी नहीं होने के कारण गांव में लगभग ढाई-तीन फीट तक जल जमाव हो जाता है. जिससे बहुत लोगों को अपना घर छोड़कर विस्थापन की स्थिति बन जाती है. ग्रामीणों के अनुसार यह नाला धमसर गांव के पश्चिम टोला से बीच गांव होते हुए गंडकी नदी तक जाता है, जिससे होकर गांव से वर्षात का सारा पानी गंडकी नदी में गिरता है. सिर्फ धमसर गांव का ही नहीं बल्कि किसुनपुर लौआर पंचायत तथा सिवान जिले के भगवानपुर हॉट प्रखंड के कुछ गाँवों के भी जल जमाव इसी नाले से होकर गंडकी नदी में गिरता है. मगर कुछ लोगों ने नाले का अतिक्रमण कर उसपर दलान वैगरह बना लिया है तथा नाले के मुहाँने को मिट्टी से भर दिया है. जिससे इसबार कई घरों में पानी घुस जाने तथा अस्सी फीसदी फसल नुकसान होने की संभावना बनी हुई है. ग्रामीणों ने बताया कि इस नाले को अतिक्रमणमुक्त कराकर इसकी सफाई कराने के लिए प्रखंड स्तर से मुख्यमंत्री तक आवेदन दिया गया है, जिसपर दर्जनों ग्रामीणों ने हस्ताक्षर बनाया है.

# भेल्दी में फर्नीचर दुकान में लगी आग,लाखों की संपत्ति खाक

भेल्दी( सारण ) । अमनौर प्रखण्ड के कोरेया पंचायत के हकमा पुराना हॉस्पीटल के समीप गुरूवार की रात एक फर्नीचर दुकान में आग लगने से करीब 10 लाख की संपत्ति जलकर खाक हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अमनौर थाने के मुड़ा निवासी भदई शर्मा के पुत्र सनोज कुमार शर्मा गुरूवार की देर शाम हकमा पुराना हॉस्पीटल स्थित अपनी फर्नीचर दुकान को बंद कर घर चले गए ।रात्रि के करीब 12 बजे दुकान में आग लग गई और पू-धू कर जलने लगी ।आग की लपटें देख आस-पास के ग्रामीण दौड़े और आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड व भेल्दी थाने को दो ।फायर ब्रिगेड की दो गाडियां मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने में जुट गई ।आग लपटें देख ग्रामीण काफी भयभीत हो गए ।घंटों काफी मशक्कत के बाद आग पर तो काबू पा लिया गया मगर आग बुझाने के पूर्व एक दर्जन से अधिक पलंग,हवा मशीन,वेल्डिंग मशीन,कटर मशीन,कीमती लकड़ी जलकर खाक हो गई ।फर्नीचर दुकान में आग लगने के बाद आग की लपटें बगल के तारकेश्वर राय के मिठाई दुकान में पकड़ ली जिससे पलानी जल गए ।इसके ठीक बगल में स्थापित हनुमान जी की मूर्ति भी जल गई है ।आग कैसे लगी इसके कारणों का पता नहीं चल सका है ।तरवार पंचायत के मुखिया पंकज कुमार ने अग्निपीड़ितों को सरकारी मुआवजा देने की मांग की है। हवा मशीन के फटने के बाद भागने लगे इधर-उधर आग लगने के बाद फर्नीचर दुकान के अंदर रखे हवा मशीन के फटते ही जब जोरदार धमाका हुआ तो आग बुझाने वाले इधर-उधर भागने लगे और कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई ।अगलगी की इस घटना में बजरंगबली की मूर्ति की भी आंशिक क्षति हुई है ।अगलगी की इस भीषण घटना में सब कुछ स्वाहा होने के बाद दुकानदार का रो-रोकर बुरा हाल है।

### मैनाटांड से चोरी हुई बाइक को पुलिस ने ढूंढा

बेतिया( घनश्याम ) ।मैनाटांड पुलिस ने मैनाटांड बाजार से चोरी की बाइक सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है. मैनाटांड़ थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि माइक्रो फाइनेंस कंपनी में काम करने वाले प्रदीप कुमार शुक्ला की बाइक किराए के आवास पर से चोरी कर ली गई. थानाध्यक्ष ने बताया कि वाहन मालिक प्रदीप कुमार शुक्ला के आवेदन पर छानबीन के दौरान रमपुरवा निवासी रमेश यादव का पुत्र आशीष कुमार को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया. थानाध्यक्ष ने बताया कि युवक आशीष कुमार ने अपनी चोरी स्वीकार की है. उन्होंने बताया की इस मामले में उसके साथ एक और संलिप्त युवक है. पूछताछ करने पर मैनाटांड़ निवासी जोखम प्रसाद का पुत्र अमर किशोर उर्फ सुकट प्रसाद को भी गिरफ्तार कर लिया गया. इधर थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि आशीष कुमार ने एक और घटना का अंजाम दिया है.

# गायब हुए छात्र का शव बरामद

प्रात : किरण, संवाददाता



परसा । स्थानीय पुलिस ने परसा से गायब हुए छात्र का सोनपुर गंगाजल बबूरबानी नदी तट से शव को बरामद कर लिया है। मृतक परसा थाना क्षेत्र के भलवाहिया मारर निवासी पंचम राय का 25 वर्षीय पुत्र मिथलेश कुमार बताया गया है । जो परसा स्थित प्रभुनाथ कालेज में बी ए पार्ट 1 का छात्र था ।पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया । घटना की सूचना मिलते ही स्वजनों के रोदन क्रंदन से कोहराम मच गया।

घटना के संबंध में चाचा सरोज राय ने बताया कि मिथलेश बीते दिनों घर से परसा बाजार करने निकले और देर रात्रि तक गायब होने को लेकर तीन जून को परसा थाने में मृतक के भाई दिनेश कुमार ने गुमशुदगी को लेकर सनहा दर्ज कराई थी ।इधर पुलिस गायब हुए छात्र के मोबाइल लोकेशन के आधार पर छानबीन में जुटी थी । इधर स्वजनों द्वारा खोजबीन में सोनपुर के गंगाजल में अपने मौसी के यहां मिथलेश के बारे में रहने की सूचना मिली । भाई संजय राय ने बताया कि सोनपुर में रहने की सूचना पर हमलोग पहुंचे तो संबंधियों द्वारा गंगा नदी में स्नान करने के दौरान डूबने से मौत होने की बाते बताई गई है । इधर घटना की सूचना पर पूर्व मुखिया राजेंद्र राय, गायत्री देवी,प्रो.विमल प्रसाद,मुखिया आशिफ असलम, पैक्स अध्यक्ष लालबाबू राय ,सरपंच आदम अली ने शोक संतप्त स्वजनों से मिलकर ढाढस बाधाया । इधर घटना को लेकर दादा शिवपूजन राय,पिता पंचम राय,चाचा सरोज राय,दादी सिंगारो देवी,माता शैल देवी,भाई दिनेश कुमार,बहन चंदा देवी,मुन्नी देवी,सोनी कुमारी का रो रो कर बुरा हाल है। वही पूरे गांव में मातम है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना को लेकर प्राथमिकी किए जाने पर अग्रेतर करवाई की जाएगी।

# भव्या ने नीट की परीक्षा पास कर जिले का नाम किया रोशन



BHAVYA SHARMA
16/02/2024

गड़खा निवासी भव्या शर्मा ने नीट 2024 की परीक्षा पास कर परिजनों सहित जिले का नाम रौशन किया है। उनकी सफलता से परिवार सहित पूरे गांव और गड़खा बाजार में खुशी की लहर है। सिरसा बली गांव निवासी डॉ त्रिलोकी शर्मा और डॉ मंजू कुमारी की पुत्री भव्या ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है। भव्या ने 720 में 677 अंक प्राप्त किया है। उन्हें आल इंडिया रैंक में 10182 वां स्थान प्राप्त हुआ है। भव्या ने हाईस्कूल की परीक्षा वर्ष 2020 में पास की थी। इसके बाद वर्ष 2022 में सीएचएस वाराणसी से प्लस टू की परीक्षा पास की थी। इसके बाद वह नीट की तैयारी में जुट गई। अपनी सफलता को लेकर भव्या का कहना है कि इसमें उनकी मेहनत के साथ उनके माता-पिता का आशीर्वाद रहा है।

# नीट परीक्षा में नरकटियागंज के अनिकेत और हैप्पी कुमारी ने मारी बाजी

नरकटियागंज। नीट परीक्षा में नरकटियागंज के अनिकेत और हैप्पी कुमारी ने बाजी मारी है। व्यवसायिक अविनाश कुमार एवं गृहणी माता शोभा बरनवाल के पुत्र ने सफलता पाई है। तथा वार्ड नंबर 9 के राजेश बरनवाल माता पुनीता बरनवाल के पुत्री हैप्पी कुमारी ने सफलता पाई है। अनिकेत और हैप्पी कुमारी ने बताया कि उसकी प्रारंभिक शिक्षा नरकटियागंज के डीएवी स्कूल में हुई है अनिकेत ने कहा कि माता-पिता के प्रेरणा से वह सफलता के इस मुकाम पर पहुंचा है। वही हैप्पी कुमारी ने बताया कि आप अपने लक्ष्य में जब भी कमजोर हो रहे हो तो अपने माता-पिता की सपने को याद कर लो सफलता खुद व खुद मिल जाएगी। अनिकेत ने बताया कि वह न्यूरोलॉजिस्ट बनकर देश की सेवा करना चाहता है उसने अपनी सफलता के श्रेय अपने माता-पिता गुरुजन को देते हुए बताया कि सही मार्गदर्शन से कोई भी सफलता पाई जा सकती है। अनिकेत के पिता अविनाश कुमार ने बताया कि अनिकेत पढ़ाई में शुरू से ही मेधावी रहा है वह केवल किताबों में उलझा रहता था नतीजा सबके सामने है। और हैप्पी कुमारी के पिता राजेश बरनवाल ने कहा कि हैप्पी कुमारी के पुत्री के रूप में पाकर हम लोग बहुत खुश हैं यह हमारी कुल के नाम रोशन की है।

# शांतिपूर्ण ढंग से शुरू हुई इग्नू की सत्रांत परीक्षा

रक्सौल। प्रत्येक सत्रांत में आयोजित होने वाले इग्नू की परीक्षा इस बार भी इग्नू अध्ययन केंद्र 46020 स्थानीय खेमचंद ताराचंद महाविद्यालय में आयोजित की गई। उक्त सत्रांत परीक्षा-2024 की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से शुरू हुई। केंद्र के केंद्राधीक्षक डॉ. जयनारायण प्रसाद के द्वारा बताया गया कि प्रथम पाली में कुल 5 छात्रों में 4 उपस्थित हुए एवं द्वितीय पाली में कुल 70 छात्रों में 61 उपस्थित हुए। उक्त परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में प्रवीण कुमार, काजल कुमारी, संजीत कुमार, नीरज सिंह, कृष्णा प्रसाद, राहुल कुमार व राकेश कुमार की भूमिका सराहनीय रही।

# राजनीतिक प्रताड़ना के खिलाफ महागठबंधन मजबूती से लड़ेगा:राजद

प्रात : किरण, संवाददाता




बेतिया मोहन सिंह । इंडिया महागठबंधन और मुखिया महासंघ, पश्चिम चम्पारण के नेतृत्व में सैकड़ों लोग बेतिया शहर में न्याय मार्च निकाल कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर सभा किया और एक प्रतिनिधिमंडल जिला पदाधिकारी के अनुपस्थित में डी एम राजीव कुमार सिंह को एक स्मार पत्र देकर मुकदमा वापस लेने की मांग किया । सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले विधायक वीरेंद्र गुप्ता ने कहा केन्द्र सरकार जिस तरह अपने राजनीतिक विरोधियों को ई०डी०. सी० बी० आई, आई० बी० व अन्य संस्थाओं के द्वारा डरा धमका कर फर्जी मुकदमों में जबरन जेल भेज रही है। वैसे ही यहां भाजपा अपने राजनीतिक विरोधी पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक राजनीतिक कार्यकताओं को प्रशासन को मेल में लेकर मुकदमा द्वारा प्रताड़ित कर रही है। विगत लोकसभा चुनाव में एन० डी० ए० प्रत्याशी के खिलाफ इंडिया महागठबंधन के लिए चुनाव प्रचार-प्रसार करने के वजह से चुनाव प्रक्रिया के दौरान ही भाजपा सांसद संजय जयसवाल और नौतन विधायक नारायण प्रसाद द्वारा भाकपा ( माले ) नेता और मुखिया नवीन कुमार के पंचायत पर जाँच बैठवा दिया गया। चुनाव बितते बैरिया थाने में काण्ड संख्या- 179/24 दर्ज करा दिया गया। मुखिया महासंघ के जिला अध्यक्ष अफसर इमाम ने कहा पूर्व में भी नौतन विधायक द्वारा पटना में प्रधान सचिव, उप मुख्यमंत्री को आवेदन देकर बैरिया पंचायत का जाँच कराया जा चुका है। जाँच में उनका आरोप निराधार निकला। राजद के मुख्य प्रवक्ता प्रभु यादव ने कहा बैरिया थाना परिसर में नवम्बर में पन्द्रवी वित्त आयोग मद से ग्राम पंचायत द्वारा छठ घाट, सीढ़ी निर्माण कराया गया। उसी तालाब के किनारे पंचायत समिति मद से तालाब से मिट्टी काटकर छठा वित्त आयोग मद द्वारा छठ घाट बनाया गया तथा ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा द्वारा छठ घाट के प्रांगण में मिट्टी भराई तथा पेबर ब्लॉक का कार्य कराया गया है। पंचायती राज का कार्य पंचायत सेवक, पंचायत रोजगार सेवक, कनीय अभियन्ता, मनरेगा के पी० ओ० कराते है। लेकिन सांसद और विधायक के दबाव में मुखिया पर मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। राजद जिलाध्यक्ष साहेब हुसैन अंसारी ने कहा पूर्व में भी भाजपा के द्वारा बगही बघम्बरपुर के पूर्व मुखिया, जिला परिषद् उपाध्यक्ष पर राजनीतिक प्रभाव में लेने के लिए जाँच बैठवाया गया था। इस तरह से हाथापाई प्रताड़ना पर रोक लगाया जाय। कांग्रेस नेता शिवरतन यादव ने कहा चुनावी राजनीति को लेकर मुखिया पर छः महीने बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया गया है जो सरासर गलत है। भाकपा नेता केदार चौधरी ने कहा मुकदमा का निष्पक्ष जांच कर मुखिया नवीन कुमार को मुक्त किया जाए। माले नेता सुनील कुमार राव ने कहा भाजपा भयादोहन की राजनीति कर रही है। सरकार का नाजायज फायदा उठा सामाजिक, राजनीतिक कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों को प्रताड़ित कर रही है ।यह मनमानी नहीं चलेगा ।जब तक मुकदमा वापसी नही होता आंदोलन जारी रहेगा। कांग्रेस के यादवेन्द्र यादव ने कहा हम इंडिया महागठबंधन और मुखिया महासंघ, पश्चिम चम्पारण के लोग माँग करते है कि मुखिया नवीन कुमार पर बैरिया थाना में दर्ज काण्ड संख्या- 179/24 वापस लिया जाय। राजद के हरिशंकर यादव ने कहा राजनीतिक प्रभाव में लाने के लिए भाजपा के प्रभाव में प्रशासन, पंचायत प्रतिनिधियों, राजनीतिक विरोधियों पर मुकदमा करने की परम्परा बन्द करें। कार्यक्रम में माले नेता मंगल चौधरी, फरहान राजा,रिखी साह, जवाहर प्रसाद, संजय यादव, दिनेश गुप्ता अशोक मुखिया,शिव प्रसन्न मुखिया, सुनील यादव, ठाकुर साह, सुरेन्द्र साह, हेमंत साह,रवि कुमार आदि मौजूद थे।

# कालाजार उन्मूलन की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है पूर्वी चम्पारण

- घोड़ासहन, अरेराज, पताहीं, रामगढ़वा प्रखंड में पिछले 3 वर्षो से नहीं मिले कालाजार के मरीज

प्रात : किरण, संवाददाता



मोतिहारी। जिले के घोड़ासहन, अरेराज, पताहीं और रामगढ़वा प्रखंड में पिछले 03 वर्षों से नहीं कालाजार के एक भी मरीज नहीं मिले है। इसके अलावे वर्ष 2024 में मई माह तक जिले में मात्र 6 कालाजार एवं 2 पीकेडीएल के मरीज मिले हैं। उक्त आंकड़ा इस अभियान पर बल देता है कि 27 प्रखंडों वाला जिला पूर्वी चम्पारण से कालाजार बीमारी का उन्मूलन काफी तेजी से हो रहा है। इस संबंध में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शरत चंद्र शर्मा ने कहा कि इस वर्ष 23 प्रखंडों में ही सिंथेटिक पाराथराईड दवा की छिड़काव 05 जून से 16 अगस्त तक से अगले 60 दिनों तक कार्य दिवस तक किया जाएगा। ताकि बालू मक्खियों का समूल नष्ट हो सकें। भीडीसीओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि 113 राजस्व गांवों,110 पंचायतों व 182888 घरों में कुल 912867 जनसंख्या वाले इलाकों में दवा की छिड़काव होना है। उन्होंने बताया कि कुल छिड़काव दल 50 हैं। जिन्हें छिड़काव हेतु प्रशिक्षण दिया जा चुका है। राज्य मे पूर्वी चम्पारण जिला कालाजार के मरीजों के इलाज व जागरूकता में काफी अग्रणी साबित हो रहा है। यहां पिछले 4 वर्षों के आंकड़ों के अनुसार कालाजार के मामलों में काफी कमी आ रही है। वर्तमान में इस जिले में 75 प्रतिशत तक मरीजों के मामलों में कमी आ चुकी है ।वर्ष 2018-196, 2019- 119, 2020-69, 2021-67, 2022-67,2023-26,2024-06 भीएल( कालाजार )के मरीज प्रतिवेदित हुए है। पिछले कुछ वर्षों में स्वास्थ्य विभाग के अथक प्रयास व जागरूकता के कारण जिले में कालाजार के मरीजों की संख्या काफी कम हो गई है ।वीडीसीओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि कालाजार के मरीजों का फॉलोअप जांच 1 माह, 6 माह एवं 12 माह पर की जाती एवं रिपोर्ट को पुनः कामिश वेब पोर्टल पर अपलोड किया जाता है। जिसकी निगरानी जिला स्तर के पदाधिकारियों द्वारा की जाती है।

पूर्वी चंपारण के 27 प्रखंडों में कालाजार के मरीजों की जांच व इलाज की सुविधाएं उपलब्ध है ।कालाजार से बचाव को लेकर जागरूकता के लिए प्रचार रथ, माइकिंग कराया जाता है, ताकि लोग कालाजार से बचाव को लेकर सरकार के संदेश जान सकें। राज्य व केंद्र सरकार के द्वारा कालाजार के मरीजों के आर्थिक सहायता हेतु 66 सौ रुपए दी जाती है। वहीं भारत सरकार द्वारा 500 अलग से दी जाती है। उन्हें कुल 7100 रुपयों की आर्थिक सहायता दी जाती है। कालाजार होने पर व्यक्ति को 2 हफ़्तों से ज्यादा बुखार, तिल्ली का बढ़ जाना, भूख नहीं लगना, वजन में कमी, चमड़े पर दाग होना तथा खून की कमी बड़ी तेजी से होने लगती है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# आरा ,बक्सर,सासाराम,कैमूर

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शनिवार, 08 जून, 2024

## पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़, दोनों तरफ से हुई गोलीबारी

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। भोजपुर जिले से इस वक्त एक बड़ी खबर आ रही है वहां पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई है। दोनों तरफ से एक दर्जन से ज्यादा राउंड फायरिंग हुई है। जिसमें भागने के क्रम में एक अपराधी गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। वही एक पुलिसकर्मी को भी चोट लगी है। घटना चरपोखरी थाना क्षेत्र के सीआडीह और कथराई बधार की है। बताया जाता हे कि जब बदमाशों की गोलियां खत्म हो गईं तो पुलिस ने उन्हें ईंट से मारकर घायल कर दिया और फिर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस और बदमाशों के बीच करीब 45 मिनट तक फायरिंग हुई। पुलिस लूट की एक घटना में शामिल आरोपियों को पकड़ने गई थी। पुलिस ने अपराधियों की घेराबंदी कर ली। तभी अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।

दरअसल गुरुवार शाम फाइनेंस कर्मी से तीन अपराधियों ने कलेक्शन के 1,83,900 रुपए लूटे थे। पीड़ित ने थाने में आवेदन दिया था। पुलिस को सूचना मिली कि अपराधी वारदात स्थल से करीब 20 किमी दूर हैं। पुलिस ने वहां जाकर घेराबंदी की तो बदमाश ने फायरिंग कर दी। अन्य अपराधियों की तलाश जारी है। घटना चरपोखरी थाना क्षेत्र के सियाडीह टोला के पास की है।

जगदीशपुर थाना के स्टेट हाईवे पर तेंदूनी मोड़ के पास फाइनेंस कंपनी कर्मचारी से लूटपाट हुई थी, मोबाइल भी छीन लिया गया था। पीड़ित पप्पू कुमार जहानाबाद के पारस बीघा क्षेत्र के मुंशीचक गांव निवासी सुरेंद्र यादव के बेटे हैं। जो जगदीशपुर नगर स्थित स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल लिमिटेड में ऋण अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं।

पीड़ित कर्मी ने आवेदन में लिखा कि ऋण का पैसा वसूल कर जगदीशपुर लौट रहे थे। तभी तेंदूनी गांव के पास बदमाशों ने ओवरटेक कर धक्का देकर गिरा दिया और बाइक की चाबी छीनकर डिक्की में रखे नगद ले गए। पीड़ित ने बदमाशों के गड़हनी की तरफ भागने की बात बताई। पुलिस को सूचना मिली थी कि हथियारबंद लुटेरे चरपोखरी के सियाडीह गांव के समीप दिखे हैं।

पीरो डीएसपी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि कल जगदीशपुर में लूट की घटना हुई थी। अपराधी सियाडीह गांव के अंडरपास की ओर देखे गए। इसके बाद भोजपुर पुलिस की स्पेशल टीम ने अपराधी की गिरफ्तारी के लिए मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। जिसके बाद अपराधी वहां से भाग गया और सियाडीह टोला के पोखरा के समीप पहुंचकर फायरिंग शुरू कर दी। इधर से पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की। एक पुलिसकर्मी ने अपराधी को ईंट से मारकर जख्मी कर दिया। फिर उसकी गिरफ्तारी हुई। इलाज के लिए चरपोखरी पीएचसी में भर्ती कराया गया। अन्य बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव का शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। शहर के जेल रोड स्थित श्री दिगंबर जैन चंद्रप्रभु मंदिर में मुनिसंघ सेवा समिति के तत्वावधान में श्री पंचायती मंदिर आरा के द्वारा आयोजित पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को घटयात्रा निकालकर किया गया। परम पूज्य आचार्य चर्याशिरोमणी श्री 108 विशुद्धसागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 सुप्रभसागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 प्रणतसागर जी महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव हो रहा है। जैन समाज के अध्यक्ष कमलेश कुमार जैन ने बताया कि प्रतिष्ठाचार्य पं मुकेश जैन शास्त्री गुरुग्राम सह प्रतिष्ठाचार्य पं अखिलेश जैन शास्त्री रामगढ़ा के कुशल निर्देशन में एवं संगीतकार ऋषि जैन भोपाल टीम के सुमधुर संगीत तथा टीकमगढ़ से पधारे सन्मति ग्रुप के दिव्य घोष की टीम के माध्यम से पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव बड़े ही भक्तिपूर्वक संपन्न हो रहा है। मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया की धर्मनगरी आरा के पावन धरती पर दिगंबर जैन साधु का प्रवास हो रहा है तथा उनके मंगल सानिध्य में ही पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव होना आरावासियों के लिए बड़े ही पुण्य के साथ सौभाग्य का विषय है। पंचकल्याणक महोत्सव में शामिल होने के लिए देश के अनेकों प्रांत एवं नगरों से भक्त आरा पहुंच रहे है। कार्यक्रम संयोजक डॉ शशांक जैन ने बताया की देव, शास्त्र, गुरु की आज्ञा प्राप्तकर प्रातः समय में घटयात्रा चंद्रप्रभु मंदिर से निकलकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर पहुंची तत्पश्चात सकलीकरण, इंद्र प्रतिष्ठा, यज्ञ प्रतिष्ठा, मंडप प्रतिष्ठा, मंगल कलश स्थापन, ध्वजारोहण, अखंड दीप प्रज्वलन, यज्ञ मंडल आराधना हुआ। संध्या समय में मुनिश्री के द्वारा सम्यक समाधान के उपरांत संगीतमय महाआरती, जिनवाणी वाचन, गर्भ कल्याणक, सौधर्म इंद्र की सुधर्मा सभा इत्यादि कार्यक्रम संपन्न हुआ। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा में भगवान के माता-पिता शुचि-सुकुमार जैन, सौधर्म इंद्र-इंद्राणी डॉ श्वेता-भावेश जैन, धन कुबेर मंजुला-आदेश जैन, ईशान इंद्र सरला-राजेन्द्र कुमार जैन, स्वर्ण सौभाग्यवती जोड़ा कीर्ति-अखंड जैन, रिया-अभिषेक जैन एवं अन्य लोगों को प्रमुख पात्र बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। महोत्सव को सफल बनाने के लिए जैन समाज के बच्चें, युवक-युवतियो के साथ पुरुष एवं महिलाओं का आमुख योगदान मिल रहा है।

## ननि आयुक्त की अध्यक्षता में नगर निगम द्वारा कराए जा रहे नाला,नालियों की सफाई की गई समीक्षा



प्रात : किरण संवाददाता

गया। नगर निगम आयुक्त अभिलाषा शर्मा, गया नगर निगम की अध्यक्षता में गया नगर निगम द्वारा कराए जा रहे नाला,नालियों की सफाई की समीक्षा की गई है। नाला,नाली की सफाई की समीक्षा के क्रम में बैठक में बताया गया की अधिकतर वार्ड में नाला,नालियों की सफाई लगभग 90 प्रतिशत हो गई है एवं युद्धस्तर पर चल रही है। बताया गया की सभी बड़े नालों की सफाई करा ली गई है। मशीन से भी दो शिफ्ट में सफाई कराई जा रही है। इस बैठक में पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि हिट वेव में ज्यादा पड़ रहे गर्मी के कारण सफाई मजदूरों के थोड़ा कम आने के कारण कुछ नाला,नाली की सफाई में थोड़ी देरी हुई है, वैसे अब सफाई कार्य तेजी से चल रही है और तीन चार दिनों में सफाई पूरी हो जाने की संभावना है। आगे निर्देश दिया जाता है कि पांच दिनों के अंदर नाला, नाली की सफाई पूरी कर लें। इस बैठक में निर्देश दिया गया की वार्ड पार्षदों द्वारा वार्ड की नालियों की जो नई सूची दी थी, वैसे नालियों की सफाई वार्ड के सफाई कर्मियों से कराने का बोर्ड द्वारा निर्णय लिया गया था। नोडल पदाधिकारी सफाई एवं मुख्य सफाई निरीक्षक को निर्देश दिया गया की नई सूची में जो महत्वपूर्ण नालियां है उसे अतिरिक्त मजदूर देकर शीघ्र सफाई सुनिश्चित कराएं। वार्ड के सफाई जमादार एवं सफाई जोनल प्रभारी को भी निर्देश दिया गया की चार से पांच दिनों के अंदर नालियों की सफाई पूर्ण करा लें,नही तो कार्यवाई की जाएगी।

वार्ड पार्षद वार्ड संख्या 52 द्वारा वार्ड संख्या 52 में चल रहे नाला सफाई के संवेदक के कार्य पर शिकायत की गई थी, जिसके आलोक में संवेदक को नोटिस करने का निर्देश दिया गया एवं मुख्य सफाई निरीक्षक को स्थल जांच करने का निर्देश दिया गया है ।सभी कनीय अभियंता को पुनःनिर्देश दिया गया कि सफाई में नाली स्लैब टूट गया हो, पहले लाल कपड़ा से मार्किंग कराते हुए अविलंब स्लैब मरम्मती कराएं ।सभी सफाई पर्यवेक्षक को पुनः सख्त निर्देश दिया गया कि नाली सिल्ट का उठाव गैंग प्रभारी, वाहन प्रभारी से गाड़ी लेकर करना सुनिश्चित करेंगे।

मानपुर क्षेत्र में नाला सिल्ट समय से नही उठाए जाने की शिकायत आ रही है, अतः जोनल सफाई प्रभारी एवं मुख्य सफाई निरीक्षक को सिल्ट समय से उठवा लेने का निर्देश दिया गया है ।इस समीक्षा बैठक में नोडल पदाधिकारी सफाई, सभी सहायक लोक स्वक्छता पदाधिकारी, मुख्य सफाई निरीक्षक, सफाई जोनल प्रभारी एवं अन्य उपस्थित थे।

## मोदी के नेतृत्व में देश एक बार पुनः विकसित राष्ट्र : डॉ मनीष पंकज मिश्रा



प्रात : किरण संवाददाता

गया। एनडीए संसदीय दल की बैठक में देश के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह के द्वारा देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का का नाम का प्रस्ताव रखा पूरा सदन ताली के गराहत से स्वागत किया गया और प्रस्ताव के समर्थन में नीतीश कुमार , जीतन राममांझी चिराग पासवान सहित एनडीएके नेताओं के द्वारा समर्थन किया गया है ।संसदीय दल के नेता चुने जाने पर गया जिला भाजपा किसान मोर्चा सह प्रभारी डॉ मनीष पंकज मिश्रा एवं भाजपा जिला उपाध्यक्षराजेंद्र प्रसाद अधिवक्ताने देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को गया के पावन धरती से बधाई और शुभकामना देते हुए कहा जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीसरी पारी एनडीए गठबंधन के नेता नरेंद्र भाई मोदी करेंगे मोदी के नेतृत्व में देश एक बार पुनः विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ेगा संसदीय दल के नेता चुने जाने पर बधाई और शुभकामना देने वालों में गया जिला भाजपा के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक,जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर सहकारिता मंच के संयोजक दयानंद पांडे व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक दीपक पांडे भाजपा के वरिष्ठ नेता राणा रणजीत सिंह सुनील बंबईया, अशोक प्रसाद भारती एस राजेश आनंद अधिवक्ता राकेश कुमार अधिवक्ता नागेंद्र प्रसाद शर्मा अधिवक्ता सारिका वर्मा पम्मी सिंह महेश यादव मंटू कुमार बबलू गुप्ता आदि लोगों ने बधाई शुभकामना दी है।

## सिविल सर्जन ने अनुमंडल अस्पताल का किया निरीक्षण गायब मिले कई चिकित्सक

- गायब चिकित्सको का सिविल सर्जन ने काटी हाजरी,
- कई चिकित्सक चलाते है निजी अस्पताल

प्रात : किरण संवाददाता



शेरघाटी। गया सिविल सर्जन ने शुक्रवार को अनुमंडलीय अस्पताल सह ट्रॉमा सेंटर का औचक निरीक्षण गया के सिविल सर्जन डॉ रंजन कुमार सिंह ने किया. उन्होंने ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, शिशु वार्ड के अलावा अन्य वार्डो का निरीक्षण किया. इस दौरान ड्यूटी से गायब रहने वाले अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर जितेंद्र कुमार सिंह, आई स्पेशलिस्ट डॉक्टर मनोज कुमार एवं डॉक्टर शिखा आदि को उपस्थित नही रहने पर रजिस्टर अब्सेंट भी लगाया. उन्होंने कहा कि डॉक्टरों के गायब रहने का सिलसिला अस्पताल में जारी है.

उन्होंने कहा जांच के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि अस्पताल में रोस्टर के हिसाब से चिकित्सक ड्यूटी पर नहीं रहते हैं. कई चिकित्सक अपने निजी क्लीनिक में काम करते हैं,

इसकी रिपोर्ट विभाग को भेजी जाएगी. उन्होंने उपाधीक्षक के गायब रहने पर नाराजगी व्यक्त किया. सिविल सर्जन ने कहा की अस्पताल में दो आई स्पेशलिस्ट है बावजूद इसके यहां के मरीजों को सुविधा नहीं मिल पा रही है. बहुत जल्द आंख के मरीज को आंख से संबंधित बीमारियों का इलाज अस्पताल में शुरू किया जायेगा.

उन्होंने कहा कि कुछ सामानों की कमी है जिसे यथाशीघ्र पूरा किया जाएगा. इसी प्रकार अल्ट्रासाउंड के जांच में बने गतिरोध को भी उन्होंने दूर करने की बात कही.

उक्त दौरान जांच करते हुए उन्होंने अनुमंडलीय अस्पताल से गायब रहने वाले चिकित्सकों पर कार्रवाई करने की भी बात कही बता दे की काठी अनुमंडलीय अस्पताल बीसीएम समेत अन्य चिकित्सा को भी गायब होने की बात सूचना सिविल सर्जन को दी गई थी ऐसे में देखा जाए तो शेरघाटी अनुमंडलीय अस्पताल में लगातार कई विभाग के कर्मचारी व अधिकारी भी गायब रहते हैं जिससे आम लोगों के साथ-साथ कार्यालय में काम करने वाले लोगों को भी काफी समस्या होती है जांच के दौरान उन्होंने अस्पताल को बेहतर साफ सफाई में रखने भी बात कही है, जांच के दौरान डॉक्टर उदय कुमार डॉ अमित कुमार इला माधवी, डॉक्टर विद्या ज्योति समेत कई लोगों उपस्थित थे।

## घर मे बुलाकर बनाया बंधक किया जानलेवा हमला

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी। घर मे बुलाकर गाली गलौज करते हुए 20 लाख रुपया रंगदारी की मांग करने एवं बेरहमी से मारपीट के आरोप में पुलिस ने श्रीरामपुर मुखिया समेत तीन लोगों पर हुआ मुकदमा दर्ज घटना शेरघाटी प्रखंड के श्रीरामपुर पंचायत के मुखिया संजय सिंह उनके भाई मनीष कुमार सिंह एवं शहर के बड़की बाग मुहल्ला के रहने वाले मनोज यादव के खिलाफ आमस थाना क्षेत्र के चतुरे खाप गांव के रहने वाले उमेश यादव ने मुकदमा दर्ज किया है,पुलिस से की गई शिकायत में पीड़ित ने कहा है कि मनोज यादव के द्वारा मेरे मोबाइल पर फोन करके अपने घर बुलाया.जब मैं न उनके घर पर पहुंचे.तभी वहां पहले से घात लगाकर बैठे मुखिया संजय सिंह एवं उनके भाई मनीष कुमार सिंह मेरे साथ मारपीट करने लगा उन्होंने पुलिस को बताया कि मुखिया ने कमर से रिवॉल्वर निकालकर उसके बट से आंख के नीचे मारा जिससे गंभीर चोट लगी है. जिससे आंख में दिक्कत हो गया है, तत्पश्चात कनपटी पर पिस्टल सटाकर गाली देते हुए 20 लाख रुपए रंगदारी की मांग करने लगा और जानलेवा हमला किया. इस दौरान मनोज यादव ने मेरे पैकेट में रखे लगभग 50 हजार रुपए छीनलिया जबकि मनीष सिंह ने मेरे गले से सोने का चेन छीन लिया. उक्त लोगों के द्वारा धमकी देते हुए एक महीने के भीतर रंगदारी नहीं देने पर गोली मार देने की धमकी दिया है.

इधर पीड़ित ने इस घटना को लेकर पुलिस से न्याय का गुहार लगाया है. इंस्पेक्टर अजीत कुमार ने बताया कि घटना 2 दिन पूर्व का है. पीड़ित के द्वारा 5 जून को शिकायत की गई थी.

जांच के उपरांत पुलिस ने पीड़ित के शिकायत पर प्रथम दृश्या में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दिया गया है,जिससे पीड़ित डर से घबराया हुआ है

## एनसिएंट हिस्ट्री के लेखक डॉ विजय कुमार सिंह किए गए सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट औरंगाबाद के तत्वावधान में स्मृति स्थल के प्रांगण में ट्रस्ट के वरीय सदस्य,एनसिएंट हिस्ट्री के लेखक वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के प्रोफेसर विजय कुमार सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह ने किया जबकि संचालन सचिव स्वर्णजीत कुमार सिंह द्वारा किया गया। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डॉ ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह एवं डॉ संजीव रंजन, कोषाध्यक्ष विकास कुमार सिंह, वरीय कांग्रेसी नेता राशिद अली खान,अभिषेक प्रताप सिंह उर्फ चुलबुल सिंह, पूर्व नगर पार्षद व्यास राम,सक्रिय सदस्य मनोज कुमार सिंह,चंदन सिंह चौहान,वरीय सदस्य रामप्रवेश सिंह,गोरखनाथ सिंह, प्रमंडलीय



शिक्षक संघ के नेता रामभजन सिंह,मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी,डॉ ऋत्विक ने डॉ विजय कुमार सिंह को अंग वस्त्र,पुष्प गुच्छ,पुष्प हार,लेखनी एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया ।संबोधन के क्रम में लेखक ने कहा कि यह पुस्तक अमेरिकी प्रकाशन संस्था मैकग्राहिल से प्रकाशित है एवं इसमें प्राचीन इतिहास के बारे में वैज्ञानिक विश्लेषण किया गया है जो यूपीएससी,जेपीएससी, बीपीएससी,एस एस सी के विद्यार्थियों के लिए अध्ययन में अत्यंत उपयोगी है यह भी कहा कि इस पुस्तक को जिस दिन राज्यपाल ने इसका विमोचन किया था उसी दिन इसकी 2000 प्रति बाजार में बिक चुकी थी। सम्मान समारोह के बाद आयोजित बैठक में सदस्यों ने विचार समन्वय किया एवं पिछले दिनों जयंती समारोह एवं विद्यार्थी सम्मान समारोह सहित काव्य संध्या कार्यक्रम की समीक्षा की समीक्षोपरांत अध्यक्ष ने कहा कि ट्रस्ट इस तरह के कार्यक्रम हमेशा करती रहेगी ताकि लोगों में साहित्यिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र के प्रति रुझान एवं जागरूकता हो।

## एनडीए के संसदीय दल नेता चुने जाने पर भाजपाइयों में खुशी की लहर, नेताओं ने दी पीएम मोदी को बधाई

गया। एनडीए संसदीय दल के नेता के रूप में नरेंद्र भाई मोदी को पुनः चुने जाने पर गया में भाजपा नेताओं व कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। नेताओं के द्वारा पार्टी का झंडा लहराकर खुशियां व्यक्त की गई। साथ ही पीएम मोदी के समर्थन में गगन भेदी नारे लगाए गए। इस मौके पर भाजपा नेता और किसान मोर्चा के गया जिला सह प्रभारी डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने बताया कि देशवासियों के लिए सौभाग्य का विषय है कि नरेंद्र भाई मोदी एक बार पुनः प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के अपने कार्यकाल में पीएम मोदी के द्वारा देश की प्रतिष्ठा विश्व स्तर पर बढ़ाया गया है। साथ ही सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ देश प्रगति के रास्ते पर है। श्री मिश्रा ने कहा कि आज एनडीए की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के द्वारा प्रस्ताव लाया गया जिसका पूरा एनडीए परिवार पुरजोर समर्थन किया। श्री मिश्रा ने एनडीए के घटक दलों के नेताओं नीतीश कुमार,चंद्र बाबू नायडू,जीतन राम मांझी,चिराग पासवान सहित नवनिर्वाचित सांसदों को भी बधाई दी है। इस मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, जिला महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, सहकारिता मंच के संयोजक दयानंद पांडे, व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक दीपक पांडे, भाजपा के वरिष्ठ नेता राणा रणजीत सिंह, सुनील बंबईया, अशोक प्रसाद भारती, राजेश आनंद अधिवक्ता,राकेश कुमार अधिवक्ता, नागेंद्र प्रसाद शर्मा, सारिका वर्मा, पम्मी सिंह, महेश यादव, मंटू कुमार, बबलू गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

## तोता रटन्त से संस्कृत लोकभाषा नही बन सकती : कुलपति

- 12 दिवसीय संस्कृत प्रशिक्षण वर्ग का हुआ शुभारम्भ

प्रात : किरण

दरभंगा। संस्कृत विश्वविद्यालय में 12 दिवसीय आवासीय संस्कृत प्रशिक्षण वर्ग की शुरूआत होने के अवसर पर गुरुवार को दरबार हॉल में बड़े ही धूम धाम से उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया । संस्कृत भारती बिहार न्यास एवं कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग में बिहार एवं झारखण्ड के प्रशिक्षु संस्कृत सीखने के लिए जुटे हैं। मुख्यालय के नए परीक्षा भवन में यह प्रशिक्षण वर्ग 17 जून तक चलेगा ।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्कृत भारती के प्रांत अध्यक्ष प्रो.इन्द्रनाथ झा ने कहा कि विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में संस्कृत पढ़ने के लिए छात्रों को प्रेरित करना चाहिए । संस्कृत भारती के कार्यकताओं के लिए संस्कृत सेवा ईश्वरीय कार्य है। ऐसा मानकर ही वे राष्ट्रहित में कार्य करते हैं। संस्कृत भाषा जनभाषा व लोकभाषा के साथ साथ व्यवहारिक भाषा बने इसके लिए वे संकल्पित होते हैं। इस भावना को और दृढ़ करने की जरूरत है। वहीं ,मुख्यातिथि केएसडीएसयू के कुलपति प्रो लक्ष्मी निवास पांडेय ने कहा कि आज से करीब चालीस वर्ष पूर्व चमूकृष्ण शास्त्री ने कुछ संस्कृत छात्रों के साथ इस संस्कृत



संभाषण कार्य की शुरूआत की थी जिसका परिणाम आज देश और विदेशों में दिख रहा है । डॉ भीमराव अम्बेडकर संस्कृत को राष्ट्रभाषा बनाने के पक्षधर थे। हमें संस्कृत शास्त्रों के संरक्षण के साथ साथ संस्कृत संभाषण के अभ्यास पर भी बल देना होगा । सम्भाषण शिविर की महत्ता को स्पष्ट करते हुए कुलपति प्रो0 पांडेय ने कहा कि भाषा शिक्षण सरकार द्वारा नहीं किया जा रहा है। यदि संस्कृत संभाषण नहीं होंगे तो इसे लोग कैसे सुनेंगे और यदि सुनेंगे नहीं तो वे बोलेंगे कैसे। इसलिए इसकी व्यापकता के लिए संभाषण प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाना होगा । हाँ, तोता रटंत संस्कृत से संस्कृत व्यवहारिक भाषा नहीं बन सकती है । संस्कृत में सामर्थ्य है परंतु इसके लिए अभ्यास नहीं हो रहा है। इसलिए भी अभ्यास करने के लिए इस तरह के आवासीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जाना आवश्यक है। इसी तरह विशिष्ट अतिथि निवर्तमान कुलपति प्रो शशिनाथ झा ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम से संस्कृत वातावरण का निर्माण होता है। आज के प्रशिक्षणार्थी अपने दैनिक व्यवहार में संस्कृत को आत्मसात कर लोगों को संस्कृत संभाषण के लिए प्रेरित करें। सम्मानित अतिथि पूर्व कुलपति प्रख्यात ज्योतिषी प्रो. रामचन्द्र झा ने कहा कि देश के संस्कृत विश्वविद्यालयों में शास्त्रों की पढ़ाई संस्कृत माध्यम से होने पर संस्कृत बोलचाल की भाषा आसानी से बनेगी। पूर्व में संस्कृत मिथिला की बोलचाल की भाषा थी । संस्कृत भारती 54 देशों में संस्कृत संभाषण का प्रशिक्षण कार्य चला रही है। उन्होंने कहा कि भारत की प्रतिष्ठा संस्कृत एवं संस्कृति में निहित है। इस ओर सभी का ध्यान आवश्यक है।

सारस्वत अतिथि संस्कृत भारती बिहार के क्षेत्रमंत्री प्रो.श्रीप्रकाश पांडेय ने कहा कि संस्कृत भारती के कार्यकताओं के परिश्रम से कर्नाटक, मध्यप्रदेश आदि प्रदेशों में संस्कृतग्राम का निर्माण हुआ है। बिहार में भी संस्कृतग्राम के निर्माण के लिए संस्कृत भारती कार्यकताओं को अथक प्रयास करना होगा। उन्होंने भी सम्भाषण को जरूरी बताया।

वहीं, कार्यक्रम के संरक्षक द्वय डीएसडब्ल्यू डॉ शिवलोचन झा तथा सीसीडीसी डॉ दिनेश झा की निगरानी में आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों के ठहरने व खाने पीने की व्यवस्था परीक्षा भवन व मनोरंजन गृह में की गई है। एनएसएस पदाधिकारी डॉ सुधीर कुमार झा तथा भू सम्पदा पदाधिकारी डॉ उमेश झा भी अपनी पूरी टीम के साथ इस कार्य मे सहयोग कर रहे हैं। बता दें कि कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक एवं लौकिक मंगलाचरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया ।अतिथियों का सम्मान डॉ दिनेश झा, डॉ घनश्याम मिश्र , डॉ दीनानाथ साह ,डॉ संजीत कुमार झा, डॉ त्रिलोक झा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रो.लक्ष्मीनाथ झा, प्रो. पुरेन्द्र वारिक, प्रो.रेणुका सिन्हा,प्रो. दयानाथ झा, डॉ विनय कुमार मिश्र ,दरभंगा अभियंत्रण महाविद्यालय के निदेशक डॉ संदीप तिवारी,संस्कृत भारती के संगठन मंत्री श्रवण कुमार, मुजफ्फरपुर जिला संयोजक अखिलेश कुमार मिश्र, विस्तारक अंकुश कुमार,डॉ उमेश झा, डॉ महानंद ठाकुर, डॉ शंभुशरण तिवारी, डॉ अयोध्यानाथ झा उपस्थित थे।

## मंदिर के 18 वें स्थापना दिवस पर भंडारा का आयोजन

आरा। उदवंतनगर प्रखण्ड के पिअनियां में स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय धेनुक सिंह की पत्नि कृष्णा कुंवर द्वारा सन 2006 में स्थापित नागेश्वर महादेव एवम उमेश्वर महादेव मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर के स्थापना दिवस पर पूजा पाठ व भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ ही सैकड़ों ग्रामीणों ने हिस्सा लिया स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र रामशुरत सिंह ने बताया की मंदिर के स्थापना के बाद प्रत्येक वर्ष हम सभी गांव और परिवार की खुशहाली के लिए पूजा पाठ और इस आयोजन को करते हैं, वही श्री भगवान सिंह ने कहा की हमारा परिवार शुरू से ही धर्म से जुड़ा रहा हैं, और आने वाले पीढ़ी भी अपने धर्म और पूजा पाठ में आस्था रखें इसी उद्देश से हम लोग प्रत्येक वर्ष इस आयोजन को कराते हैं, राधेश्याम सिंह ने नागेश्वर महादेव की महता को बताते हुऐ कहा की मैं बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स में तैनात हूं इस आयोजन से मुझे प्रत्येक वर्ष घर आने का सौभाग्य प्राप्त होती हैं और मुझे हमेशा महशुष होता हैं की भोलेनाथ की कृपा सदेव मेरे ऊपर हैं,, इनके कृपा के बदौलत ही बॉर्डर पर रहने के बावजूद मुझे कभी भय महशूष नहीं होता,,,, वहीं इस आयोजन में राम कुमार सिंह, उमा शंकर सिंह, सुरजीत सिंह,जयराम तिवारी, रामकेश सिंह, समई सिंह,बबलू सिंह, शशी सिंह, शिवा सिंह सनी, रवि तिवारी, लक्की के अलावा अन्य लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

## उतिर्ण छात्र- छात्राओ को घड़ी, कलम नगद राशी से किया गया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

गया। अखिल भारीतय पासी महासभा जिला शाखा गया के द्वारा में पूर्व संरक्षक स्व. भगवान दास चौधरी पूर्व ए.एस.पी. के तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर एक समारोह का आयोजन किया गया है। इस समारोह में अखिल भारतीय पासी महासभा जिला शाखा के द्वारा माध्यमिक परीक्षा 2024 में समाज के प्रथम श्रेणी में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर उतिर्ण होने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया है। यह आयोजन जिला प्रधान कार्यालय ॐ शान्ति निवास बड़की डेल्हा दूलासगंज में किया गया है।

प्रथम श्रेणी में उतिर्ण सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले प्रथम को 25,000, द्वितीय को 10000 एवं तृतीय को 5000 रूपया नगद के साथ घड़ी, कलम व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। जिसमें प्रथम स्थान ग्राम-महुएत, वजीरगंज के उदित कुमार द्वितीय स्थान ग्राम-वतसपुर, बोधगया



के राजु कुमार एवं तृतीय स्थान ग्राम-जौवाखाप, बाँकेबाजार के संजित कुमार ने प्राप्त किया। इसके अलावे 44 छात्र-छात्राओ को घड़ी, कलम नगद राशी से सम्मानित किया गया है। वहीं इस समारोह में निट 2024 परीक्षा 674 अंक लाने वाली आलिया भारती को भी समाज के द्वारा सम्मानित किया गया। इस समारोह में समाज के 10 वरिष्ठ नागरिक को भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया है।

इस मौके पर प्रदेश युवा अध्यक्ष डॉ. शंकर कुमार चौधरी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज के बच्चों का उत्साह वर्धन होता है। इस उत्सह वर्धन से ओत प्रोत बच्चे आगे चलकर अपने जीवन में खास मुकाम हासिल करते हैं। समाज के द्वारा जो यह कदम उठाया गया है इसके लिए मैं समाज के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का भी धन्यवाद ज्ञापन करता हूं। और इस तरह का आयोजन हम लोगों का निरंतर जारी रहेगा।

इस पूरे कार्यक्रम की अध्यक्षता सरकारी अधिवक्ता सह जिला अध्यक्ष अशोक चौधरी ने किया वहीं मंच संचालन जिला महासचिव अधिवक्ता राम विलाश चौधरी ने किया है। इस समारोह में से.नि. आईएएस मिथिलेश कुमार, अ.प्रा. मुख्य अभियंता अखिलेश कुमार एवम इनके पुरे परिवार के लोग उपस्थित थे। इसके साथ ही इस आयोजन में रंजित चौधरी जिला कार्यकारी अध्यक्ष, शंकर कुमार चौधरी प्रदेश युवा अध्यक्ष, मुकेश कुमार चौधरी जिला उपाध्यक्ष, जगत नारायण चौधरी जिला उपाध्यक्ष, प्रमोद कुमार चौधरी, साधुशरण चौधरी, विजय अमरेश चौधरी, रामरूप चौधरी अ.प्रा. प्राचार्य, अमरेश चौधरी, महेन्द्र चौधरी, राकेश चौधरी एवम समाज के सभी सम्मानित व्यक्ति एवम पदाधिकारी तथा छात्र,छात्राएँ एवम इनके अभिभावक उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का समापन संबोधन श्री वासुदेव प्रसाद महथा संरक्षक सह अ.पा. प्रधानाध्यापक द्वारा किया गया है।



# प्री प्रोडक्शन में पहुंची एसवीसी 59, सितंबर से फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे विजय देवरकोंडा

साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म द फैमिली स्टार बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई, जिसके बाद अब वे एक हिट की तलाश में भटक रहे हैं। हालांकि, एक बार फिर वे अपनी अगली फिल्म के साथ कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार हैं। उनके पास आगे कई रोमांचक परियोजनाएं हैं। इनमें से एक रवि किरण कोला द्वारा निर्देशित एक अखिल भारतीय ग्रामीण एक्शन ड्रामा है।

### सितंबर में शुरू होगा फिल्मांकन

इस फिल्म की घोषणा विजय देवरकोंडा के जन्मदिन पर की गई थी, जो अब सोशल मीडिया पर जमकर सुर्खियां बटोर रही हैं। वहीं अब इस फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आ गया है, जो इसकी शूटिंग से जुड़ा हुआ है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म की शूटिंग सितंबर 2024 में शुरू होगी। फिल्मांकन शुरू होने से पहले इस फिल्म के प्री प्रोडक्शन पर जोरों से काम चल रहा है। ग्रामीण एक्शन ड्रामा पर अन्य जानकारी रवि किरण कोला और विजय की ग्रामीण एक्शन ड्रामा फिल्म का निर्माण श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन के दिल राजू द्वारा किया जा रहा है। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक मुख्य अभिनेत्री और संगीत निर्देशक के बारे में कोई जानकारी साझा नहीं की है। विजय देवरकोंडा और दिल राजू की इस बहुप्रतीक्षित फिल्म के बारे में दर्शकों को अधिक जानकारी का इंतजार है।

### विजय की वीडी12 का निर्माण जारी

वहीं इस बीच विजय देवरकोंडा निर्देशक गौतम तिन्नानुरी के साथ अपनी एक्शन ड्रामा को पूरा करने पर काम कर रहे हैं। विजय निर्देशक गौतम के साथ अपनी अगली स्पाई थ्रिलर फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसका अस्थाई रूप से शीर्षक वीडी 12 है। भारी बजट पर बन रही इस स्पाई थ्रिलर के लिए सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यूर फोर सिनेमाज ने हाथ मिलाया है। मुख्य महिला भूमिका के लिए भाग्यश्री बोरसे और ममिता बैजू के नाम पर चर्चा चल रही है। श्रीकारा स्टूडियोज फिल्म प्रस्तुत कर रहा है, जिसमें अनिरुद्ध रविचंदर संगीत रचना संभाल रहे हैं। विजय देवरकोंडा की आखिरी फिल्म द फैमिली स्टार बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई। हालांकि, वीडी 12 के साथ उनकी दमदार वापसी की उम्मीद जताई जा रही है।



# पूर्व प्रेमी जेसन शाह के ब्रेकअप के दावों पर अनुषा ने तोड़ी चुप्पी

अभिनेत्री अनुषा दांडेकर अपने पूर्व प्रेमी को लेकर फिर चर्चा में आ चुकी हैं। अनुषा किसी भी तरह से लोगों को अपने नाम का इस्तेमाल सार्वजनिक रूप से लाभ उठाने की अनुमति नहीं देना चाहती हैं। वे अपने पूर्व प्रेमी और अभिनेता जेसन शाह द्वारा किए गए ब्रेकअप के दावों को खारिज करने के लिए आगे आई हैं। उनका कहना है कि वे अपने पिछले रिश्तों या फर्जी खबरों के कारण सुर्खियों में नहीं आना चाहती हैं।

### बिग बॉस ओटीटी 3 का हिस्सा नहीं बनेंगी अनुषा

उनकी प्रतिक्रिया जेसन के यह कहने के कुछ दिनों बाद आई है कि अनुषा उन्हें समझ नहीं पाईं और उन्हें एक बॉक्स में फिट करने की कोशिश की। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे अभिनेता अनिल कपूर द्वारा होस्ट किए जाने वाले आगामी रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी 3 में भाग नहीं लेंगी। अनुषा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर बिग बॉस ओटीटी 3 में अपनी भागीदारी के बारे में कुछ लेख के स्क्रीनशॉट साझा किए।

### पूर्व प्रेमी के दावों को किया खारिज

तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, इस समय अगर आप मेरा नाम गूगल करेंगे तो पाएंगे कि सबसे पहले मैं किसी को एक बॉक्स में फिट करने की कोशिश कर रही थी। झूठ और अब यह एक और झूठ। मैंने किसी से बात नहीं की है और वे मुझे इस शो के लिए बुलाएंगे भी नहीं, क्योंकि वे मेरा जवाब जानते हैं। हालांकि, मुझे पीआर के लिए भुगतान किया जाना चाहिए।

### हर कोई कर रहा अभिनेत्री के नाम का इस्तेमाल

उन्होंने आगे कहा, मुझे अच्छा लगता है कि हर कोई मेरा नाम इस्तेमाल करना चाहता है। मुझे लगता है कि मुझे खुश होना चाहिए, लेकिन क्या आप सभी सच बोलना शुरू कर सकते हैं, जैसे कि मेरी फिल्म जूना फर्नीचर सिनेमाघरों में अपने छठवें सप्ताह में है, अब लगभग सातवें सप्ताह में है। यह कितनी शानदार फिल्म है। इसमें कुछ तथ्य हैं। इसे देखने जाएं। अनुषा और जेसन ने कथित तौर पर थोड़े समय तक डेटिंग करने के बाद 2021 में अलग हो गए।



# शर्मिन सहगल के समर्थन में उतरीं ऋचा चड्ढा

बॉलीवुड अभिनेत्री ऋचा चड्ढा जल्द ही अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाली हैं। ऋचा हाल ही में संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार में नजर आई थीं। सीरीज में उनके लज्जो के किरदार को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। ये सीरीज और इसकी स्टार कास्ट लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। हीरामंडी की अन्य स्टार कास्ट की जहां, जमकर तारीफ हो रही है, वहीं भंसाली की भतीजी शर्मिन सहगल को सीरीज में उनके प्रदर्शन के लिए खूब आलोचनाएं झेलनी पड़ रही हैं। ऋचा ने हाल ही में शर्मिन का समर्थन करते हुए कहा कि इतनी ट्रोलिंग की आवश्यकता नहीं है। हीरामंडी- द डायमंड बाजार की रिलीज के बाद से शर्मिन सहगल ट्रोलर्स के निशाने पर बनी हुई हैं। शर्मिन की लगातार हो रही ट्रोलिंग के बीच अब ऋचा चड्ढा उनके सपोर्ट में आई हैं। ऋचा ने सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ हो रही आलोचनाओं पर बात की है। ऋचा ने कहा कि किसी के प्रदर्शन को नापसंद करना ठीक है, लेकिन उनके इंटरव्यू क्लिप के साथ ट्रोलिंग की आवश्यकता नहीं है। ऋचा ने कहा, पिछले एक महीने में मैं जितना भी ट्रैक कर पाई हूं, जितना समझ पाई हूं, मैं अपनी सह-कलाकार के बारे में नेगेटिव कमेंट्स हटा रही हूं, जो मेरे कमेंट्स में दिखाई दे रही हैं। दोस्तों? प्रदर्शन को लेकर आलोचना करें, लेकिन इतनी नफरत? उन्होंने कहा, किसी के प्रदर्शन को अस्वीकार करना एक बात है, ठीक है! मत करो पसंद, आपका हक है। मगर ऐसे ट्रोल मत करो।



# 'इनसाइड आउट 2' के हिंदी वर्जन में राइली को आवाज देंगी अनन्या पांडे

**बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे डिज्नी एंड पिक्सर की एनिमेटेड फिल्म 'इनसाइड आउट' से जुड़ गई हैं। उन्होंने फिल्म के हिंदी वर्जन के लिए मेन कैरेक्टर राइली को अपनी आवाज दी है। हाल ही में डिज्नी फिल्म्स इंडिया ने सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अनन्या डबिंग स्टूडियो में फिल्म के लिए डबिंग करती नजर आ रही हैं।**

हमेशा से डिज्नी की एनिमेटेड फिल्मों की फैन रही हूं इस अचीवमेंट पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए अनन्या ने कहा, 'मैं हमेशा से डिज्नी और पिक्सर की एनिमेटेड फिल्मों की बड़ी फैन रही हूं। इनकी कहानियां एंटरटेनिंग और रिलेटेबल होने के साथ ही साथ अक्सर आपको दूसरी दुनिया में ले जाती हैं।'

### काजोल से लेकर शाहरुख तक दे चुके हैं आवाज

एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'राइली के किरदार को आवाज देने के बाद मेरे बचपन की कई यादें ताजा हो गईं। डबिंग करने का यह पूरा प्रोसेस बड़ा ही मजेदार रहा और मैंने इसे पूरे दिल से एंजॉय किया है।'बताते चलें कि अनन्या से पहले काजोल, परिणीति चोपड़ा, ऐश्वर्या राय बच्चन, शाहरुख खान और आर्यन खान जैसे बॉलीवुड सेलेब्स ने डिज्नी के एनिमेटेड कैरेक्टर्स को अपनी आवाज दी है।

### 2015 में रिलीज हुई थी 'इनसाइड आउट 2'

'इनसाइड आउट 2' की कहानी राइली नाम के एक किरदार की लाइफ और उसके इमोशंस के इर्द-गिर्द बुनी गई है। फिल्म 14 जून को थिएटर्स में रिलीज होगी। इस फिल्म का पहला पार्ट 2015 में रिलीज हुआ था। 2016 में इसे बेस्ट एनिमेटेड फीचर फिल्म के ऑस्कर अवॉर्ड से नवाजा गया था। वर्कफ्रंट पर अनन्या फिल्म कंट्रोल की शूटिंग में बिजी हैं, जिसका निर्देशन विक्रमादित्य मोटवानी कर रहे हैं।



# सिकंदर बनने के लिए फाइट सीन्स की प्रैक्टिस कर रहे हैं सलमान खान

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म सिकंदर को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जिसकी घोषणा उन्होंने इस साल ईद के मौके पर की थी। इस फिल्म के लिए उन्होंने निर्देशक एआर मुरुगादॉस के साथ हाथ मिलाया है। फिल्म को लेकर निर्माताओं ने जोरों से तैयारियां शुरू कर दी हैं। वहीं फिल्म को लेकर भी नई-नई जानकारियां सामने आ रही हैं, जिससे प्रशंसक काफी उत्साहित हो रहे हैं। वहीं अब फिल्म को लेकर एक और दिलचस्प जानकारी सामने आई है। सलमान खान अब तक कई फिल्मों में एक्शन हीरो की भूमिका निभा चुके हैं। कई फिल्मों में प्रशंसकों को उनका फाइट सीक्वेंस देखने को मिला है। वहीं, अब इस फिल्म में भी काफी एक्शन सीन्स होंगे, जिनमें सलमान के भी फाइट सीक्वेंस होंगे। इस फिल्म की शूटिंग 27 जून को शुरू होने वाली है, लेकिन उससे पहले सलमान इसके लिए खास तैयारी करेंगे।



# फिटनेस को लेकर कोई समझौता नहीं करती हैं शनाया

संजय कपूर की लाडली शनाया कपूर पिछले दिनों इटली में छुट्टियां मनाती नजर आईं। शनाया कपूर अनंत और राधिका की प्री-वेडिंग समारोह में शामिल होने के लिए इटली पहुंची थीं। छुट्टियों से लौटने के बाद शनाया कपूर आज अपने जिम के बाहर स्पॉट की गई ब्लैक जिम ऑउटफिट में शनाया कपूर काफी प्यारी लग रही थीं। शनाया कपूर ने अपने बालों का बन बनाया हुआ था और वे पैपराजी को देखकर स्माइल करती नजर आईं। सूत्रों की मानें तो शनाया कपूर जल्द ही फिल्मों में नजर आने वाली हैं।



# शरवरी के दिल के बहुत करीब है बंटी और बबली 2

मैडॉक फिल्म्स की हॉरर कॉमेडी मुंज्या की वजह से शरवरी इन दिनों लगातार सुर्खियों में हैं। हाल ही में इस फिल्म का एक गाना भी जारी किया गया था, जिसमें उनकी बोल्ड अदाओं ने फैंस की धड़कनें तेज कर दी थीं। मुंज्या का ट्रेलर देखने के बाद दर्शकों में फिल्म को लेकर काफी ज्यादा उत्साह है। अभिनेत्री इन दिनों इस फिल्म का जोर शोर से प्रचार कर रही हैं। इस बीच एक साक्षात्कार के दौरान बंटी और बबली के सीक्वल के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस फिल्म की वजह से उनके लिए कई दरवाजे खुल गए। अभिनेत्री ने कहा, फ़इंडस्ट्री के लोग इस फिल्म से पहले मुझे नहीं जानते थे। वे नहीं जानते थे कि शरवरी कौन है। अगर किसी चीज की वजह से आपको काम मिले तो उसे असफल नहीं कहा जा सकता। मुझे अपनी पहली फिल्म से काम मिल रहा है। मैं हमेशा इसके लिए आभारी रहूंगी, चाहे इसने बॉक्स ऑफिस पर कैसा भी प्रदर्शन किया हो। मुझे बस और काम चाहिए। उन्होंने आगे कहा, मैं फिल्मी घराने से ताल्लुक नहीं रखती हूं। पहली फिल्म ही पाना मेरे लिए एक सपना जैसा था। मुंज्या मेरी दूसरी फिल्म है। जब आप फिल्म इंडस्ट्री के बाहर से होते हैं तो पहली फिल्म ही हासिल करना बड़ी बात होती है। इस बातचीत के दौरान शरवरी ने अपनी एक और आगामी फिल्म पर भी बात की। यशराज राज की स्पाई यूनिवर्स की फिल्म में वह जल्द ही आलिया भट्ट के साथ नजर आने वाली हैं। इस फिल्म को लेकर अभिनेत्री ने कहा, मेरी आगामी फिल्म में आलिया भट्ट हैं, जो हमारे देश की सबसे बड़ी सुपरस्टार में से एक हैं। मैं इस फिल्म में अपना सौ प्रतिशत देना चाहती हूं, ताकि लोग इसे पसंद करें और मुझे भी इस यूनिवर्स में बाकी सभी लोगों की तरह ही प्यार मिले।

# विजय सेतुपति भी देंगे चंदू चैंपियन को चुनौती, डबल इस्मार्ट के साथ इसी दिन रिलीज होगी महाराजा

कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इस फिल्म के लिए कार्तिक आर्यन ने जमकर मेहनत की है। फिल्म के ट्रेलर में यह बात साफतौर पर नजर आती है। दर्शकों को भी इस फिल्म का लंबे समय से इंतजार है। उम्मीद जताई जा रही है कि टिकट खिड़की पर यह फिल्म अच्छी शुरुआत करेगी। हालांकि, टिकट खिड़की पर इसका मुकाबला दो और फिल्मों से होने वाला है।

### चंदू चैंपियन का इस्मार्ट से होगा मुकाबला

चंदू चैंपियन का 14 जून को देशभर में रिलीज होने के लिए तैयार है। 83 के बाद निर्देशक कबीर खान यह फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का मुकाबला पहले केवल पुरी जगन्नाथ के निर्देशन में बनी डबल इस्मार्ट से होना था, लेकिन अब एक और दक्षिण भारतीय फिल्म इसी तारीख को रिलीज होने के लिए तैयार है। हाल ही में निर्माताओं ने विजय सेतुपति की फिल्म महाराजा की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। सोशल मीडिया पर फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए निर्माताओं ने महाराजा की रिलीज डेट 14 जून बताई है। इस फिल्म में विजय सेतुपति के अलावा अनुराग कश्यप, ममता मोहनदास, नट्टी और अभिराम जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। हाल ही में इसका ट्रेलर भी जारी किया गया था, जिसमें विजय की दमदार अदाकारी की झलक लोगों को देखने को मिली थी।






# चीन के पूरे स्टॉक मार्केट पर भारी हैं अमेरिका की सिर्फ तीन कंपनियां

**▶▶ माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया और ऐपल का मार्केट कैप 9.2 ट्रिलियन**

**▶▶ चीन का पूरा स्टॉक मार्केट करीब नौ ट्रिलियन डॉलर का है**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका का बाद चीन दुनिया की दूसरे सबसे बड़ी इकॉनमी है। दोनों देशों के बीच पिछले कई साल से ट्रेड वॉर चल रहा है। लेकिन अमेरिका की केवल तीन टेक कंपनियां ही चीन के पूरे स्टॉक मार्केट पर भारी हैं। माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया और ऐपल का कंबाइंड मार्केट कैप चीन के स्टॉक मार्केट से ज्यादा है। इन तीन कंपनियों का मार्केट कैप 9.2 ट्रिलियन डॉलर है जबकि चीन के पूरे स्टॉक मार्केट की वैल्यू नौ ट्रिलियन डॉलर है। माइक्रोसॉफ्ट का मार्केट कैप तीन ट्रिलियन डॉलर से अधिक है और यह दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी है। ऐपल और एनवीडिया का मार्केट कैप तीन-तीन ट्रिलियन डॉलर हैं। दुनिया के इतिहास में अभी केवल ये तीन कंपनियां की तीन ट्रिलियन डॉलर का मार्केट कैप छू पाई हैं।



दुनियाभर में एआई की बढ़ती मांग के कारण टेक सेक्टर की कई कंपनियों के शेयरों में हाल में काफी उछाल आई है। इसका सबसे ज्यादा फायदा एनवीडिया को हुआ है। एआई चिप बनाने वाली इस कंपनी के शेयरों में पिछले साल 239 फीसदी उछाल आई थी जबकि इस साल यह अब तक 160 फीसदी उछल चुका है। पिछले छह महीने में इसके मार्केट कैप में दो ट्रिलियन डॉलर की उछाल आई है और यह माइक्रोसॉफ्ट को पछाड़ने से केवल 100 अरब डॉलर दूर है। माइक्रोसॉफ्ट ने ओपनएआई में निवेश किया है और वह अपने प्रॉडक्ट्स में एआई फीचर जोड़ रहा है। हालांकि ऐपल के लिए यह साल उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा है। लेकिन धीरे-धीरे उसकी सेल रफ्तार पकड़ रही है।

### भारत 4, अमेरिका 2, जापान 2, चीन 0... इस लिस्ट को देखकर गर्व से फूल जाएगा आपका सीना

मार्केट कैप के लिहाज से दुनिया की टॉप पांच कंपनियों में सभी अमेरिका की हैं। माइक्रोसॉफ्ट, ऐपल और एनवीडिया के बाद गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट और ऐमजॉन की नंबर है। दुनिया की टॉप 100 कंपनियों में भी अमेरिका का ही दबदबा है। इस लिस्ट में अमेरिका की 61 और चीन की 10 कंपनियां हैं। चीन की सबसे वैल्यूएबल कंपनी है जिसका मार्केट कैप 460.03 अरब डॉलर है। यह दुनिया की टॉप कंपनियों की लिस्ट में 19वें नंबर पर है।

## पेटीएम पर आया बड़ा अपडेट, 10 प्रतिशत हुई सर्किट लिमिट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेटीएम को लेकर बड़ा अपडेट आया है। इस अपडेट के बाद पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयरों में तूफानी तेजी देखने को मिल रही है। पेटीएम के शेयर शुक्रवार को 10 पर्सेंट की तेजी के साथ बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 381.20 रुपये पर पहुंच गए हैं। पेटीएम के शेयर गुरुवार को 346.55 रुपये पर बंद हुए थे। पेटीएम की सर्किट लिमिट को शुक्रवार से रिवाइज कर दिया गया है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 998.30 रुपये है। पेटीएम के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 310 रुपये है। पेटीएम की सर्किट लिमिट को रिवाइज करके 10 पर्सेंट कर दिया गया है। पहले यह सर्किट लिमिट 5 पर्सेंट थी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने कहा है कि 7 जून 2024 से प्राइस बैंड को मौजूदा लेवल्स से रिवाइज्ड कर दिया गया है। स्टॉक एक्सचेंजों ने इससे पहले पेटीएम के शेयरों की सर्किट लिमिट को घटा दिया था। पेटीएम के अलावा भारत डायनॉमिक्स लिमिटेड, एथर इंडस्ट्रीज, हिन्दुस्तान जिंक, कोचीन शिपयार्ड के प्राइस बैंड्स को भी रिवाइज किया गया है। पेटीएम का आईपीओ 2150 रुपये के दाम पर आया था। कंपनी का आईपीओ 8 नवंबर 2021 को खुला था और यह 10 नवंबर तक ओपन रहा। पेटीएम का आईपीओ टोटल 1.89 गुना सब्सक्राइब हुआ था। पेटीएम के शेयरों में पिछले एक साल में 47 पर्सेंट से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयर 7 जून 2023 को 727 रुपये पर थे। पेटीएम के शेयर 7 जून 2024 को 381.20 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले 6 महीने में पेटीएम के शेयरों में करीब 43 पर्सेंट की गिरावट देखने को मिली है। इस अवधि में कंपनी के शेयर 661.35 रुपये से लुढ़कर 381 रुपये पर आ गए हैं। वहीं, इस साल अब तक पेटीएम के शेयरों में 41 पर्सेंट की गिरावट देखने को मिली है।

## विप्रो को मिला अमेरिका से बड़ा काम, शेयरों में 5 प्रतिशत की तेजी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका से ऑर्डर मिलने के बाद बेंगलुरू की आईटी कंपनी विप्रो लिमिटेड के शेयरों में 5 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। निफ्टी 50 में कंपनी सबसे अधिक बढ़त बनाने वाली कंपनी बन गई है। बीएसई आज विप्रो के शेयर 470.95 रुपये के लेवल पर खुलने के बाद कंपनी के शेयर 5.33 प्रतिशत की तेजी के साथ 485 रुपये के लेवल पर पहुंच गए थे। हालांकि, इसके बावजूद अभी विप्रो के शेयर अपने 52 वीक हाई 546.10 रुपये से काफी दूर हैं। गुरुवार को एक्सचेंज को दी जानकारी में विप्रो ने कहा है कि यूएस एक अग्रणी कम्युनिकेशन सर्विसेज प्रवाइडर ने ये काम दिया है। इस डील की कीमत 500 मिलियन डॉलर की बताई जा रही है। जिसकी समय सीमा 5 साल की है। हालांकि, विप्रो ने अभी तक कंपनी का नाम सार्वजनिक नहीं किया है। सीएनबीसी18 की रिपोर्ट के अनुसार ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टेनले ने कहा है कि इस डील को सकरात्मक तरीके से लेना चाहिए। इस डील से कंपनी के रेवन्यू में ग्रोथ देखने को मिला है। रिपोर्ट में कहा है गया है कि 45 एक्सपर्ट्स में से 23 ने इस स्टॉक को अब बेच देने की सलाह दी है।

## 6 हिस्सों में कारोबार बांट रही वेदांता, एसबीआई समेत अन्य कर्जदाताओं ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** माइनिंग कारोबार में सक्रिय वेदांता लिमिटेड को अपने कारोबार का विभाजन करने के प्रस्ताव को ज्यादातर कर्जदाताओं से मंजूरी मिल गई है। कंपनी की 6 स्वतंत्र सूचीबद्ध कंपनियों में विभाजित होने की योजना की दिशा में यह एक अहम कदम है। इस बीच, वेदांता के शेयर में गुरुवार को तूफानी तेजी दर्ज की गई और यह 2 प्रतिशत चढ़कर 450.45 रुपये पर बंद हुए। वेदांता के एक वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी ने हाल ही में बांडधारकों के साथ 'कांफ्रेन्स कॉल' में कहा- मुझे आप सभी को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमें 52 प्रतिशत से अधिक की मंजूरी मिल गयी है, जो हमें 75 प्रतिशत तक पहुंचने के लिए जरूरी है। हमने उस सीमा को भी पार कर लिया है। ज्यादातर ऋणदाताओं ने इसे मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि कुछ की समिति की बैठक लंबित है और कुछ की निदेशक मंडल की बैठक लंबित है। इसलिए, जैसा कि हम बात कर रहे हैं, हमें पहले ही 52 प्रतिशत की मंजूरी मिल चुकी है। शेष एक सप्ताह या 10 दिनों में पूरी हो जाएगी। इसके बाद हम एनसीएलटी के पास आवेदन करेंगे।

## सुजलॉन एनर्जी की प्रतिद्वंदी कंपनी का बड़ा फैसला, शेयरों में 2 प्रतिशत से अधिक की तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुजलॉन एनर्जी की प्रतिद्वंदी कंपनी आईएनओएक्स विंड ने बड़ा फैसला किया है। कंपनी ने अपने सर्किट में बदलाव किया है। अब आईएनओएक्स विंड का सर्किट लिमिट 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया है। इसका मतलब हुआ कि शेयर अब 20 प्रतिशत ऊपर और नीचे जा सकता है। बता दें, इससे पहले अपर सर्किट 10 प्रतिशत का था। कंपनी के शेयरों में आज तेजी देखने को मिली है। बीएसई कंपनी में कंपनी के शेयर आज 2 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ ओपन हुए हैं। 9.27 मिनट पर पर आईएनओएक्स विंड के शेयर 2.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ 149.75 रुपये के लेवल पर ट्रेड कर रहे थे। पिछले कुछ दिनों के दौरान इस ग्रीन एनर्जी स्टॉक की कीमतों में बहुत बदलाव देखने को मिला था। मंगलवार को कंपनी के शेयरों की कीमतों में 10 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली थी। लेकिन उसके अगले दो दिन कंपनी के शेयरों में अच्छी रिकवरी देखने को मिली। कल यानी गुरुवार को कंपनी के शेयर 4.28 प्रतिशत की तेजी के साथ 146.20 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था।



### प्रमोटर्स ने पिछले महीने घटाई थी हिस्सेदारी

आईएनओएक्स विंड के शेयरों में 28 मई को भी लोअर सर्किट लगा था। तब प्रमोटर्स ने कंपनी के 5 प्रतिशत हिस्से को ब्लॉक डील के जरिए बेच दिया था। इस ब्लॉक डील से कंपनी के प्रमोटर्स को 900 करोड़ रुपये की कमाई हुई थी। बता दें, प्रमोटर्स ने इन पैसों का उपयोग के सभी कर्ज चुकाने के लिए किया है। अब आईएनओएक्स विंड कर्ज मुक्त कंपनी बन चुकी है।

### 1 शेयर पर 3 बोनस शेयर दे चुकी है कंपनी

कंपनी इसी साल मई में एक्स–बोनस स्टॉक के तौर पर ट्रेड कर चुकी है। तब कंपनी की तरफ से 1 शेयर पर 3 बोनस शेयर दिया गया था। सीएनबीसी18 की रिपोर्ट के अनुसार ब्रोकरेज हाउस नुवामा ने 193 रुपये का टारगेट प्राइस सेट किया है। ब्रोकरेज हाउस ने इस स्टॉक को बाय टैग दिया है। इस साल 2024 में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 13 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है।

## इन्वेस्टर्स की झोली में आए 5.54 लाख करोड़, आरबीआई की वजह से रॉकेट बन गया बाजार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आरबीआई ने आज द्विमासिक नीति की घोषणा की। इसके बाद शेयर मार्केट में काफी तेजी देखी जा रही है। बीएसई सेंसेक्स 1400 अंक से अधिक उछल गया जबकि निफ्टी50 में 300 अंक से अधिक तेजी आई। केंद्रीय बैंक ने लगातार आठवीं बार रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। इससे बैंकिंग, फाइनेंस, ऑटो और रियल एस्टेट जैसे रेट सेंसिटिव सेक्टर्स में आठ फीसदी तक तेजी आई। 12.30 बजे सेंसेक्स 1412 अंक यानी 1.87 फीसदी तेजी के साथ 76,476 अंक पर ट्रेड कर रहा था। निफ्टी भी 384 अंक यानी 1.68 प्रतिशत तेजी के साथ 23,205.55 अंक पर पहुंच गया। इसके साथ ही बीएसई लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 5.54 लाख करोड़ रुपये की तेजी के साथ 421.43 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।

आज खासकर आईटी और बैंक के शेयर फोकस में रहे। विप्रो के शेयरों में पांच फीसदी तेजी आई है। इन्फोसिस में तीन फीसदी, टेक महिंद्रा, टीसीएस और एचसीएल टेक में दो से तीन फीसदी तक तेजी आई है। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाटा स्टील भी फायदे में रहे। आज की तेजी में रिलायंस का सबसे ज्यादा योगदान रहा। आरबीआई की पॉलिसी की घोषणा के बाद रियल्टी इंडेक्सेज में आठ फीसदी तक तेजी आई। सनटेक रियल्टी और सीबा में आठ फीसदी तेजी रही जबकि ब्रिगेड, लोढ़ा और महिंद्रा लाइफस्पेस में दो से पांच फीसदी तेजी आई।



### बैंकिंग शेयर भी बढ़े

निफ्टी बैंक में भी तीन फीसदी तक तेजी रही। बंधन बैंक, फेडरल बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा में एक से तीन फीसदी तेजी आई। बजाज फाइनेंस, एसबीआई कार्ड, बजाज फिनसर्व और आईडीएफसी में एक से 3.5 फीसदी तेजी आई। निफ्टी ऑटो शेयरों में भी 2.5 प्रतिशत तेजी आई। अपोलो टायर, बालकृष्ण इंडस्ट्रीज, अशोक लीलेंड, टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में एक से 2.5 प्रतिशत तेजी आई।

## अल्यूविंड आर्किटेख्र लिमिटेड ने वित्त वर्ष 24 में शुद्ध लाभ में 519 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की

**मुंबई, एजेंसी।** फैकेड और फेनेस्ट्रेशन उद्योग की एक विख्यात खिलाड़ी, अल्यूविंड आर्किटेख्र लिमिटेड (एनएसई ~एल्यूविंड) ने वित्त वर्ष 24 की दूसरी छमाही और वित्त वर्ष 24 के अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. अल्यूविंड आर्किटेख्र लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री मुरली मनोहर काबरा ने कहा,हम यह घोषणा करते हुए रोमांचित है कि कंपनी ने वित्त वर्ष 24 में अपवादात्मक परिणाम हासिल किया है. यह उल्लेखनीय सफलता फ़ैसेड और फेनेस्ट्रेशन उद्योग में एक्सीलेंस और व्यूहात्मक विजन के प्रति हमारे समर्पण को रेखांकित करती है. हमारा प्रभावशाली वित्तीय प्रदर्शन हमारी ग्रोथ व्यूहनीतियों और हमारे इनोवेटिव आर्किटेख्रल सॉल्यूशंस की मजबूत मांग की प्रभावकारिता को दर्शाता है.

## 35 रुपये वाले आईपीओ पर दांव लगाने का आखिरी मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मजेंटा लाइफकेयर आईपीओ पर दांव लगाने का आखिरी मौका आज है। कंपनी का यह आईपीओ निवेशकों के लिए 5 जून को खुला था। तब से अबतक आईपीओ को 144 गुना से अधिक सब्सक्राइब किया जा चुका है। बता दें, आईपीओ के जरिए कंपनी 20 लाख फ्रेश शेयर जारी करेगी।

कंपनी ने आईपीओ के लिए 35 रुपये का प्राइस बैंड तय किया है। वहीं, इस आईपीओ का लॉट साइज 4000 शेयरों का है। जिस वजह से निवेशकों को कम से कम 1,40,000 रुपये का दांव लगाना ही होगा। इस आईपीओ को सब्सक्राइब करने वाले निवेशकों को 10 जून को शेयर मिलेंगे। वहीं, कंपनी की बीएसई एसएमई में लिस्टिंग 12 जून को संभव है। कंपनी के आईपीओ को दूसरे दिन यानी कल 120.75 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था। इस दिन रिटेल कैटगरी में 174.84 गुना और अन्य कैटगरी में 66.50 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था। वहीं, पहले दिन यानी 5 जून को आईपीओ को 24.49 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था। तब रिटेल कैटगरी 39.50 गुना और अन्य कैटगरी में 9.43 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था। आईपीओ का ग्रे मार्केट में दबदबा कायम है। कंपनी 23 रुपये के प्रीमियम पर आज ट्रेड कर रही है। आज के जीएमपी को अगर देखें तो इस आईपीओ की लिस्टिंग 58 रुपये के लेवल पर हो सकती है। अगर ऐसा हुआ तो निवेशकों को पहले दिन ही 65 प्रतिशत का फायदा हो जाएगा। कंपनी गद्दा और तकिया बनाने और उसे बेचने के कारोबार से जुड़ी है। मजेंटा लाइफ केयर गुजरात से संचालित होती है। मौजूदा समय में इस कंपनी में 41 कर्मचारी हैं। बता दें, आईपीओ से पहले प्रमोटर्स की कुल हिस्सेदारी 84.06 प्रतिशत थी।




## अल्ट्रा-प्रीमियम टीवी पर सैमसंग की 'बिग टीवी डेज़' सेल के साथ घर बैठे उठाएं स्टेडियम का आनंद

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने बड़े टीवी पर रोमांचक ऑफ़र की घोषणा की, जिसमें अल्ट्रा-प्रीमियम नियो क?यूएलईडी, ओएलईडी और क्रिस्टल 4य यूएचडी टीवी शामिल हैं। टी20 क्रिकेट विश्व कप के लिए 'बिग टीवी डेज' ऑफ़र की शुरुआत की गई है, ताकि स्टेडियम को सही मायने में घर लाकर उपभोक्ताओं के मनोरंजन के अनुभव को अनूठा बनाया जा सके। 'बिग टीवी डेज' के दौरान सैमसंग टीवी खरीदने वाले ग्राहकों को 89990 रुपये की कीमत का एक सेरिफ टीवी या 79990 रुपये का एक साउंडबार मुफ़्त मिलेगा, जो खरीदे गए टीवी पर निर्भर करेगा। ग्राहक 2990 रुपये से शुरू होने वाली आसान ईएमआई और 20त्न तक कैशबैक का भी लाभ उठा सकते हैं। ये ऑफर सैमसंग.काम प्रमुख रिटेल स्टोर और कई अन्य ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर उपलब्ध होंगे। ये ऑफर 1 जून से 30 जून, 2024 के बीच उपलब्ध होंगे और चुनिंदा मॉडलों पर नियो क्यूएलईडी, ओएलईडी और क्रिस्टल 4के यूएचडी टीवी रेंज में 98/85/83/77/75 साइज पर उपलब्ध हैं। सैमसंग उपभोक्ताओं की जीवनशैली को बेहतर बनाने और बेहतरीन व्यूइंग एक्सपीरियंस देने के लिए होम एंटरटेनमेंट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की व्यापक बदलाव लाने की क्षमता को सामने ला रहा है। ये टेलीविजन एआई की शक्ति के साथ सुलभता, स्थिरता और बेहतर सुरक्षा प्रदान करते हुए होम एंटरटेनमेंट एक्सपीरियंस को नई ऊंचाई पर लेकर जा रहे हैं।

# एयर इंडिया और विस्तारा के विलय का रास्ता हुआ साफ, राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण ने मंजूरी दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) ने गुरुवार को एयर इंडिया और विस्तारा के विलय को मंजूरी दी। जिससे इसके दुनिया के सबसे बड़े एयरलाइन समूहों में से एक बनने का रास्ता साफ हो गया है। विलय के बाद सिंगापुर एयरलाइंस की एयर इंडिया में 25.1 फीसदी हिस्सेदारी होगी। विस्तारा सिंगापुर एयरलाइंस और टाटा समूह का एक संयुक्त उद्यम है।

एनसीएलटी की चंडीगढ़ पीठ ने 31 पन्नों के फैसले में टैलेस, एयर इंडिया और विस्तारा से जुड़ी समग्र व्यवस्था योजना को मंजूरी दी। सभी टाटा समूह का हिस्सा हैं। एयर इंडिया को उम्मीद है कि इस साल के अंत तक विलय पूरा हो जाएगा। एनसीएलटी की चंडीगढ़ की दो सदस्यीय पीठ ने कहा कि इस योजना को दोनों एयरलाइन कंपनियों के शेयरधारकों और लेनदारों से पहले ही आवश्यक मंजूरी मिल चुकी है। एनसीएलटी के आदेश में कहा गया, याचिकाकर्ता कंपनियों और उनके शेयरधारकों के बीच धारा 230 से 232 और कंपनी अधिनियम 2013 के अन्य प्रावधानों के तहत समग्र व्यवस्था योजना को मंजूरी दी जाती है। इसमें कहा गया है कि योजना कंपनियों और उनके संबंधित शेयरधारकों के लिए बाध्यकारी होगी। आदेश में यह भी कहा गया है कि कंपनियां सिंगापुर एयरलाइंस (विस्तारा की शेयरधारक) से प्रत्यक्ष विदेश निवेश (एफडीआई) की मंजूरी और डीजीसीए/एमओसीए से संबंधित सीएआर (नागरिक उड्डयन विनियमन) के तहत आवश्यक सुरक्षा मंजूरी इस आदेश की तारीख से नौ महीने की समय सीमा केभीतर सुनिश्चित करेंगी। इस साल मार्च में सिंगापुर के प्रतिस्पर्धा नियामक सीसीसीएस ने प्रस्तावित विलय को सशर्त मंजूरी दी। सितंबर 2023 में सौदे को कुछ शर्तों के साथ सीसीआई से मंजूरी मिली। टाटा समूह ने जनवरी 2022 में घाटे में चल रही एयर इंडिया की बागडोर संभाली थी।




## गैस से बिजली उत्पादन मई में कईसाल के उच्चस्तर पर, एलएनजी के आयात में तेज वृद्धि का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भीषण गर्मी के कारण देश में मई, 2024 में गैस आधारित बिजली उत्पादन कई साल के उच्च स्तर पर पहुंच गया है। गैस आधारित बिजली का इस्तेमाल लगातार बढ़ने से दो वर्षों में तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात में तेज वृद्धि का अनुमान है। ग्रिड इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल और मई में देश में गैस आधारित बिजली का उत्पादन एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में दोगुना होकर 8.9 अरब किलोवाट घंटे पहुंच गया। इसके साथ ही, बिजली बनाने में इस्तेमाल कोयले की हिस्सेदारी में कोरोना महामारी के बाद पहली बार गिरावट आई है। मई में बिजली उत्पादन में कोयले की हिस्सेदारी एक साल पहले की समान अवधि के 75.2 फीसदी से घटकर 74 फीसदी रह गई। वहीं, गैस की हिस्सेदारी 1.6 फीसदी से दोगुना होकर 3.1 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई। चालू वित्त वर्ष के दौरान देश में गैस आधारित बिजली के उत्पादन में 10.5 फीसदी बढ़ोतरी की उम्मीद है।

## ऐमट्रॉन इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड का एसएमई आईपीओ एनएसई पर 50 प्रतिशत प्रीमियम पर 241 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ

**मुंबई, एजेंसी।** एनएसई पर ऐमट्रॉन इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयर रुपये पर उभर आए है। रुपए 241.00 पर लिस्ट हुआ, जो 161 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य से लगभग 50 प्रतिशत प्रीमियम है।ऐमट्रॉन इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड~ऐमट्रॉन इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयरों ने गुरुवार को शेयर बाजार में धमाकेदार शुरुआत की, क्योंकि हृस्श्व स्रूश्व पर स्टॉक 241 रुपये पर कारोबार कर रहा था। जो कि 161 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य से लगभग 50 प्रतिशत का प्रीमियम है। ऐमट्रॉन इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) 30 मई को खुली और 3 जून को बंद हुई। ऐमट्रॉन इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के आवंटन को 4 जून को अंतिम रूप दिया गया था और लिस्टिंग की तारीख 6 जून थी।ऐमट्रॉन इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिज़ाइन और मैन्युफैक्च्रिंग (श्वस्ष्ठरू) सेवाओं के लिए उत्पाद और समाधान प्रदान करने वाली कंपनी है। ऐमट्रॉन इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड आईपीओ का मूल्य दायरा 153 से 161 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था।

## पाकिस्तान को हराकर बोले अमेरिकी कप्तान- अब भारत पर फोकस

**डलास (एजेंसी)।** अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल को यकीन है कि टी20 विश्व कप में पाकिस्तान पर मिली जीत से उनकी टीम के लिए कई दरवाजे खुलेंगे लेकिन वह जज्बात पर काबू रखकर भारत के खिलाफ अगले मुकाबले पर फोकस करना चाहते हैं। सह मेजबान अमेरिका ने पूर्व चैम्पियन पाकिस्तान को सुपर ओवर में हराया। अब उनका सामना 12 जून को भारत से होगा।



पटेल ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'जीत से में खुश हूं। पाकिस्तान के खिलाफ विश्व कप में पहली बार खेलना और उन्हें हराना अविश्वसनीय है। हमारा फोकस अब भारत के खिलाफ प्रदर्शन पर होगा। उन्होंने कहा, 'हम जज्बातों के बहाव में बहना नहीं चाहते। हम इस जीत का जश्न मनाकर अगले दिन नए सिरे से वापसी करेंगे। पटेल ने कहा, 'पाकिस्तान को हराकर हमारे लिए कई दरवाजे खुलेंगे। विश्व कप की मेजबानी ही बहुत बड़ी उपलब्धि है और यहां एक टीम के रूप से ऐसे प्रदर्शन से अमेरिका में क्रिकेट के विकास में मदद मिलेगी।

दो जीत के बावजूद अभी वह सुपर आठ चरण के बारे में नहीं सोच रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हम इसे लेकर चिंतित नहीं हैं कि लोग हमारी जीत को तुक्का मान रहे हैं। हमें पता है कि हमने मेहनत की है और हमारी क्या क्षमता है। हम अभी आयरलैंड के खिलाफ मैच के बारे में भी नहीं सोच रहे हैं तो सुपर 8 तो दूर की बात है। हमारा फोकस अगले मैच पर है।

## खेलो चैस इंडिया फीडे 100 टूर्नामेंट

### एंजेला और कामद समेत 14 खिलाड़ियों सयुंक्त बढ़त पर

**भोपाल , मध्य प्रदेश (एजेंसी)।** विश्व शतरंज के 100 वर्ष होने के उपलक्ष्य में पूरी दुनिया में शतरंज के आयोजन हो रहे है और इसी क्रम में भोपाल में इस समय खेलो चैस इंडिया इंटरनेशनल रेटिंग टूर्नामेंट भी खेला जा रहा है । चेसबेस इंडिया द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट का आयोजन सेज इंटरनेशनल स्कूल कोलार में चल रहा है । 9 राउंड के इस टूर्नामेंट में तीन राउंड के बाद कुल 14 खिलाड़ी अपने तीनों मैच जीतकर सयुंक्त बढ़त पर चल रहे है ।



तीसरे राउंड में टूर्नामेंट की टॉप सीड कोलंबिया की एंजेला फ़्रांकों नें काले मोहरो से खेलते हुए गुजरात के अभिनव अय्यर को पराजित किया तो मध्य प्रदेश के कामद मिश्रा नें दूसरे बोर्ड पर सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए लंबे चले मुक़ाबले में प्रदेश के ही राम शर्मा को पराजित किया । तीसरे बोर्ड पर पर गुजरात के वेदान्त रूपेशभाई नें हरयाणा के शौर्य प्रताप सिंह को , चौंथे बोर्ड पर भोपाल के राजीव सिंह परिहार नें भोपाल के ही शंकर मूर्ति को तो पांचवें बोर्ड पर दिल्ली के श्रेसस नें राजस्थान के चिराग सुरेका को पराजित किया । अन्य खिलाड़ियों में मध्य प्रदेश के धर्मेश देल्वार, हर्षित डावर ,अनीश कुशवाहा ,नितिन जैन, कुशाग्र श्रीवास्तव , दिल्ली के जीवीबी श्रीकर ,शालीन मित्तल , राजस्थान के ओजस जोशी और हरयाणा के मिलिंद पारले भी अपने तीनों मैच जीतने में कामयाब रहे है ।

### वसीम अकरम ने पाकिस्तान टीम को जमकर लताड़ा

# शर्मनाक, हार पर यकीन नहीं कर पा रहा...

**डलास (एजेंसी)।** महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने अमेरिका के खिलाफ सुपर ओवर में मिली हार पर पाकिस्तान की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि अब टी20 विश्व कप के नॉकआउट चरण में जगह बनाना बाबर आजम की टीम के लिए कठिन होगा। अमेरिका ने भारतीय मूल के क्रिकेटरों के दम पर पाकिस्तान को सुपर ओवर में हराया। इस मैच में हार के बाद पाकिस्तान टीम की आलोचना हो रही है। शोएब अख्तार ने तो वीडियो शेयर करते हुए टीम को लताड़ लगाई है।

अकरम ने कहा, 'निराशाजनक प्रदर्शन। हार और जीत खेल का हिस्सा है लेकिन अंतिम गेंद पर लड़ना जरूरी है। पाकिस्तान क्रिकेट के लिए यह बुरा दिन था।' उन्होंने कहा, 'अब पाकिस्तान को सुपर आठ चरण में जगह बनाने के लिए जूझना होगा क्योंकि अब उसे भारत (नौ जून) के बाद दो और अच्छी टीमों (आयरलैंड और कनाडा) से खेलना है।'



### वसीम अकरम ने गिनाई पाकिस्तान क्रिकेट टीम की गलतियां

पाकिस्तान की 1992 विश्व कप जीत के नायक ने कहा कि मैच का निर्णायक मोड़ अमेरिका को शुरुआती विकेट मिलना था। उन्होंने कहा, 'मैच का निर्णायक मोड़ यही था कि अमेरिका ने शुरूआती विकेट चटकाए। पाकिस्तान के लिए बाबर और शादाब ने छोटी सी साझेदारी की लेकिन उनके अलावा कोई नहीं चला। फील्डिंग बहुत खराब थी। कुल मिलाकर प्रदर्शन अच्छा नहीं था।' रिवर्स स्विंग के सुल्तान ने कहा, 'मुझे और पाकिस्तान के हर प्रशंसक को यकीन था कि हम अमेरिका को हराएंगे। लेकिन सुपर ओवर में 18 रन देने के बाद उम्मीदें ध्वस्त हो गई।

### बाबर आजम ने किया स्वीकार, कहा- अमेरिका को हलके में लेना भारी पड़ा

**डलास (एजेंसी)।** अमेरिका के हाथों टी20 विश्व कप के पहले मैच में सुपर ओवर में मिली अप्रत्याशित हार से स्तब्ध पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने स्वीकार किया कि विरोधी टीम को हलके में लेना उनकी टीम पर भारी पड़ गया। अमेरिका ने टूर्नामेंट का पहला उलटफेर करते हुए पूर्व चैम्पियन और पिछले उपविजेता पाकिस्तान को सुपर ओवर में हराया।

पाकिस्तान को पिछले टी20 विश्व कप में जिम्बाब्वे ने हराया था और हाल ही में बाबर आजम की टीम द्विपक्षीय श्रृंखला में आयरलैंड से हारी है। बाबर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'किसी भी टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ तैयारी जरूरी होती है। यह मानसिकता की बात है। सहयोगी देशों जैसी टीम के खिलाफ आप चीजों को हलके में ले लेते हैं। उन्होंने कहा, 'आप अपनी रणनीति पर अमल नहीं कर पाते और सामने वाली टीम आपको हरा देती है। हमारे साथ यही हुआ। हमारी तैयारी अच्छी थी लेकिन मैच में हम रणनीति पर अमल नहीं कर सके।

उन्होंने कहा, 'मैं निराश हूं। हमने तीनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। हमने पहले छह ओवर का फायदा नहीं उठाया और दसवें ओवर के बाद लगातार विकेट गंवाते गए जिससे लय ही नहीं बन सकी। बल्लेबाजों को अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। उन्होंने गेंदबाजों के बारे में कहा, 'हम इससे बेहतर कर सकते थे। पहले छह ओवर में हम विकेट ही नहीं ले सके। बीच के ओवरों में स्पिनरों को विकेट नहीं मिलने से हम पर दबाव बना। पाकिस्तान को रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से खेलना है।



## पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ पर लगा गेंद से छेड़छाड़ का आरोप

**डलास (एजेंसी)।** अमेरिकी गेंदबाज रस्टी थेरोन ने पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ पर टी20 विश्व कप के मैच के दौरान गेंद से छेडखानी का आरोप लगाया है। थेरोन अमेरिकी टीम का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रऊफ ने दो ओवर पुरानी



गेंद पर नाखून लगाए जिससे उन्हें रिवर्स स्विंग मिलने लगी।

पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए खेल चुके 38 वर्ष के थेरोन ने इस कथित घटना पर आंख मूंदने के लिए आईसीसी को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, 'आईसीसी, क्या हम यह दिखावा कर रहे हैं कि पाकिस्तान ने नई बदली गई गेंद को खरोचा नहीं है। दो ओवर के बाद ही गेंद को रिवर्स स्विंग कैसे मिलने लगी। आप साफ देख सकते हैं कि हारिस रऊफ ने गेंद पर नाखून लगाया है। अमेरिका ने पाकिस्तान को सुपर ओवर में हराकर विश्व कप का पहला उलटफेर किया। रऊफ ने चार ओवर में 37 रन दे डाले।

## आज न्यूजीलैंड के सामने आईपीएल सितारों से भरी अफगानिस्तान की चुनौती

**प्रोविडेंस (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड की टीम टी20 विश्व कप में ग्रुप सी के मैच में शनिवार को आईपीएल सितारों से भरी अफगानिस्तान टीम के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी तो विरोधी को हलके में लेने की गलती करने से बचना होगा। न्यूजीलैंड को कठिन ग्रुप मिला है जिसमें दो बार की चैम्पियन मेजबान वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान जैसी टीमें हैं।

बारिश के कारण अभ्यास सत्र रद्द होने से न्यूजीलैंड की तैयारी पर असर पड़ा है। उसे पहले दो मैचों में अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज से खेलना है। अफगानिस्तान की टीम ने यहां पहला मैच जीता है और हालात से अच्छी तरह वाकिफ हो गई है। न्यूजीलैंड की ताकत हालांकि आईसीसी टूर्नामेंटों में हालात के अनुरूप तुरंत ढलना रही है और टीम पिछले कुछ साल में लगातार अच्छा प्रदर्शन करती आई है। उसके पास अनुभवी खिलाड़ियों के अलावा फिन एलेन और रचिन रविंद्र जैसे युवा खिलाड़ी भी है।

कागजों पर कीवी टीम बेहद मजबूत लग रही है जिसके पास बल्लेबाजी में गहराई और गेंदबाजी में विविधता है। नई गेंद ट्रेंट बोल्ट संभालेंगे जिनका साथ देने के लिये लॉकी फर्ग्युसन और टिम साउदी हैं। बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनेर ने भी वेस्टइंडीज में अच्छा प्रदर्शन किया है और उनका इकॉनॉमी रेट 5.5 रहा है। इस बीच अफगानिस्तान ने पहले मैच में युगांडा पर शानदार जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जदरान ने अच्छी शुरूआत दिलाई जबकि गेंदबाजी में फजलहक फारूकी, नवीनुल हक और कप्तान राशिद खान प्रभावी



### टीमें

**अफगानिस्तान** - राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नैब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक। रिजर्व- सेदिक अटल, हजरतुल्लाह जजई, सलीम सफी।

**न्यूजीलैंड** - केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, जिमी नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउथी। रिजर्व- बेन सियर्स।

मैच का समय - सुबह 5 बजे से।

## आज ऑस्ट्रेलिया को रोकने के लिए इंग्लैंड के गेंदबाजों को करना होगा बेहतर प्रदर्शन

ब्रिजटाउन (एजेंसी)। गत चैम्पियन इंग्लैंड को चिर प्रतिद्वंद्वी आस्ट्रेलिया के खिलाफ शनिवार को टी20 विश्व कप ग्रुप बी के मैच में अपनी गेंदबाजी में सुधार करना होगा। इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था लेकिन स्कॉटलैंड ने दस ओवर में बिना किसी नुकसान के 90 रन बना लिए थे। इससे इंग्लैंड की गेंदबाजी की कमजोरी उजागर हुई।

स्कॉटलैंड के सलामी बल्लेबाज जॉर्ज मुंसे और माइकल जोंस ने इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों को आसानी से खेला। ऐसे में डेविड वॉर्नर और मार्कस स्टोइनिस जैसे खतरनाक आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उन पर आसानी से दबाव बना सकते हैं। एक बार फिर जोफ्रा आर्चर पर फोकस होगा जिन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ दो ओवर में 12 रन दिए। गेंदबाजों के अलावा इंग्लैंड के बल्लेबाजों को भी एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। जोस बटलर ने आईपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन किया है। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने पैट कमिंस के बगैर भी ओमान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद को फाइनल तक ले जाने वाले कमिंस की जगह नाथन एलिस को उतारा गया था लेकिन मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ कमिंस को लाया जा सकता है।

ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी में एकमात्र कमजोर कड़ी ग्लेन मैक्सवेल का खराब फॉर्म है। ओमान के खिलाफ वह पहली गेंद पर आउट हो गए थे। ऑस्ट्रेलिया को इस मैच में उनके फॉर्म में लौटने की उम्मीद होगी।



### टीमें

**ऑस्ट्रेलिया** - मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम जाम्पा। रिजर्व- जेक फ्रेजर-मैकगर्क, मैट शॉर्ट।

**इंग्लैंड** - जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम कुरेन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपले, मार्क वुड।

मैच का समय - रात 10.30 से।



## विकास महाजन को ऑल इंडिया लैवल टेबल टैनिस चैम्पियनशिप में मिला पहला स्थान

हरियाणा पुणे में हुई 45वीं ऑल इंडिया इंटर इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड चैम्पियनशिप में पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन के विकास महाजन ने विजय पताका फहरा दी। करोना के कारण 5 साल बाद करवाई गई चैम्पियनशिप में पंजाब के प्लेयर्स ने टेबल टैनिस के सिंगल, डबल और टीम इवैंट में पहला स्थान हासिल किया। सिंगल फाइनल में विकास महाजन का मुकाबला अमृतसर के रोहित महाजन के साथ हुआ था, जिसमें विकास जीतने में सफल रहे। दोनों प्लेयरों ने पंजाब की ओर से डबल में टीम भी बनाई और गुजरात के प्लेयर्स को हराया। इसके बाद टीम इवैंट में भी गुजरात के प्लेयर्स ने पंजाब को टक्कर दी लेकिन विकास, रोहित और पटियाला के अरकम बेग की तिकड़ी ने उन्हें करारी मात देकर पहला स्थान अपने नाम कर लिया।

विकास महाजन जो कि योगा टीचर भी हैं, करीब 25 सालों से टेबल टैनिस खेल रहे हैं। चैम्पियनशिप जीतने के बाद वह इटली में 6 से 14 जुलाई तक होने वाली वर्ल्ड चैम्पियनशिप की तैयारी कर रहे हैं। वह अब तक 50 से ज्यादा विभिन्न चैम्पियनशिप में हिस्सा ले चुके हैं। श्रीलंका में हुई साऊथ एशियन चैम्पियनशिप में भी वह सिल्वर मैडल जीतकर लाए थे।

विकास ने अपनी फिटनेस का श्रेय योग को देते हुए कहा कि योग न केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, बल्कि यह हमारे दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है।

# करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री को मिली विदाई, भारत ने कुवैत से खेला ड्रॉ

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारत ने गुरुवार को यहां कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 का क्वालीफायर मैच ड्रॉ खेलकर अपने करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री को विदाई दी। भारत अगर जीत दर्ज करता तो छेत्री के लिए यह अच्छी विदाई होती क्योंकि इस मैच में ड्रॉ खेलने से उसकी क्वालीफायर्स के तीसरे दौर में पहुंचने की संभावनाओं को करारा झटका लगा है। इस मैच में ड्रॉ से अब भारत के पांच अंक हो गए हैं। उसे अपना अंतिम मैच 11 जून को एशियाई चैंपियन कतर के खिलाफ खेलना है। कुवैत के चार अंक हैं और वह उसी दिन अफगानिस्तान के खिलाफ मैच खेलेगा।

भारतीय फुटबॉल की पहचान रहे 39 वर्षीय छेत्री ने इस मैच के साथ ही 19 साल तक चले अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को भी अलविदा कहा। उन्होंने भारत की तरफ से 94 गोल किए। वह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक की गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में पुर्तगाल के सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो (128), ईरान के दिग्गज अली डेई (108) और अर्जेंटीना के करिश्माई खिलाड़ी लियोनेल



मेसी (106) के बाद चौथे स्थान पर हैं। भारत जैसे देश के किसी खिलाड़ी के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है तथा 16 मई को जब उन्होंने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की तो फीफा ने भी उनकी उपलब्धियों की सराहना की थी।

छेत्री को विदाई देने के लिए हजारों दर्शक स्टेडियम में पहुंचे थे। साल्ट लेक स्टेडियम की क्षमता 68000 दर्शकों की है और पूरा स्टेडियम खचाखच भरा था। इनमें उनके पिता खरगा और माता सुशीला तथा पत्नी सोनम भट्टाचार्य के अलावा कई अधिकारी और पूर्व खिलाड़ी भी शामिल थे। दर्शकों को हालांकि आखिर में यह मलाल रह गया कि छेत्री अपने अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच में गोल नहीं कर पाए। छेत्री हालांकि क्लब फुटबॉल में खेलते रहेंगे। उनका इंडियन सुपर लीग की टीम बेंगलुरू एफसी के साथ अगले साल तक अनुबंध है। छेत्री ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच 12 जून 2005 को पाकिस्तान के खिलाफ क्वेटा में खेला था। वह मैच 1-1 से ड्रॉ छूटा था। छेत्री ने उस मैच में गोल किया था लेकिन गुरुवार को वह ऐसा करिश्मा नहीं दिखा पाए।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शनिवार, 08 जून, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### 10 जून को दिनभर बंद रहेगा खाटू श्याम मंदिर

**सीकर, एजेंसी।** राजस्थान की सीकर जिला स्थित खाटू श्याम मंदिर तिलक और विशेष सेवा पूजा के चलते 10 जून को खाटू श्याम मंदिर का दरबार आमजन के लिए बंद रहेगा। श्री श्याम मंदिर कमेटी के मंत्री श्याम सिंह चौहा के मुताबिक 9 जून की रात 10 बजे श्याम मंदिर के कपाट बंद हो जाएंगे। अगले दिन सोमवार को 10 जून की शाम 5 बजे खुलेंगे। बता दें खाटू श्याम मंदिर में लाखों श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं।श्याम बाबा को हारे का सहारा और तीन बाण धारी कहा गया है। लोग अपनी मनोकामना लेकर खाटूश्याम जी के दर्शन करने के लिए आते हैं। 9 जून को बाबा श्याम जी की विशेष सेवा और पूजा होगी। तिलक और श्रृंगार की वजह से पूरे दिन मंदिर बंद रहेगा। भक्त लखतादार के दर्शन नहीं कर पाएंगे। श्याम मंदिर कमेटी ने बताया कि 9 जून को रात 10 बजे से अगले दिन 10 जून को शाम 5 बजे तक कपाट बंद रहेंगे। मंदिर कमेटी ने भक्तों से अपील की है कि शाम 5 बजे बाद दर्शन करने आएं।

### अगर शाहरुख ख़ान मेरी बायोपिक में मेरे प्रेमी की भूमिका निभाते हैं, तो अपनी भूमिका मैं खुद ही करूंगी

**मुंबई, एजेंसी।** नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो में पिछले हफ़्ते रील स्पोर्ट्स जोड़ी - मिस्टर और मिसेज माही का पिछले एपिसोड में शानदार प्रदर्शन देखने के बाद, इस हफ़्ते दर्शक हमारे देश के गौरवशाली पदक विजेताओं - मैरी कॉम, सायना नेहवाल, सिफ्त कौर सामरा और सानिया मिर्ज़ा द्वारा पेश किए गए कुछ वास्तविक शॉट्स का मज़ा ले सकते हैं। सीज़न का 11वां एपिसोड पूरी तरह से मेहमानों के बेबाक अंदाज़ और मस्ती मज़ाक से भरपूर है।अपनी हाज़िर जवाबी और मज़ाकिया अंदाज़ के लिये जानी जाने वाली सानिया मिर्ज़ा ने अपनी बायोपिक के बारे में खुलकर बातें करते हुए बताया कि अगर उनकी बायोपिक बनती है तो उनके प्रेमी और उनकी (सानिया की) भूमिका कौन निभा सकता है। सानिया से उनकी पसंद के बारे में पूछते हुए कपिल शर्मा ने सवाल किया, मैरी कॉम की बायोपिक में प्रियंका चोपड़ा ने उनका किरदार निभाया था। सायना की बायोपिक में उनका किरदार परिणति चोपड़ा ने निभाया था। सानिया, अगर कोई आपकी बायोपिक बनाता है, तो आपको क्या लगता है कि कौन आपकी भूमिका के साथ न्याय कर सकता है? अपने स्वाभाविक अंदाज़ में सानिया मिर्ज़ा पूछती हैं, क्या उनकी कोई तीसरी बहन है? मुझे लगता है कि हमारे देश में कई अच्छी अभिनेत्रियाँ हैं, कोई भी कर सकती है, या फिर मुझे खुद ही करना चाहिए? एक पुरानी घटना के बारे में बात करते हुए कपिल शर्मा ने प्रतिक्रिया दी, क्या मैं तुम्हें कुछ बताऊँ? मुझे यकीन है तुम इस बारे में ज़रूर जानती होगी। एक बार एक इंटरव्यू में शाहरुख खान ने कहा था कि अगर सानिया मिर्जा पर कोई बायोपिक बनती है तो मैं उनके प्रेमी की भूमिका निभाना चाहूँगा। क्या तुम किसी अन्य अभिनेत्री को अपनी भूमिका करने देंगी या आप खुद ही यह भूमिका निभाएँगी?

### बहू ने ही करवा दी ससुर की हत्या; गिरफ्तार

**नागपुर, एजेंसी।** नागपुर में कारोबारी पुरुषोत्तम पुट्टेवार की हत्या के मामले में उनकी बहू को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच में पता चला है कि 82 साल के पुट्टेश्वर की बहू ने ही उनकी हत्या की सुपारी दी थी। दरअसल 22 मई को कार से ठोकर लगने के बाद उनकी मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा नहीं बल्कि हत्या थी। पुलिस का कहना है कि 300 करोड़ की संपत्ति को लेकर उनकी बहू ने ही हत्या की सुपारी दी थी। मृतक कारोबारी की बहू अर्चना पुट्टेवार गड़चिरोली और चंद्रपुर टाउन प्लानिंग डिपार्टमेंट की असिस्टेंट डायरेक्टर हैं। वह पुरुषोत्तम के बेटे और ईएनटी सर्जन मनीष की पत्नी हैं। मनीष ने पुलिस को बताया था कि उनके पिता की मौत एक सड़क हादसे में हुई है। पुरुषोत्तम पैदल ही अपनी बेटी के घर की ओर जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही कार ने उन्हें ठोर मारी। उनको गंभीर चोट आई थी। बाद में डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हालांकि जांच में पता चला कि यह योजना के साथ की गई हत्या थी। पुलिस के सूत्रों का कहना है कि अर्चना ने ही कई करोड़ की संपत्ति विवाद को लेकर पुरुषोत्तम की हत्या करवा दी। सार्थक बागडे से कहकर सुपारी किलर का इंतजाम किया था।

# जेवर एयरपोर्ट और एयर कार्गो के लिए रेलवे वाला प्लान

### 58 गांवों से गुजरेगा ट्रैक

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को देशभर के अन्य हिस्सों से जोड़ने के लिए तैयार हो रही मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी में एक और नई कड़ी जुड़ेगी। जेवर खादर और चांदहट के बीच रेलमार्ग पर एयर कार्गो के लिए अलग टर्मिनल बनेगा। इसके बनने से एयर कार्गो को देशभर में आसानी से भेजा जा सकेगा।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अधिकारी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर लॉजिस्टिक और एविएशन हब बनेगा। यहां विमानों से जुड़े तमाम पार्ट्स बनाए जाएंगे। सितंबर अंत तक एयरपोर्ट से विमानों की उड़ान प्रस्तावित है। ऐसे में यात्रियों के साथ ही माल की आवाजाही के लिए सुगम यातायात की व्यवस्था की जा रही है। एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल को सड़क के जरिये यमुना और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने का काम चल रहा है।

अब इसे दिल्ली-हावड़ा और दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग से भी जोड़ा जाएगा, ताकि एयरपोर्ट से सामान को देशभर के अलग-अलग राज्यों और शहरों में भेजा जा सके। इस




परियोजना की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) में जेवर खादर और चांदहट के बीच अलग टर्मिनल बनाने का प्रस्ताव रखा गया है। दादरी के बोड़ाकी में मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब प्रस्तावित है। यहां ट्रेन, मेट्रो, अंतरराज्यीय बस अड्डा की सुविधाएं विकसित होनी हैं। बोड़ाकी के पास रेलवे टर्मिनल बनेगा। इसके बनने के बाद पूर्व की ओर जाने वाली अधिकतर ट्रेनें यहीं से चलेंगी। ग्रेटर नोएडा और उसके आसपास रहने वालों को पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल के लिए ट्रेनें यहीं से मिल जाएंगी। उन्हें दिल्ली, नई दिल्ली और आनंद विहार रेलवे स्टेशन जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। दिल्ली-हावड़ा और दिल्ली-मुंबई रेलवे लाइन जुड़ने से एयरपोर्ट आना भी आसान हो जाएगा। यह रेलवे ट्रैक एनसीआर के 58 गांवों से गुजरेगा। परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए 45 जगहों पर रेल लाइन को सड़क के ऊपर से निकाला जाएगा। 61 किमी रेल लाइन को यमुना एक्सप्रेसले सहित अहम सड़कों से क्रॉस किया जाएगा, लेकिन ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे इस ट्रैक को दूर हो रखा जाएगा। हरियाणा के रुंधी से चांदहट के बाद रेलमार्ग को नोएडा एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए यमुना पर 350 करोड़ रुपये की लागत से ब्रिज बनेगा।

# पूर्व सांसद आनंद मोहन ने नई सरकार से रेल मंत्रालय देने की मांग की



**पटना , एजेंसी।** दिल्ली में एक ओर जहां एनडीए सरकार बनाने की कवायद चल रही है, वहीं दूसरी ओर दबाव की रणनीति भी बनाई जा रही है। इस बीच, पूर्व सांसद और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी आनंद मोहन ने बिहार के हिस्से रेल मंत्रालय देने की मांग की है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि बिहार को रेल मंत्रालय की मांग उचित है। यह मंत्रालय कई बार बिहार के हिस्से रहा है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी रेल मंत्री रह चुके हैं और स्वर्गीय दिग्विजय सिंह सहित कई नेता रेल मंत्री का दायित्व निभा चुके हैं। उनके समय से जो काम अधूरे रहे हैं वो अगर पूरे करने हैं तो बिहार को रेल मंत्रालय चाहिए। पूर्व सांसद आनंद मोहन की पत्नी लवली आनंद ने शिवहर संसदीय सीट से जदयू उम्मीदवार के तौर पर जीत दर्ज की है। जदयू के वरिष्ठ नेता के. सी. त्यागी के बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग के विषय में पूछे जाने पर आनंद मोहन ने कहा कि वे अनुभवी नेता हैं और अगर उन्होंने कहा है तो ठीक ही कहा होगा।

आनंद मोहन ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले 16 सालों में बिहार को 'जंगल-राज' से बाहर निकाला और विकासशील बिहार बनाया। अगर हम इसे विकसित बनाना चाहते हैं, तो 'विशेष' राज्य की मांग पूरी होनी चाहिए। पूर्व सांसद ने कहा कि अयोध्या में चुनाव के दौरान क्या हुआ, मुझे नहीं मालूम लेकिन, अयोध्या की तर्ज पर सीतामढ़ी में जानकी माता की जन्मस्थली पर भव्य मंदिर बनना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव में एनडीए को सरकार बनाने के लिए जनादेश मिला है। हालांकि इस बार भाजपा के पास अकेले बहुमत नहीं है। इस कारण नई सरकार बनाने में घटक दलों की भूमिका बढ़ गई है।

# जब तक जेल में हैं केजरीवाल, आप का संघर्ष रहेगा जारी

### सीएम आवास में बैठक के बाद बोले गोपाल राय

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर गुरुवार को हुई बैठक में लोकसभा चुनाव के साथ आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई। इसके बाद आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा, ऐसा नहीं है कि गठबंधन से फायदा नहीं हुआ है। गठबंधन से हार का अंतर कम हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पार्टी में निराशा का भाव फैल गया था। इसके बाद भी हमारे कार्यकर्ताओं, विधायकों, पार्षदों ने एकजुट होकर मजबूती से चुनाव लड़ा है। हमने तय किया है कि जब तक केजरीवाल जेल में हैं, हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

गोपाल राय ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मिले जनादेश को लेकर पार्टी की बहुत चर्चा हुई। दिल्ली के अधिकारों को लेकर केंद्र सरकार जिस तरह हमले बोल रही थी, चुनी हुई सरकार के अधिकारों को छीन रही है, चुने हुए मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को जेल में डाल दिया है। अब जनता के जनादेश के बाद हमारी उम्मीद जगी है और हमें यकीन है कि केंद्र सरकार अपने फैसलों पर पुनर्विचार करेगी। पार्टी ने आगामी 13 जून को प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है। पार्टी नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री जेल में रहते हुए जितने भी संदेश देंगे उन्हें जनता तक पहुंचाया जाएगा। सीएम का आदेश है कि भीषण गर्मी में दिल्ली में जलापूर्ति में कमी नहीं होनी चाहिए।



दिल्ली कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव से पहले संगठन की मजबूती पर जोर देगी। पार्टी कार्यालय पर गुरुवार को हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर अपनी पकड़ और मजबूत करनी होगी। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया प्रदर्शन सराहनीय रहा और पिछले चुनाव के मुकाबले राजधानी में कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़ने के साथ ही कई विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवारों को भारी समर्थन मिला है। उन्होंने आगामी चुनाव से पहले संगठन को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर पार्टी की विचारधारा और क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को लोगों में पहचान बनाने की जरूरत है। हर बूथ पर सक्रियता के साथ काम करना होगा।

### यूरोप से संयुक्त अरब अमीरात जा रहे जहाज के पास फिर विस्फोट, लाल सागर में हूती लड़ाकों का आतंक

**दुबई, एजेंसी।** इस्राइल और हमास युद्ध के बीच यमन के हूती लड़ाके लाल सागर में आतंक फैला रहे हैं। गुरुवार को भी मोखा शहर में एक व्यापारिक जहाज के पास विस्फोट किया गया। वहीं, समुद्र में एक अन्य जगह भी विस्फोट की घटना की सूचना है, जिसकी ब्रिटिश अधिकारी जांच कर रहे हैं। बता दें कि हूतियों द्वारा नवंबर से लाल सागर, बाब अल-मंदाब जलडमरूमध्य और अदन की खाड़ी के महत्वपूर्ण शिपिंग चैनलों में जहाजों पर बार-बार ड्रोन और मिसाइल हमले किए जा रहे हैं। गुरुवार को भी जहाज पर हमले का मामला सामने आया है। एक व्यापारिक जहाज ने जानकारी दी कि यमन के बंदरगाह शहर मोखा से लगभग 19 समुद्री मील पश्चिम में लाल सागर में उसके पास विस्फोट हुआ। इसके अलावा, यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) ने भी कहा कि उसे मोखा से 27 समुद्री मील दक्षिण में एक घटना की रिपोर्ट मिली है, जिसकी अधिकारी जांच कर रहे हैं। एक निजी सुरक्षा फर्म ने बताया कि एक व्यापारिक जहाज यूरोप से संयुक्त अरब अमीरात जा रहा था। जिस समय जहाज के पास विस्फोट हुआ, उस समय यह ऑटोमेटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम सिग्नल नहीं भेज रहा था। उसने कोई अन्य विवरण नहीं दिया। अम्ब्रे और यूकेएमटीओ द्वारा रिपोर्ट की गई दोनों घटनाएं एक ही थीं या नहीं, यह अभी स्पष्ट नहीं है। सुरक्षा फर्म का कहना है कि हूतियों द्वारा जहाजों पर किए जा रहे लगातार हमलों से जहाज वाहकों को अपना माल दक्षिणी अफ्रीका के आसपास लंबी और अधिक महंगी यात्राओं पर भेजने के लिए बाध्य होना पड़ा है।

# सूडान एक कृषि गांव, जहां अन्न भंडार था, वहां अब लाशों का ढेर लगा

**खारतूम , एजेंसी।** सूडान के वद अल-नूरा गांव में रैपिड सपोर्ट फोर्स (आर.एस.एफ.) द्वारा किए गए हमले में दर्जनों लोगों की मौत हो गई है। यह हमला सूडान के अन्न भंडार क्षेत्र में स्थित गांव पर किया गया, जिससे एक साल से चल रहे क्रूर युद्ध में बड़ी संख्या में नागरिक हताहत हुए हैं।

बुधवार को जजीरा प्रांत के वद अल-नूरा गांव पर आर.एस.एफ. द्वारा हमला किए जाने के बाद लगभग 50 लोगों के शवों को सामूहिक अंतिम संस्कार के लिए रखा गया, जबकि सैकड़ों ग्रामीण उन्हें देख रहे थे। इस हमले में दर्जनों बच्चों सहित कम से कम 104 लोग मारे गए। इस हमले की सटीक परिस्थितियों पर विवाद है, लेकिन बड़ी संख्या में लोगों की मौत और सामूहिक दफन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर प्रसारित हुई और न्यूयॉर्क टाइम्स द्वारा सत्यापित की गई।

इस हमले की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा की गई। सूडान में संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अधिकारी क्लेमेंटाइन एनक्वेटा-सलामी ने एक बयान में कहा, सूडान के संघर्ष के दुखद मानकों के अनुसार भी, वद अल-नूरा से उभरने वाली तस्वीरें



दिल दहला देने वाली हैं। ब्रिटिश विदेश सचिव डेविड कैमरन ने सोशल मीडिया पर लिखा, दुनिया देख रही है।

जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। स्थानीय प्रतिरोध समिति ने इस घटना को नरसंहार बताया और कहा कि कम से कम 104 लोग मारे गए। उन्होंने राष्ट्रीय सेना को उन्हें बचाने में विफल रहने का दोषी ठहराया। वद अल-नूरा के लोगों ने सेना से उन्हें बचाने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने मंनाक तरीके से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। आर.एस.एफ. ने एक बयान में स्वीकार किया कि इसके बलों ने वद अल-नूरा पर गोलीबारी की थी, लेकिन कहा कि वे गांव के आसपास सैन्य ठिकानों पर हमला कर रहे थे, और लड़ाई में आठ सैनिक मारे गए थे। यूनिसेफ की प्रमुख कैथरीन रसेल ने एक बयान में कहा कि वह हिंसा में कम से कम 35 बच्चों के मारे जाने और 20 के घायल होने की रिपोर्ट से भयभीत हैं। उन्होंने युद्धरत पक्षों से अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का पालन करने का आह्वान किया। सूडान के सेना प्रमुख जनरल अब्देल फत्ताह अल-बुरहान ने गुरुवार को हमले में घायल ग्रामीणों से मुलाकात की। पास के शहर अल मनागिल के एक अस्पताल में बोलते हुए उन्होंने कहा कि सेना हत्याओं के लिए आर.एस.एफ. को कठोर जवाब देगी। यह गांव एक कृषि क्षेत्र में है जो कभी सूडान का अन्न भंडार था, लेकिन अब एक विशाल युद्ध का मैदान बन गया है। आर.एस.एफ. ने दिसंबर में जज़ीरा प्रांत की क्षेत्रीय राजधानी वद मदनी पर कब्जा कर लिया, जो सूडान की सेना को नुकसान में डालने वाली जीत की एक आश्चर्यजनक श्रृंखला का हिस्सा था।

# मंगल पर बस्ती बसाने का सपना होगा पूरा ! एलन मस्क के स्टारशिप को मिली बड़ी कामयाबी

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
मून और मंगल मिशन के लिए बनाए गए दुनिया के सबसे वीइकल स्टारशिप का चौथा टेस्ट कामयाब रहा है। गुरुवार को टेस्ट फ्लाइट के बाद इसे हिंद महासागर में सफलतापूर्वक गिराया गया। हालांकि समंदर में गिरते वक्त इसके कुछ हिस्से अलग हो गए और जलते हुए समंदर में गिरने लगे। रॉकेट में लगे कैमरे ने ही इसका वीडियो बना लिया। स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने सोशल मीडिया पर इस टेस्ट को कामयाब बताया और कहा, कई टाइल्स और फ्लैप के नुकसान के बाद भी स्टारशिप ने महासागर में सॉफ्ट लैंडिंग करके कामयाबी हासिल कर ली है। उन्होंने कहा, दूसरे ग्रह पर जीवन बसाने की ओर यह एक बड़ा कदम है।

बता दें कि अब तक के इस सबसे शक्तिशाली रॉकेट को कंपनी के स्टारबेस



बोका चिका, टेक्सास से सुबह 7 बजकर 50 मिनट पर लॉन्च किया था। इस स्टारशिप को अंतरिक्ष में भेजा गया और फिर वापस पृथ्वी पर लाया गया। इस टेस्ट का उद्देश्य यही था कि पता लगाया जाए कि स्टारशिप अंतरिक्ष में जाने के बाद जब दोबारा पृथ्वी का वातावरण में लौटता है तो सर्वाइव कर पाता है या नहीं। कंपनी स्पेसएक्स ने भी सोशल मीडिया पर बताया कि पानी में लैंडिंग एकदम सफल रही है और इसके लिए स्पेसएक्स की टीम को बधाई।

मंगल पर कॉलोनी बसाने का सपना देखने वाले एलन मस्क के लिए यह मिशन बहुत ही अहम था। यह रॉकेट पूरी तरह से रीयूजेबल है। एलन मस्क की कंपनी ने इसे बनाया है। स्टारशिप दरअसल एक स्पेसक्राफ्ट और सुपर हैवी बूस्टर का मिलाजुला रूप है। यह 150 मीट्रिक टन तक का भार अपने साथ ले जा सकता है। जानकारी के मुताबिक इसे इस तरह से तैयार किया गया है कि एक बार में कम से कम 100 लोगों को मंगल ग्रह तक ले जा सके। यह चौथा टेस्ट था और इसकी अवधि 1 घंटा 5 मिनट और 48 सेकंड थी। इस ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम में 6 रैप्टर इंजन और सुपर हैवी में 33 रैप्टर इंजन का इस्तेमाल किया गया है। इससे पहले तीसरा टेस्ट सफल नहीं हो पाया था। इस स्टारशिप को पृथ्वी के वातावरण में एंट्री कराते ही संपर्क टूट गया था। वहीं 18 नवंबर 2023 को स्टारशिप को दूसरा टेस्ट करवाया गया था। यह पृथ्वी की तरफ आ ही नहीं पाया था। 3.2 मिनट के बाद ही 90 किलोमीटर ऊपर यह फट गया था। वहीं स्टारशिप को भी 148 किलोमीटर ऊपर नष्ट करना पड गया। पहले टेस्ट 20 अप्रैल 2023 को कराया गाय था। उड़ान भरने के चार मिनट बाद ही इसमें विस्फोट हो गया था और मेक्सिको की खाड़ी के पास गिर गया था।

### टीवी, कूलर, किचन और जिम: जेल में बंद इमरान खान को मिल रही लग्जरी सुविधाएं

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है कि जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के पास उनकी कोठरी के बगल में टहलने की जगह, एक कूलर, एक टीवी, एक अलग रसोईघर, व्यायाम के लिए उपकरण और अन्य सुविधाएं हैं। 71 वर्षीय खान पिछले साल सितंबर से रावलपिंडी की हाई सिक्योरटी वाली अदियाला जेल में कैद हैं। उन्हें जिला जेल अटक से इस जेल में स्थानांतरित कर दिया गया था, जहां उन्हें तोशखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद 5 अगस्त 2023 को गिरफ्तारी के बाद रखा गया था। 30 मई को एक मामले में सुप्रीम कोर्ट में पेश होते हुए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक ने मुख्य न्यायाधीश से शिकायत की थी कि वह एकांत कारावास में रह रहे हैं और सरकार ने वकीलों और परिवार से उनकी मुलाकात पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को सौंपे गए जवाब में उनके द्वारा प्राप्त सुविधाओं की एक सूची प्रदान करके उनके दावों को खारिज कर दिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129